रविवार, 19 जुलाई 2026

**मौसम**



| | |
|---|---|
| तापमान | 27 – 31 |
| आर्द्रता | 82% |
| सूर्योदय: 05:02 | सूर्यास्त: 18:23 |

विश्वानि देव सवितर्दुरितानि परासुव। यद् भद्रं तन्न आ सुव।।
www.samagya.in
# समाज्ञा



निर्णायक वनडे में रोहित पर रहेंगी निगाहें, लॉर्ड्स में भारत-इंग्लैंड की कड़ी टक्कर आज पृष्ठ 7

स्थानीय खबरें पृष्ठ तीन, चार और पांच पर

कोलकाता, आषाढ़ शुक्लपक्ष षष्ठी, वि.स. 2083, पृष्ठ 8, मूल्य 4.00 रुपये

**सुविचार :** बारिश की ये फुहारें कहती हैं हर दर्द को बहा दो।

# राजारहाट में संदिग्ध बम धमाके से दहला इलाका, एक व्यक्ति घायल

### कमरे से दो जिंदा बम बरामद, एनआईए ने घटनास्थल का किया दौरा

### मुख्य आरोपित गिरफ्तार, तीन लोगों को हिरासत में लिया गया





**कोलकाता, समाज्ञा :** न्यू टाउन स्थित राजारहाट में हुए विस्फोट में एक इमारत आंशिक रूप से क्षतिग्रस्त हो गई। पुलिस को संदेह है कि यह घटना देसी बम बनाने में इस्तेमाल होने वाले विस्फोटकों के कारण हुई। पुलिस ने बताया कि इस मामले में मुख्य संदिग्ध शमीम उर्फ सलीम को शनिवार को गिरफ्तार किया गया। वह उत्तर 24 परगना जिले के कमरहट्टी इलाके का रहने वाला है और घटना के बाद से फरार था। उन्होंने बताया कि पूछताछ के लिए तीन अन्य लोगों को भी हिरासत में लिया गया, जिनमें उस संपत्ति का मकान-मालिक भी शामिल है। शुक्रवार की शाम राजा-रहाट के दक्षिण नारायणपुर इलाके में हुए इस विस्फोट में कम से कम एक व्यक्ति घायल हो गया और इस घटना से इमारत के निवासियों और आसपास के लोगों में दहशत फैल गई। शनिवार की दोपहर एनआईए की एक टीम ने घटनास्थल का दौरा किया, धमाके वाली जगह का मुआयना किया और राजारहाट के घनी आबादी वाले सुपारीबागान इलाके के स्थानीय लोगों से बातचीत की। अधिकारियों ने बताया कि केंद्रीय एजेंसी ने घटना का स्वतः संज्ञान लेते हुए विस्फोट के बाद प्रारंभिक जांच की है और अपनी रिपोर्ट केंद्रीय गृह मंत्रालय को सौंपेगी, हालांकि मामले की जांच की जिम्मेदारी फिलहाल न्यू टाउन थाने के पास ही है। एक अधिकारी ने कहा कि रिपोर्ट के आधार पर गृह मंत्रालय यह फैसला करेगा कि मामले की जांच राष्ट्रीय अन्वेषण अभिकरण (एनआईए) को सौंपी जाए या नहीं। इससे पहले, अग्निशमन सेवा, राज्य पुलिस के विशेष कार्य बल (एसटीएफ) और बम निरोधक दस्ते के कर्मी शनिवार को प्रभावित इमारत में तलाशी और सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए मौके पर पहुंचे। पुलिस के एक अधिकारी ने कहा कि हमने दो बम बरामद किए हैं, लेकिन अभी यह स्पष्ट नहीं है कि वे सक्रिय हैं या निष्क्रिय। निर्धारित प्रक्रिया के तहत उन्हें निष्क्रिय किया जाएगा। पुलिस ने बताया कि घटनास्थल से कई देसी बमों के अवशेष और विस्फोटक बनाने में इस्तेमाल होने वाली सामग्री भी बरामद की गई है। जिस इमारत में विस्फोट हुआ उसके मालिक जुल्फिकार अंसारी ने बताया कि सलीम नामक व्यक्ति ने हाल ही में एक स्थानीय बिचौलिए के माध्यम से उनसे इमारत में एक कमरा किराये पर लेने के लिए संपर्क किया था। इस इमारत में अन्य किरायेदार भी रहते हैं। अंसारी ने बताया कि दोनों पक्षों के बीच अभी तक कोई लिखित किरायानामा नहीं हुआ था, लेकिन उन्होंने कमरे की सफाई के उद्देश्य से सलीम को वहां आने की अनुमति दी थी। पुलिस ने फरार संदिग्ध के बारे में जानकारी जुटाने के लिए शहंशाह को हिरासत में लिया है। इमारत के भीतर लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज से पता चला कि शुक्रवार की रात करीब 8 बजे एक स्थानीय युवक ने उस कमरे में सफेद रंग का जूट का बैग रखा था, जिसे किराये पर दिया जाना था। इसके कुछ ही मिनट बाद विस्फोट हो गया। युवक ने पुलिस को बताया कि यह बैग उसे सलीम नामक व्यक्ति ने दिया था। सलीम ने उसे कमरे की चाबी देते हुए कहा था कि बैग को उसके कमरे में रख दे और बताया था कि उसमें खाने-पीने का सामान है।

# अमित शाह ने सिलीगुड़ी के पास बीएसएफ चौकी पर सीमा सुरक्षा की समीक्षा की, जवानों से किया संवाद



### गृह मत्री ने 77.06 करोड़ रुपये की विकास परियोजनाओं का किया उद्घाटन

**सिलीगुड़ी :** केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने शनिवार को उत्तर बंगाल में संवेदनशील अंतरराष्ट्रीय सीमा पर बाड़ से लगे क्षेत्र में सुरक्षा व्यवस्था की समीक्षा की और सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) के लिए 77.06 करोड़ रुपये की विकास परियोजनाओं का उद्घाटन किया। गृह मंत्रालय के एक बयान के अनुसार, अमित शाह ने स्वदेशी और अत्याधुनिक सीमा सुरक्षा प्रौद्योगिकियों का निरीक्षण किया। इनमें रेडियो आधारित बाड़-उल्लंघन पहचान प्रणाली भी शामिल है। उन्होंने बीएसएफ की 47 करोड़ रुपये की लागत वाली तीन परियोजनाओं की डिजिटल तरीके से आधारशिला भी रखी। इसके अलावा, राज्य में दो सीमा चौकियों के लिए हाल ही में अधिग्रहित भूमि पर 30 करोड़ रुपये की लागत से चार किलोमीटर लंबी सीमा बाड़ के निर्माण कार्य का भी शिलान्यास किया। शाह उत्तर बंगाल के सिलीगुड़ी शहर के बाहरी इलाके में फुलबाड़ी सीमा चौकी के जुमागाछ क्षेत्र स्थित बीएसएफ की 18वीं बटालियन की सीमा चौकी पहुंचे थे। वहां उन्होंने बीएसएफ के जवानों से बातचीत की, सीमा बाड़ के पास स्थित निगरानी मीनार का दौरा किया और एक पौधा भी लगाया। उन्होंने बीएसएफ के 'प्रहरी सम्मेलन' में भी हिस्सा लिया और जवानों से बातचीत की। उनके साथ मुख्यमंत्री शुभेंदु अधिकारी भी थे। इस दौरान मुख्य सचिव मनोज कुमार अग्रवाल, गृह सचिव संघमित्रा घोष, बीएसएफ महानिदेशक प्रवीण कुमार, राष्ट्रीय अन्वेषण अभिकरण (एनआईए) महानिदेशक राकेश अग्रवाल और राज्य के पुलिस महानिदेशक सिद्ध नाथ गुप्ता, गुप्तचर ब्यूरो के संयुक्त निदेशक भी थे।

### चिकन नेक की होगी अभेद्य सुरक्षा-व्यवस्था, गृह मंत्री ने अधिकारियों को दिया निर्देश

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए शाह ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार देश की सीमाओं को अभेद्य बनाने के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने कहा कि मोदी सरकार सीमाओं को और मजबूत बनाने के लिए चतुर्भुज सुरक्षा ग्रिड स्थापित कर रही है। उन्होंने कहा कि देश की सीमाओं की रक्षा करने वाले सुरक्षा बलों के जवानों और उनके परिवारों का कल्याण सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकताओं में है। शाह ने कहा कि 'हम 'स्मार्ट बॉर्डर' की अवधारणा को लागू करके राष्ट्रीय सीमाओं को पूरी तरह सुरक्षित बनाने और घुसपैठ रोकने की दिशा में काम कर रहे हैं। बाद में, शाह ने सचिवालय की उत्तर बंगाल शाखा 'उत्तर कन्या' में राज्य सरकार के अधिकारियों और केंद्रीय सुरक्षा बलों के बीच सीमा प्रबंधन तथा अन्य प्रशासनिक मुद्दों पर समन्वय बैठकों की अध्यक्षता की। इन बैठकों में पश्चिम बंगाल में नए आपराधिक कानूनों के क्रियान्वयन और जन्म एवं मृत्यु पंजीकरण जैसे विषयों पर भी चर्चा हुई। सूत्रों के अनुसार, शाह ने घुसपैठ पर रोक लगाने के लिए निर्धारित समयसीमा के भीतर सीमा पर बाड़ लगाने का कार्य पूरा करने पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि अशांत क्षेत्रों में तीन-स्तरीय बाड़ स्थापित की जाए और आवश्यकता पड़ने पर इस कार्य के लिए आधुनिक उपकरणों का इस्तेमाल किया जाए। सूत्रों ने बताया कि गृह मंत्री ने क्षेत्र की भूराजनैतिक संवेदनशीलता को देखते हुए 'चिकन नेक' (सिलीगुड़ी कॉरिडोर) की सुरक्षा व्यवस्था के विभिन्न पहलुओं पर भी विस्तार से चर्चा की।

### राम मंदिर चढ़ावा चोरी की जांच संबंधी याचिकाओं पर 20 जुलाई को सुनवाई करेगा उच्चतम न्यायालय

**नयी दिल्ली :** अयोध्या स्थित राम मंदिर में चढ़ावे की कथित चोरी की निष्पक्ष और समयबद्ध जांच की मांग संबंधी याचिकाओं के एक समूह पर उच्चतम न्यायालय 20 जुलाई को सुनवाई करेगा। उच्चतम न्यायालय की 20 जुलाई की वाद सूची के अनुसार, इस मुद्दे से संबंधित चार अलग-अलग याचिकाओं पर प्रधान न्यायाधीश सूर्यकांत तथा न्यायमूर्ति जॉयमाल्या बागची और न्यायमूर्ति वी. मोहना की पीठ सुनवाई करेगी। शीर्ष अदालत ने 13 जुलाई को इन याचिकाओं पर सुनवाई के लिए सहमति जताते हुए उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा मामले की जांच के लिए गठित विशेष जांच दल (एसआईटी) को वस्तु स्थिति रिपोर्ट अदालत के समक्ष प्रस्तुत करने का निर्देश दिया था। पीठ ने इस मामले में श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट को भी नोटिस जारी कर उसका जवाब मांगा था। उच्चतम न्यायालय ने कहा था, ''कुछ रिट याचिकाओं में यह कहा गया है कि इस मामले में पहले ही कुछ प्राथमिकी दर्ज की जा चुकी हैं और जांच के लिए एक एसआईटी का गठन किया गया है। इसलिए हम उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा गठित एसआईटी को निर्देश देते हैं कि वह इस न्यायालय में वस्तु स्थिति रिपोर्ट प्रस्तुत करे।''

# देश के पहले निजी कक्षीय रॉकेट ने तकनीकी पेलोड को सफलतापूर्वक कक्षा में स्थापित किया



**श्रीहरिकोटा (आंध्र प्रदेश) :** भारत में निजी क्षेत्र द्वारा विकसित पहले कक्षीय रॉकेट 'विक्रम-1' ने शनिवार को कई तकनीकी पेलोड और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के पोस्टकार्ड सहित विभिन्न पोस्टकार्ड को सफलतापूर्वक पृथ्वी की निचली कक्षा में पहुंचा दिया। 'मिशन आगमन' नाम से संचालित इस मिशन के साथ भारत के निजी अंतरिक्ष क्षेत्र ने पहली बार उपग्रहों को पृथ्वी की कक्षा में स्थापित करने वाले वैश्विक बाजार में औपचारिक रूप से प्रवेश कर लिया। इस मिशन का संचालन हैदराबाद आधारित निजी कंपनी 'स्काईरूट एयरोस्पेस' ने किया। कंपनी ने इस मिशन को ''बड़ी सफलता'' करार दिया। अपने पहले अभियान में चार चरणों वाला और सात मंजिला इमारत जितना ऊंचा 'विक्रम-1' रॉकेट शनिवार को बादलों से घिरे मौसम के बीच दोपहर 12 बजकर पांच मिनट पर इसरो के सतीश धवन अंतरिक्ष केंद्र के पहले प्रक्षेपण परिसर से सफलतापूर्वक रवाना हुआ। प्रक्षेपण के दौरान रॉकेट से नारंगी रंग का धुआं निकला और इस अंतरिक्ष केंद्र से एक नए युग की शुरुआत हुई। इससे पहले दिशा-निर्देशन प्रणाली से जुड़ी संभावित समस्या के कारण प्रक्षेपण को ''अस्थायी रूप से रोक'' दिया गया था, जिसके कारण प्रक्षेपण निर्धारित समय पूर्वाह्न 11:30 बजे के बजाय 12 बजकर पांच मिनट पर किया गया। उड़ान भरने के बाद ग्राहा स्पेस, कॉसमोसर्व, डीक्यूब्ड और स्काईरूट के 'स्कोप' के तकनीकी परीक्षण के लिए तैयार छोटे उपग्रहों और उपकरणों को क्रमवार 450 किलोमीटर की ऊंचाई पर पृथ्वी की निचली कक्षा (एलईओ) में स्थापित किया गया। रॉकेट ने एक सूक्ष्म कलाकृति, 18 कैरेट सोने से बना एक सूक्ष्म रॉकेट, तथा प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का हाथों से लिखा ''वंदे मातरम'' संदेश वाला पोस्टकार्ड भी सफलतापूर्वक कक्षा में पहुंचाया।

### 'विक्रम-1' की सफलता 'आत्मनिर्भर भारत' की ताकत का प्रमाण : प्रधानमंत्री मोदी

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शनिवार को देश के पहले निजी कक्षीय रॉकेट 'विक्रम-1' के सफल प्रक्षेपण की सराहना करते हुए कहा कि यह भारत के आत्मनिर्भरता अभियान की सफलता का प्रमाण है। प्रधानमंत्री ने 'स्काईरूट एयरोस्पेस' के मुख्य कार्यकारी अधिकारी (सीईओ) पवन कुमार चांदना और सह-संस्थापक नागा भरत डाका से फोन पर बात कर शनिवार को हासिल इस उपलब्धि के लिए उन्हें और उनकी कंपनी को बधाई दी।

### अमरनाथ यात्रा 19 जुलाई से अस्थायी रूप से निलंबित रहेगी : अधिकारी

**श्रीनगर :** खराब मौसम के पूर्वानुमान को देखते हुए 19 जुलाई से अमरनाथ यात्रा अस्थायी रूप से निलंबित रहेगी। जम्मू-कश्मीर के अधिकारियों ने शनिवार को यह जानकारी दी। कश्मीर के संभागीय आयुक्त अंशुल गर्ग ने एक बयान में कहा, ''भारत मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) द्वारा जारी खराब मौसम के पूर्वानुमान को देखते हुए श्रद्धालुओं की सुरक्षा और भलाई के लिए एहतियाती कदम के तौर पर 19 जुलाई, 2026 से पहलगाम और बालटाल दोनों मार्गों से श्री अमरनाथजी यात्रा अस्थायी रूप से निलंबित रहेगी।'' गर्ग ने कहा कि रविवार से बालटाल और नूनवान/चंदनवाड़ी आधार शिविरों से श्रद्धालुओं को आगे बढ़ने की अनुमति नहीं दी जाएगी।

### मानसून सत्र से पहले आज सर्वदलीय बैठक

**नई दिल्ली :** संसद के मानसून सत्र से पहले केंद्र सरकार ने रविवार को सर्वदलीय बैठक बुलाई है, जिसमें सभी प्रमुख राजनीतिक दलों के सदन के नेता हिस्सा लेंगे। बैठक में आगामी सत्र को सुचारु रूप से चलाने के साथ-साथ कई अहम मुद्दों पर चर्चा होने की संभावना है। बैठक में जंतर-मंतर से जलवायु कार्यकर्ता सोनम वांगचुक को स्वास्थ्य कारणों का हवाला देकर पुलिस द्वारा हटाए जाने का मामला प्रमुखता से उठ सकता है। विपक्ष इस मुद्दे पर सरकार को घेरने की तैयारी में है। इसके अलावा अयोध्या के राम मंदिर में चढ़ावे की कथित हेराफेरी का मुद्दा भी बैठक में गूंज सकता है। समाजवादी पार्टी ने संकेत दिए हैं कि वह इस विषय को संसद में जोरदार ढंग से उठाएगी। सरकार मानसून सत्र में राष्ट्रीय गौरव अपमान निवारण (संशोधन) विधेयक, 2026, जन्म एवं मृत्यु पंजीकरण (संशोधन) विधेयक, 2026 तथा आयकर (संशोधन) विधेयक, 2026 सहित कई महत्वपूर्ण विधेयक पेश करेगी।






## आज का पंचांग

**कोलकाता :** 19 जुलाई, रविवार, 2026, विक्रम सम्वत् 2083, आषाढ़ शुक्लपक्ष षष्ठी, 27:31 तक, नक्षत्र : उत्तर फाल्गुनी, 18:12 तक, योग : परिघा, 19:21 तक, सूर्योदय: 05:02, सूर्यास्त: 18:23, चन्द्रोदय : 10:26, चन्द्रास्त: 22:33, शक सम्वत: 1948 पराभव, सूर्य राशि : कर्क, चन्द्र राशि : कन्या, राहू काल : 17:16 से 18:55

## साप्ताहिक : राशिफल
## 19-07-26 से 25-07-26



**मेष : चू, चे, चो, ला, ली, लू, ले, लो, अ :** मेष राशि जातकों के लिए जुलाई का नया सप्ताह अच्छा रहेगा। इस सप्ताह यदि आपको सिर दर्द या माइग्रेन की परेशानी हो तो डॉक्टर को दिखाएं। आर्थिक स्थिति के लिए यह सप्ताह अच्छा है। आपके पास धन अधिक मात्रा में आएगा। प्रेम संबंधों में आप प्रेमी साथी संग रोमांटिक समय व्यतीत कर सकते हैं। वैवाहिक संबंधों में परेशानी का सामना करना पड़ सकता है। गलतफहमियों को दूर करने का प्रयास करें। बिजनेस के लिए यह सप्ताह अच्छा है। पार्टनर संग नए प्लान बनाएंगे।



**वृष : ई, ऊ, ए, ओ, वा, वी, वू, वे, वो :** जुलाई का आने वाला तीसरा सप्ताह वृषभ राशि के जातकों के लिए मिला-जुला रहेगा। इस हफ्ते आप पेट दर्द या कील मुंहासे की समस्या से परेशान हो सकते हैं। आर्थिक स्थिति के लिए सप्ताह अच्छा है। आपको इस सप्ताह धन की कोई कमी नहीं रहेगी। व्यापारियों का पार्टनर संग मेलजोल अच्छा रहेगा। वैवाहिक संबंधों में भी गर्माहट देखने को मिलेगी। प्रेम संबंधों में विवाद हो सकता है। वैवाहिक संबंध अच्छे बने रहेंगे। जीवनसाथी का सपोर्ट मिलेगा। नौकरी वाले जातकों के लिए समय परेशानी वाला रहेगा।



**मिथुन : का, की, कू, घ, ङ, छ, के, को, ह :** मिथुन राशि के जातकों के लिए सप्ताह बढ़िया रहेगा। अपने स्वास्थ्य का ख्याल रखने का प्रयास करें। आर्थिक स्थिति के लिए समय बढ़िया है। प्रिय पात्र के प्रेम में डूबे रहेंगे। रोमांस के अवसर मिलेंगे। गृहस्थ जीवन भी अच्छा रहेगा। जीवनसाथी को नौकरी में उन्नति प्राप्त होगी। विद्यार्थियों का मन पढ़ाई-लिखाई में कम लगेगा। हायर एजुकेशन वाले जातकों के लिए समय बढ़िया रहेगा।



**कर्क : ही, हू, हे, हो, डा, डी, डू, डे, डो :** कर्क राशि के जातकों के लिए सप्ताह अच्छा रहेगा। आपकी सेहत बढ़िया रहेगी। मौसम के बदलाव के चलते खांसी-जुकाम परेशान कर सकता है। आर्थिक स्थिति सही रहेगी। व्यापारियों की पार्टनर संग कहासुनी हो सकती है। नौकरीपेशा जातकों का ट्रांसफर हो सकता है। संबंधों के लिए यह सप्ताह कुछ परेशानी वाला रहेगा। प्रिय पात्र से किसी बात पर विवाद हो सकता है। वैवाहिक संबंध ठीक रहेंगे। ससुराल पक्ष से विवाद हो सकता है। शिक्षा के लिए समय ठीक रहेगा। आपका मन पढ़ाई-लिखाई में लगेगा।



**सिंह : मा, मी, मू, मे, मो, टा, टी, टू, टे :** सिंह राशि के जातकों के लिए यह सप्ताह ठीक-ठाक रहेगा। अपने स्वास्थ्य में लापरवाही मत बरतें। आर्थिक स्थिति मध्यम रहेगी। व्यर्थ के खर्चे मत करें। संबंधों के लिए समय अच्छा रहेगा। साथी संग आनंदित समय व्यतीत करेंगे। वैवाहिक संबंधों के लिए भी सब बढ़िया है। जीवनसाथी का पूरा सपोर्ट मिलेगा। आप व्यापार को आगे बढ़ाने के लिए मेहनत करेंगे तथा सरकारी नौकरी वाले जातकों को मान सम्मान की प्राप्ति हो सकती हैं। पढ़ाई-लिखाई में विशेष ध्यान देने का प्रयास करें।



**कन्या : ढो, पा, पी, पू, ष, ण, ठ, पे, पो :** कन्या राशि के जातकों के लिए यह सप्ताह मध्यम रहेगा। इस सप्ताह खान-पान पर विशेष ध्यान दें। आर्थिक स्थिति की बात करें तो व्यर्थ के खर्चों से दूर रहें। व्यवसाय वाले जातकों के लिए समय अच्छा रहेगा। व्यापारियों की सभी योजनाएं कामयाब होंगी और आर्थिक स्थिति अच्छी रहेगी। नौकरी वाले जातकों के लिए भी समय बढ़िया रहेगा। वह कार्य क्षेत्र में व्यस्त रहेगे। प्रेमी जातकों के लिए समय परेशानी वाला रहेगा। प्रेमी साथी से कहासुनी हो सकती है। वैवाहिक संबंध अच्छे रहेंगे। जीवनसाथी की कोई बात आपको बुरी लग सकती है। शिक्षा के लिए समय ठीक रहेगा।



**तुला : रा, री, रू, रे, रो, ता, ती, तू, ते :** तुला राशि के जातकों के लिए यह सप्ताह अच्छा रहेगा। अपने स्वास्थ्य का ख्याल रखें। इस सप्ताह पेट दर्द या मुंह में छालों की समस्या परेशान कर सकती है। आर्थिक स्थिति अच्छी रहेगी, परंतु खर्च भी बढ़े रहेंगे। व्यवसाय के सिलसिले में समय खुशियों भरा रहेगा। व्यापार में आपको यात्रा पर जाना पड़ सकता है। नौकरी वाले जातकों के लिए समय बढ़िया रहेगा। आपको मान-सम्मान की प्राप्ति हो सकती है। प्रेम संबंधों के लिए समय कुछ खास नहीं रहेगा। वैवाहिक संबंधों के लिए समय अच्छा रहेगा।



**वृश्चिक : तो, ना, नी, नू, ने, नो, या, यी, यू :** वृश्चिक राशि के जातकों के लिए यह सप्ताह सही रहेगा। पेट में जलन या पैरों की समस्या परेशान कर सकती है। आर्थिक स्थिति अच्छी रहेगी। उधार दिया हुआ धन वापस मिल सकता है। व्यापार के क्षेत्र में सभी कार्य पूरे हो सकते हैं। नौकरी वाले जातकों के लिए भी समय अच्छा रहेगा। प्रमोशन हो सकता है। प्रेम संबंधों के लिए समय अच्छा रहेगा। हल्की-फुल्की नोकझोक के साथ रिश्ते में मिठास बनी रहेगी। वैवाहिक संबंध अच्छे रहेंगे। जीवनसाथी के सहयोग से कोई नया कार्य शुरू कर सकते हैं।



**धनु : ये, यो, भा, भी, भू, धा, फा, ढा, भे :** इस सप्ताह धनु राशि के जातकों के लिए मध्यम रहेगा। आपकी सेहत की बात करें तो स्वास्थ्य को लेकर सावधान रहना होगा। आपको पेट से संबंधित कोई समस्या अधिक परेशान कर सकती है। आर्थिक स्थिति अच्छी रहेगी। आपकी इनकम में बढ़ोतरी हो सकती है। आपके रुके हुए सभी कार्य पूरे होंगे। व्यापार करने वाले जातकों को यात्रा करनी पड़ सकती है। नौकरी वाले जातको के लिए समय अच्छा रहेगा। प्रमोशन हो सकता है। प्रेम संबंधों के लिए भी समय बढ़िया रहेगा।



**मकर : भो, जा, जी, खी, खू, खे, खो, गा, गी :** यह सप्ताह आपके लिए मध्यम फलदायक रहेगा। प्रेम जीवन बिता रहे लोगों के लिए सप्ताह बहुत अच्छा रहेगा। गृहस्थ जीवन के लिए यह समय अच्छा रहेगा, लेकिन पारिवारिक तनाव आपके रिश्तों पर भी असर डालेंगे। पारिवारिक जीवन और सेहत में उतार-चढ़ाव बना रहेगा। नौकरीपेशा लोगों के कामों में तेजी आएगी, लेकिन आप पर झूठे आरोप भी लग सकते हैं। सावधान रहें। काम में सतर्क रहें। व्यापारी वर्ग के लिए सप्ताह उतार-चढ़ाव से भरा रहेगा।



**कुम्भ : गू, गे, गो, सा, सी, सू, से, सो, दा :** इस सप्ताह कुंभ राशि के जातकों की बात करें तो यह सप्ताह खुशियों से भरा रहेगा। आपको अपने स्वास्थ्य का विशेष ध्यान रखना होग। आपको गले में दर्द या कंधे में चोट लग सकती है। वैवाहिक संबंधों के लिए समय खुशियों भरा है। व्यर्थ के खर्च बढ़े रहेंगे, परंतु आर्थिक स्थिति अच्छी रहेगी। प्रिय पात्र से किसी बात पर लेकर झगड़ा हो सकता है। आप कोई मकान, दुकान, इत्यादि खरीदने की योजना बना सकते हैं। व्यापार करने वाले जातकों को व्यापार के क्षेत्र में उन्नति के नए अवसर प्राप्त हो सकते हैं।



**मीन : दी, दू, थ, झ, ञ, दे, दो, चा, ची :** मीन राशि के जातकों के लिए यह समय बढ़िया रहेगा। इस सप्ताह अपने स्वास्थ्य का विशेष ख्याल रखें। आर्थिक स्थिति के लिए समय थोड़ा सावधानी वाला रहेगा। इनकम के अनुसार ही धन खर्च करें। व्यापार करने वाले जातकों के लिए भी समय अच्छा रहेगा। नौकरी वाले जातकों के लिए भी समय अच्छा रहेगा। आपको मेहनत का फल अवश्य मिलेगा। प्रेम संबंधों के लिए समय बढ़िया रहेगा। वैवाहिक संबंध भी अच्छे बने रहेंगे। जीवनसाथी का दोस्ताना व्यवहार आपके दिल को छू सकता है। विद्यार्थियों के लिए समय थोड़ा परेशानी वाला रहेगा।

# अनुशासन ही जीवन का सबसे बड़ा मंत्र, नए इतिहास रचें विद्यार्थी: योगी आदित्यनाथ



**लखनऊ:** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शनिवार को विद्यार्थियों से आत्मानुशासन, परिश्रम और राष्ट्र प्रथम की भावना को अपनाने का आह्वान करते हुए कहा कि अनुशासन ही जीवन का सबसे बड़ा मंत्र है तथा इतिहास वही रचता है, जो निरंतर अनुशासित होकर प्रयास करता है। एक बयान के अनुसार, मुख्यमंत्री बुलंदशहर में रज्जू भैया सैनिक विद्या मंदिर में आयोजित कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि विद्यार्थियों के अंतःकरण में राष्ट्र प्रथम का भाव होना चाहिए। योगी ने राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ का उल्लेख करते हुए कहा कि यदि विद्यार्थी संघ के आदर्शों से प्रेरणा ले सकें तो उनका जीवन सार्थक होगा। उन्होंने विद्या भारती अखिल भारतीय शिक्षण संस्थान की सराहना करते हुए कहा कि निजी ट्रस्ट भी सैनिक स्कूल स्थापित कर सकते हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि सर्वाधिक सैनिक और सैन्य अधिकारी देने वाले बुलंदशहर में सैनिक स्कूल की स्थापना महत्वपूर्ण कदम है। उन्होंने सैनिक स्कूल के लिए 32 बीघा भूमि दान करने वाले बाबा राजपाल सिंह का भी अभिनंदन किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने आजादी के अमृत महोत्सव के दौरान देशवासियों को 'पंच प्रण' का संकल्प दिलाया था। उन्होंने कहा कि गुलामी की मानसिकता का त्याग, देश की विरासत पर गर्व, सामाजिक समरसता, वर्दीधारी बलों के प्रति सम्मान और नागरिक कर्तव्यों का पालन प्रत्येक भारतीय के लिए आवश्यक है। योगी ने कहा कि विद्यार्थी अनुशासित होकर शिक्षा ग्रहण करें और शिक्षक उनमें संस्कार विकसित करने के साथ समय पर पाठ्यक्रम पूरा कराएं। उन्होंने कहा कि सैनिक स्कूल अनुशासन और राष्ट्रभक्ति की भावना विकसित करने का महत्वपूर्ण माध्यम हैं तथा सैनिक हमेशा राष्ट्रहित को सर्वोपरि रखता है। मुख्यमंत्री ने जापान का उल्लेख करते हुए कहा कि 1945 में परमाणु बम हमले के बाद भारी तबाही झेलने के बावजूद जापान आत्मानुशासन और परिश्रम के बल पर विकसित राष्ट्र बना। उन्होंने कहा, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में भारत भी तेजी से आगे बढ़ रहा है और आज विश्व की 'चौथी' सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन चुका है।

### बबुआ दोपहर में उठते हैं, शाम को जिम जाते हैं, अखिलेश के पास जनता के लिए समय नहीं: योगी

**बुलंदशहर:** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शनिवार को समाजवादी पार्टी (सपा) के अध्यक्ष अखिलेश यादव पर निशाना साधते हुए मुख्यमंत्री के रूप में उनके कार्यकाल के दौरान उनकी दिनचर्या पर सवाल उठाए। उन्होंने आरोप लगाया कि अखिलेश यादव के पास न तो जनता से मिलने का समय था और न ही उनके बारे में सोचने का। मुख्यमंत्री ने यह भी दावा किया कि सपा अध्यक्ष के पास युवाओं और किसानों के लिए कोई स्पष्ट दृष्टि नहीं थी। योगी ने बुलंदशहर में 574 करोड़ रुपये से अधिक लागत की 57 विकास परियोजनाओं का लोकार्पण और शिलान्यास करने के बाद आयोजित एक जनसभा को संबोधित करते हुए ये बातें कहीं। उन्होंने कहा, 'प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के मार्गदर्शन और नेतृत्व में पूरा देश लाभान्वित हो रहा है। उनके नेतृत्व में हम विरासत और विकास, दोनों को साथ लेकर आगे बढ़ रहे हैं। हालांकि, वर्ष 2017 से पहले स्थिति बिल्कुल अलग थी।' मुख्यमंत्री ने अखिलेश यादव का नाम लिए बिना कटाक्ष करते हुए कहा, 'उस समय 'बबुआ' दोपहर में उठते थे और दोपहर दो बजे तक तैयार होते थे। शाम पांच बजे जिम जाने का समय हो जाता था और उसके बाद अपनी महफिल में व्यस्त हो जाते थे।' उन्होंने आरोप लगाया कि उस समय जनता से मिलने या उनकी समस्याएं सुनने के लिए समय नहीं था। योगी ने दावा किया कि सपा अध्यक्ष के पास युवाओं, गरीबों, महिलाओं, किसानों, व्यापारियों और उद्यमियों के लिए कोई दूरदृष्टि नहीं थी।

## स्वास्थ्य सेवाओं में लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी : उपमुख्यमंत्री पाठक



**गोरखपुर:** उत्तर प्रदेश के उपमुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक ने शनिवार को गोरखपुर के नेताजी सुभाष चंद्र बोस जिला अस्पताल का औचक निरीक्षण कर स्वास्थ्य सेवाओं व अस्पताल की सुविधाओं का जायजा लिया और चेतावनी दी कि स्वास्थ्य सेवाओं में लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। पाठक ने इस दौरान इमरजेंसी वार्ड, दवा वितरण प्रणाली, साफ-सफाई, मेडिकल उपकरणों की उपलब्धता और मरीजों की देखभाल से जुड़ी अन्य व्यवस्थाओं का निरीक्षण किया। उन्होंने मरीजों और उनके साथ आए लोगों से बातचीत कर इलाज और सुविधाओं की गुणवत्ता की जानकारी ली। कई मरीजों ने कुछ शिकायतें कीं, जिस पर पाठक ने अधिकारियों को उन्हें तुरंत दूर करने का निर्देश दिया। उपमुख्यमंत्री पाठक ने इमरजेंसी वार्ड में एयर-कंडीशनिंग न होने पर नाराजगी जताई और मुख्य चिकित्सा अधिकारी को बिना देरी किए एसी यूनिट लगाने का निर्देश दिया, साथ ही जोर दिया कि मरीजों को कोई तकलीफ नहीं होनी चाहिए। उन्होंने अधिकारियों को सभी पात्र लाभार्थियों के लिए आयुष्मान भारत कार्ड बनवाना सुनिश्चित करने का भी निर्देश दिया। पाठक ने इस मौके पर कहा कि जिला अस्पताल को आधुनिक सुविधाओं से तैयार किया जाएगा। उन्होंने चेतावनी दी कि स्वास्थ्य सेवाओं में लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी और सभी मरीजों को बेहतर इलाज मुहैया कराने के सरकार के संकल्प को दोहराया।

### राजस्थान की छह वर्षीय बच्ची की गुजरात में संदिग्ध चांदीपुरा वायरस संक्रमण से मौत

**जयपुर:** राजस्थान के डूंगरपुर जिले की छह वर्षीय बच्ची की पड़ोसी राज्य गुजरात में मौत हो गई और स्वास्थ्य अधिकारियों को आशंका है कि उसकी मौत चांदीपुरा वायरस (सीएचपीवी) के संक्रमण से हुई। अधिकारियों ने हालांकि कहा कि इसकी पुष्टि जांच रिपोर्ट आने के बाद ही हो सकेगी। अधिकारियों के अनुसार, डूंगरपुर में धंबोला क्षेत्र के रतनपुरा गांव की निवासी बच्ची के नमूने 15 जुलाई को गुजरात के हिम्मतनगर सिविल अस्पताल में लिए गए थे और उसी दिन उसकी मौत हो गई थी। उन्होंने बताया कि मौत के बाद बच्ची के परिवार के सदस्य उसके शव को गांव ले आए। स्थानीय स्वास्थ्य विभाग को शुरुआत में इस मामले की जानकारी नहीं थी। अधिकारियों ने बताया कि हिम्मतनगर अस्पताल ने बच्ची के नमूने लेने के बाद गुजरात सरकार को मामले की जानकारी दी। इसके बाद गुजरात के स्वास्थ्य विभाग ने राजस्थान के स्वास्थ्य विभाग को सतर्क किया क्योंकि बच्ची डूंगरपुर की रहने वाली थी।

### बिहार के पूर्वी चंपारण में अवैध रूप से रह रही उज्बेकिस्तान की महिला गिरफ्तार

**मोतिहारी:** बिहार के पूर्वी चंपारण जिले में अवैध रूप से रह रही उज्बेकिस्तान की एक महिला को कथित तौर पर नेपाल फरार होने के प्रयास के दौरान सुरक्षा बलों ने गिरफ्तार कर लिया। अधिकारियों ने शनिवार को यह जानकारी दी। यह गिरफ्तारी सशस्त्र सीमा बल (एसएसबी) ने मोतिहारी पुलिस के साथ एक साझा कार्रवाई में बृहस्पतिवार को जिले के मैत्री पुल के पास की। गिरफ्तार महिला की पहचान उज्बेकिस्तान के खोंकक गांव की रहने वाली शाकरजोन बोजोरोवा (31) के रूप में हुई है। मोतिहारी पुलिस की ओर से जारी एक आधिकारिक बयान के अनुसार, पूछताछ के दौरान महिला ने खुलासा किया कि वह पिछले एक साल से मुंबई में अवैध रूप से रह रही थी। अधिकारियों ने बताया कि इस संबंध में हरैया पुलिस थाने में भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) और आव्रजन व विदेशी अधिनियम की सुसंगत धाराओं के तहत एक प्राथमिकी दर्ज की गई है। उन्होंने बताया कि महिला के पास से दो मोबाइल फोन, दो बैग, एक पेन ड्राइव, अमेरिकी डॉलर, 100 रुपये की भारतीय मुद्रा और 62,100 रुपये की नेपाली मुद्रा जब्त की गई है।

### बिहार के भोजपुर में दीवार गिरने से दो बच्चों की मौत

**आरा (बिहार):** बिहार के भोजपुर जिले में शनिवार को एक दीवार गिरने से दो सगे भाइयों की मौत हो गई जबकि उनके दादा घायल हो गये। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। जगदीशपुर के पुलिस उपाधीक्षक (डीएसपी) पंकज मिश्रा ने कहा, 'अंकित (03) और शिवांश (04) अपने घर के निकट खेल रहे थे, तभी दीवार उनके ऊपर गिर गई। इस हादसे में उनके दादा भी घायल हो गये।' उन्होंने बताया कि घटना से आक्रोशित स्थानीय लोगों ने दीवार बनाने वाले व्यक्ति की तत्काल गिरफ्तारी की मांग को लेकर बिहिया-जगदीशपुर सड़क अवरुद्ध कर दी।

## गोरखपुर में छह घंटे की बारिश से सड़कें पानी में डूबीं, अखिलेश ने सरकार पर उठाए सवाल



**गोरखपुर/लखनऊ:** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के गृह नगर गोरखपुर में शुक्रवार देर रात से शनिवार सुबह तक करीब छह घंटे हुई लगातार बारिश से मुख्य सड़कें और बाजार जलमग्न हो गए तथा यातायात बुरी तरह प्रभावित हुआ। वहीं, समाजवादी पार्टी (सपा) के अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने जलभराव को लेकर राज्य सरकार पर निशाना साधते हुए स्मार्ट सिटी परियोजना के तहत हुए खर्च पर सवाल उठाए। गोरखपुर में शुक्रवार रात करीब एक बजे से शनिवार सुबह सात बजे तक हुई लगातार बारिश से जनजीवन अस्त-व्यस्त हो गया। मौसम वैज्ञानिक कैलाश पांडेय के अनुसार, शहर में पिछले 24 घंटों में 110.2 मिलीमीटर (मिमी) वर्षा दर्ज की गई। सबसे अधिक असर राप्ती कॉम्प्लेक्स में देखा गया, जहां नाले की दीवार टूटने से बारिश और सीवेज का पानी करीब 250 दुकानों में घुस गया, जिससे व्यापारियों को भारी नुकसान हुआ। जिला अस्पताल के ओपीडी परिसर में भी पानी भर गया, जिसे शनिवार को उपमुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक के दौरे से पहले पंप के जरिए निकाल दिया गया। धर्मशाला, मोहद्दीपुर, गोलघर, रेती चौक, बेतियाहाटा, सिविल लाइंस, माया बाजार और जटेपुर सहित कई इलाकों में जलभराव से यातायात प्रभावित रहा। धर्मशाला क्षेत्र में घुटने तक पानी भर जाने से एक ई-रिक्शा पलट गया, हालांकि किसी के गंभीर रूप से घायल होने की सूचना नहीं है। मौसम विभाग ने अगले 24 घंटों में हल्की से मध्यम बारिश का पूर्वानुमान जताया है। इस बीच, सपा मुख्यालय से जारी बयान के अनुसार, अखिलेश ने कहा कि गोरखपुर की जनता अपने विधायक-मुख्यमंत्री से पूछ रही है कि स्मार्ट सिटी के नाम पर खर्च दिखाए गए अरबों रुपये कहां गए। उन्होंने आरोप लगाया कि खराब शहरी योजना के कारण लोगों को जलभराव का सामना करना पड़ रहा है।

### बलिया के किसान को तमिलनाडु से 72 लाख का जीएसटी वसूली नोटिस

**बलिया:** उत्तर प्रदेश के बलिया जिले में रहने वाले 33 वर्षीय एक किसान को तमिलनाडु से 72 लाख रुपये से अधिक की जीएसटी वसूली का नोटिस मिलने का मामला सामने आया हालांकि किसान ने दावा किया कि उसने न कभी तमिलनाडु में कारोबार किया और न ही वहां गया। किसान ने शनिवार को भीमपुरा थाने में शिकायत दर्ज कराई। पुलिस ने शिकायत मिलने की पुष्टि करते हुए बताया कि मामले की जांच की जा रही है। कसौंडर ग्राम पंचायत के सिउरा गोपालपुर निवासी बलबीर सिंह को 15 जुलाई को तमिलनाडु के कोविलपट्टी मंडल स्थित केंद्रीय जीएसटी एवं केंद्रीय उत्पाद शुल्क विभाग के सहायक आयुक्त कार्यालय से ईमेल के माध्यम से नोटिस मिला। नोटिस में दावा किया गया कि बलबीर 'मेसर्स महेंद्र एजेंसी' के मालिक हैं और अप्रैल 2019 से मार्च 2020 के बीच कर बकाया के कारण उन्हें जीएसटी, ब्याज, जुर्माना और विलंब शुल्क सहित कुल 72.76 लाख रुपये जमा करने हैं। यह नोटिस सीजीएसटी अधिनियम की धारा 79(1)(सी) के तहत जारी किया गया है।

## राजस्थान: अलवर जिले में पुलिस ने 1.37 लाख संदिग्ध मोबाइल सिम बंद करवाए

**जयपुर:** राजस्थान के अलवर जिले में पुलिस ने साइबर अपराध के खिलाफ अभियान के तहत अब तक 1.37 लाख से अधिक संदिग्ध मोबाइल सिम कार्ड बंद कराए। अधिकारियों ने शनिवार को यह जानकारी दी। अलवर के पुलिस अधीक्षक सुधीर चौधरी ने बताया कि जिले में संस्थागत समन्वय और प्रभावी निगरानी के लिए विशेष साइबर इकाई 'एंटी साइबर क्राइम कोऑर्डिनेशन सेंटर' (ए4सी) की स्थापना की गई, जिसके सकारात्मक परिणाम सामने आए हैं। उन्होंने बताया कि पुलिस ने तकनीकी और वित्तीय खुफिया जानकारी का उपयोग कर साइबर अपराधियों के सबसे बड़े हथियार सिम कार्ड व मोबाइल फोन पर सीधा प्रहार किया। चौधरी ने बताया कि अलवर पुलिस ने 'प्रतिबिंब' पोर्टल के माध्यम से कार्रवाई करते हुए अब तक 1,37,522 संदिग्ध सिम कार्ड और 53,536 मोबाइल आईएमईआई नंबर बंद कराए हैं। इसके साथ ही संदिग्ध सिम कार्ड बंद कराने के मामले में अलवर देश में पहले स्थान पर पहुंच गया है। उन्होंने बताया कि पुलिस की लगातार कार्रवाई के कारण जिले में साइबर ठगों के सक्रिय 'हॉटस्पॉट' की संख्या जनवरी 2026 में 1,240 से घटकर जून 2026 में 689 रह गई है। पुलिस अधीक्षक ने बताया कि 'साइबर संग्राम' और 'साइबर संग्राम 2.0' की सफलता के बाद अब 'साइबर संग्राम 3.0' अभियान शुरू किया गया है। उन्होंने बताया कि इसके तहत तकनीकी दक्षता बढ़ाने और डिजिटल फॉरेंसिक क्षमता विकसित करने के लिए पुलिस अधिकारियों को प्रशिक्षण दिया जा रहा है। अधिकारी ने बताया कि साइबर ठगी की रकम के लेनदेन में इस्तेमाल होने वाले फर्जी बैंक खातों के खिलाफ 'म्यूल हंटर ऑपरेशन' के तहत भी व्यापक कार्रवाई की गई है। चौधरी ने बताया कि अप्रैल और मई 2026 के बीच चलाए गए अभियान के दौरान पुलिस ने पूरे राजस्थान में सर्वाधिक 107 प्राथमिकी दर्ज कीं। उन्होंने बताया कि वर्ष 2025 में 7,748 'म्यूल अकाउंट' (कमीशन पर उपलब्ध कराए गए बैंक खाते) चिह्नित कर 76 आरोपियों को जेल भेजा गया था।

### ऑनलाइन ठगी करने के आरोप में झारखंड के जामताड़ा में नौ लोग गिरफ्तार

**जामताड़ा:** मोबाइल फोन के जरिये भुगतान पर अत्यधिक 'कैशबैक' का वादा कर लोगों से ऑनलाइन ठगी करने के आरोप में झारखंड के जामताड़ा में नौ लोगों को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस ने शनिवार को यह जानकारी दी। पुलिस अधीक्षक शंभू कुमार सिंह ने बताया कि शुक्रवार को दो स्थानों पर छापेमारी के बाद इन आरोपियों को गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार किए गए नौ लोगों में से आठ जामताड़ा जिले के हैं, जबकि एक आरोपी पड़ोसी राज्य पश्चिम बंगाल का रहने वाला है। उन्होंने कहा, 'हमें सूचना मिली थी कि कुछ लोग फर्जी ग्राहक सेवा प्रतिनिधि और बैंक अधिकारी बनकर लोगों से ठगी कर रहे हैं।' पुलिस अधीक्षक ने बताया, 'आरोपी फोनपे पर कैशबैक दिलाने का झांसा देकर लोगों को ठगते थे। वे पीड़ितों को कैशबैक की पेशकश कर उनके एटीएम कार्ड का 16 अंकों का नंबर, सीवीवी, ओटीपी और अन्य गोपनीय जानकारियां हासिल कर लेते थे।' पुलिस ने आरोपियों के पास से 27 मोबाइल फोन और 39 सिम कार्ड बरामद किए हैं।

## बिहार : मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने हेली-पर्यटन सेवा की शुरुआत की



**पटना:** बिहार के मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने शनिवार को पटना हवाई अड्डे से हेलीकॉप्टर से सैर-सपाटा सेवा को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। मुख्यमंत्री ने इस सेवा की शुरुआत करने के साथ ही राज्य सरकार के हवाई पर्यटन को बढ़ावा देने के प्रयासों के तहत राज्य हैंगर का भी उद्घाटन किया। यह पहल जून में राज्य मंत्रिमंडल द्वारा 'बिहार हेली-पर्यटन एवं हवाई पर्यटन सेवा योजना, 2026' को मंजूरी दिए जाने के बाद शुरू की गई है। इस योजना का उद्देश्य आम लोगों को किफायती हेलीकॉप्टर सेवा उपलब्ध कराना और राज्य के प्रमुख पर्यटन स्थलों तक बेहतर संपर्क सुनिश्चित करना है। चौधरी ने बिहार फ्लाइंग इंस्टीट्यूट में वाणिज्यिक पायलट लाइसेंस (सीपीएल) कार्यक्रम पूरा करने वाले प्रशिक्षुओं को प्रमाणपत्र और बिल्ला भी वितरित किया। मुख्यमंत्री की मौजूदगी में दो महिलाओं सहित पांच लोगों ने पहली हेलीकॉप्टर से भ्रमण की सुविधा का आनंद लिया। इस अवसर पर उपमुख्यमंत्री बिजेंद्र प्रसाद यादव और पर्यटन मंत्री केदार प्रसाद गुप्ता भी मौजूद थे। गुप्ता ने इसे 'ऐतिहासिक दिन' बताते हुए कहा कि हेली-पर्यटन सेवा शुरू होने से राज्य के पर्यटन क्षेत्र को काफी बढ़ावा मिलेगा। उन्होंने संवाददाताओं से कहा, 'मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी के नेतृत्व में बिहार नयी ऊंचाइयों को छुएगा और दुनिया भर से पर्यटकों को आकर्षित करेगा।' पर्यटन मंत्री ने बताया कि पर्यटक 2,100 रुपये में 10 मिनट की 'पटना स्काईलाइन' हेलीकॉप्टर भ्रमण सेवा का लाभ उठा सकते हैं। उन्होंने कहा, पटना से मां मुंडेश्वरी मंदिर के लिए 6,000 रुपये, वाल्मीकि नगर के लिए 5,000 रुपये और राजगीर के लिए 4,000 रुपये में हेलीकॉप्टर सेवा भी शुरू की गई है। इस नेटवर्क का चरणबद्ध तरीके से विस्तार किया जाएगा।'

## वर्ग पहेली नं. 3497

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | ■ | 2 | 3 | ■ | 4 | 5 | ■ | 6 | |
| | ■ | 7 | | 8 | ■ | 9 | | | ■ |
| 10 | 11 | ■ | 12 | | 13 | | ■ | 14 | |
| ■ | 15 | 16 | | ■ | | ■ | 17 | | ■ |
| 18 | | | ■ | 19 | | ■ | 20 | | 21 |
| ■ | | ■ | 22 | | | 23 | ■ | ■ | |
| 24 | | | | ■ | ■ | 25 | | 26 | |
| 27 | | ■ | 28 | 29 | | | ■ | | ■ |
| | ■ | 30 | | | ■ | | ■ | 31 | |

*ऊपर से नीचे:-* 1) खाविंद; सैयाँ, 2) नदी में जलावरोध; डैम, 3) हर पल, 5) हुक्म; धनुष, 6) प्रभावी, 8) अनेक; विविध, 11) उलटापुलटा, 13) आतंक, 16) स्त्रीलिंगीय, 17) बेटे की नानी, 19) दूसरा किनारा, 21) गप्पी, 22) कृष्ण के भाई, 23) मक्खन, 24) सुपुर्दगी; प्रमाण का उल्लेख, 26) विस्तृत वर्णन, 29) हाथ. *(उत्तर: अगले अंक में)*

*बायें से दायें:-* 2) कंधा-कलाई-हाथ, 4) जैसा चाहिए वैसा, 6) हाँ; उम्दा; चंगा; बढ़िया, 7) पकड़ना, 9) नाउम्मीद, 10) आसक्ति, 12) लगातार, 14) निकृष्ट, 15) संपूर्ण, 17) सीधा, 18) मसालेदार सुगंधित सुरती, 19) फंदा, 20) आसान, 22) पात्र, 24) कमज़ोर, 25) ईमानदार, 27) प्रहार, 28) डकैती, 30) सब, 31) उँह; मत; ना.

*पिछली पहेली का उत्तर*

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| म | ■ | म | ग | र | ■ | अ | चे | त | न |
| हा | ■ | स | ■ | म | न | च | ला | ■ | दा |
| रा | हु | ल | ■ | ता | ■ | ल | ■ | बा | र |
| ष्ट्र | ■ | ह | र | ■ | लि | ■ | अ | द | द |
| ■ | फ | त | ह | ■ | हा | दि | क | ■ | ■ |
| खो | ट | ■ | म | ह | ज़ | ■ | स | ली | ब |
| ■ | का | ■ | त | ट | ■ | ह | र | द | म |
| पे | र | ना | ■ | क | रा | ल | ■ | ■ | बा |
| ड़ा | ■ | मी | च | ना | ■ | का | ज़ी | ■ | री |

## सुडोकू-पहेली-3463

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | | | 4 | | | 7 | 5 | |
| 4 | | 5 | 9 | 7 | | 1 | | |
| 3 | | | 6 | | | 4 | | 8 |
| | | 9 | | | 5 | | | |
| | | 7 | 2 | | 8 | | 1 | 3 |
| | | 1 | 3 | | 7 | 8 | | |
| | 2 | | 8 | 1 | | | | |
| 7 | | | | 3 | | | 6 | 4 |
| | 6 | | | 2 | | | 8 | |

**प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरना आवश्यक है। इनका क्रमवार होना आवश्यक नहीं है।**

••••

**आड़ी और खड़ी में एवं 3-3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका ध्यान जरूर रखें।**

**सूडोकू पहेली - 3462 का उत्तर**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 2 | 8 | 4 | 6 | 9 | 3 | 5 | 1 | 7 |
| 6 | 3 | 1 | 8 | 7 | 5 | 9 | 2 | 4 |
| 9 | 5 | 7 | 1 | 4 | 2 | 3 | 6 | 8 |
| 5 | 6 | 9 | 2 | 8 | 4 | 1 | 7 | 3 |
| 8 | 1 | 3 | 9 | 6 | 7 | 2 | 4 | 5 |
| 7 | 4 | 2 | 5 | 3 | 1 | 8 | 9 | 6 |
| 3 | 7 | 5 | 4 | 2 | 9 | 6 | 8 | 1 |
| 4 | 9 | 6 | 3 | 1 | 8 | 7 | 5 | 2 |
| 1 | 2 | 8 | 7 | 5 | 6 | 4 | 3 | 9 |

# अवैध निर्माण के आरोप में अभिषेक बनर्जी के आमतला स्थित पार्टी कार्यालय पर चला बुलडोजर



❑ भारी पुलिस एवं केंद्रीय बल रही तैनात

❑ भाजपा कार्यकर्ताओं-समर्थकों ने मनाया जश्न

**कोलकाता, समाज्ञा :** दक्षिण 24 परगना जिला प्रशासन ने शनिवार को तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) के सांसद अभिषेक बनर्जी के आमतला स्थित पार्टी कार्यालय को ढहा दिया। जिला प्रशासन के एक वरिष्ठ अधिकारी ने यह जानकारी दी। अधिकारी ने बताया कि यह इमारत कथित रूप से स्वीकृत भवन योजना के बिना और लागू निर्माण नियमों का उल्लंघन कर बनाई गई थी। ध्वस्तीकरण की कार्रवाई शनिवार की सुबह शुरू हुई। इस दौरान पुलिस और केंद्रीय बलों ने पार्टी कार्यालय के परिसर को अवरोधक लगाकर घेर लिया। दोपहर के आसपास तीन बुलडोजर मौके पर लाए गए, जिसके बाद प्रशासन ने पहले कार्यालय के सामने बने शेड को हटाया और फिर भवन के अग्रभाग को ढहा दिया। एहतियात के तौर पर अग्निशमन एवं आपातकालीन सेवा विभाग के कर्मी भी मौके पर मौजूद रहे। राज्य सरकार के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि प्रशासन ने लागू कानूनों और निर्धारित प्रक्रियाओं का पालन करते हुए कार्रवाई की है। यह कार्रवाई निर्माण संबंधी नियमों के कथित उल्लंघन से जुड़ी है और इसका किसी राजनीतिक विचार से कोई संबंध नहीं है। अधिकारी ने बताया कि कार्यालय के निर्माण में सभी नियमों का उल्लंघन किए जाने संबंधी शिकायतों के बाद यह कार्रवाई की गई। उन्होंने कहा कि शिकायतों के आधार पर शुरू की गई वैधानिक प्रक्रिया के तहत संबंधित व्यक्तियों को 15 जुलाई को नोटिस जारी कर सुनवाई में उपस्थित होने के लिए कहा गया था। अधिकारियों ने बताया कि नोटिस में भूमि के स्वामित्व से संबंधित दस्तावेजों और निर्माण से जुड़े अन्य अभिलेखों पर भी स्पष्टीकरण मांगा गया था। प्रशासनिक सूत्रों के अनुसार, संबंधित व्यक्तियों को जारी किए गए दो नोटिसों का कोई जवाब नहीं मिलने के बाद अधिकारियों ने आगे की कार्रवाई करने का निर्णय लिया। ध्वस्तीकरण के दौरान पुलिस ने भवन से कई कंप्यूटर, लैपटॉप और बड़ी संख्या में फाइलें भी बरामद कीं। कार्रवाई के बाद इलाके में मौजूद भाजपा के कार्यकर्ताओं और समर्थकों ने जश्न मनाया तथा पार्टी के समर्थन में नारे लगाए।

## पार्टी कार्यालय कानूनी तरीके से निर्मित था, हाई कोर्ट जाएगी टीएमसी : अभिषेक बनर्जी



तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) नेता अभिषेक बनर्जी ने शनिवार को कहा कि स्थानीय प्रशासन द्वारा तोड़े गए पार्टी कार्यालय का निर्माण कानूनी तरीके से किया गया था। उन्होंने कहा कि यह सरकारी जमीन नहीं है। जमीन खरीदी गई थी और भवन मंजूर योजना के अनुसार बनाया गया था। इसके पास सभी वैध मंजूरियां और दस्तावेज हैं। अभिषेक बनर्जी ने आरोप लगाया कि प्रशासन ने सत्तारूढ़ भाजपा के साथ मिलकर यह कार्रवाई की। अभिषेक बनर्जी ने कहा कि यह कार्रवाई राजनीतिक बदले की भावना से की गई है। उन्होंने कहा कि पार्टी कार्यालय तोड़े जाने के खिलाफ टीएमसी कलकत्ता उच्च न्यायालय का रुख करेगी। हम ये सभी दस्तावेज कलकत्ता उच्च न्यायालय के सामने रखेंगे। टीएमसी नेता ने कहा कि हर कार्रवाई की एक समान और विपरीत प्रतिक्रिया होती है। अगर मैं जिंदा रहा तो मैं वादा करता हूं कि 2031 के चुनाव के बाद इसी कानून का इस्तेमाल करते हुए आपको यह सब ब्याज सहित वापस दूंगा।

## 'टीएमसी छोड़ने वालों के लौटने पर 24 घंटे के अंदर संगठनात्मक पद से इस्तीफा दे दूंगा', अभिषेक का बागियों को चुनौती

तृणमूल कांग्रेस के राष्ट्रीय महासचिव अभिषेक बनर्जी ने पार्टी छोड़ने के बाद तृणमूल की आलोचना करने वाले नेताओं को चुनौती देते हुए कहा कि यदि उनमें साहस है तो दोबारा ममता बनर्जी के नेतृत्व में पार्टी में लौट आएं। यदि ऐसा होता है तो वे 24 घंटे के अंदर संगठनात्मक पद से इस्तीफा दे देंगे। अभिषेक ने कहा कि पार्टी छोड़ने वाले कई नेताओं ने भाजपा से समझौता कर लिया है, ताकि उन्हें ईडी-सीबीआई और अन्य जांच एजेंसियों से राहत मिल सके, इसीलिए वे तृणमूल व उनके खिलाफ बयानबाजी कर रहे हैं। यदि किसी ने कोई गलत काम नहीं किया है तो उसे जांच का सामना करना चाहिए। उन्हें स्वयं कई बार विभिन्न एजेंसियों ने तलब किया है और उनके खिलाफ इतनी प्राथमिकी दर्ज हैं कि उन्होंने उच्च न्यायालय से सभी मामलों की सूची उपलब्ध कराने का अनुरोध किया है। इसके बावजूद, वह कभी जांच से नहीं भागे। उनके लिए ईडी-सीबीआई से सुरक्षा नहीं, बल्कि जनता का विश्वास और समर्थन सबसे बड़ा संरक्षण है। लोकतंत्र में वह केवल जनता के सामने सिर झुकाएंगे, दिल्ली में बैठे शक्तिशाली लोगों के सामने नहीं। अभिषेक बनर्जी ने आगे कहा कि यदि 2024 के लोकसभा चुनाव में तृणमूल की जीत का श्रेय उन्हें दिया जाता है, तो वह कमियों की जिम्मेदारी लेने के लिए भी तैयार हैं। उन्होंने घोषणा की कि 21 जुलाई के कार्यक्रम से पहले जो भी नेता या कार्यकर्ता पार्टी में वापस लौटना चाहते हैं, उनके लिए दरवाजे खुले हैं और उन्हें सम्मानपूर्वक वापस लिया जाएगा।

# टीएमसी के खातों में 164 करोड़ रुपए के संदिग्ध लेन-देन, ईडी ने बैंक से मांगा ब्योरा

**कोलकाता, समाज्ञा :** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) तृणमूल कांग्रेस के फ्रीज किए गए तीन बैंक खातों में से एक से 164 करोड़ रुपए के फर्जी लेन-देन की जांच कर रहा है। सूत्रों ने बताया कि केंद्रीय एजेंसी ने संबंधित प्राइवेट सेक्टर कमर्शियल बैंक के अधिकारियों को पहले ही एक पत्र भेजकर 164 करोड़ रुपए के ऐसे ट्रांजेक्शन की जानकारी मांगी थी, जिसका खाता वहां है। बता दें कि अभी तृणमूल कांग्रेस के कुल 15 बैंक खातों पर पैसे निकालने (डेबिट) से जुड़ी पाबंदियां लगी हुई हैं। इनमें से 3 खातों पर राज्य पुलिस और ईडी के निर्देशों के बाद डेबिट पर रोक लगाई गई थी। बाकी 12 खातों पर सिर्फ राज्य पुलिस के निर्देशों के आधार पर ऐसी ही पाबंदियां लगाई गई थीं। जिन 3 बैंक खातों पर राज्य पुलिस और ईडी के निर्देशों के बाद डेबिट पर रोक लगाई गई थी, उनमें कुल जमा राशि 440 करोड़ रुपए है। सभी 15 बैंक खातों में कुल जमा राशि लगभग 1,000 करोड़ रुपए है। ईडी के कहने पर जिन तीन बैंक अकाउंट से पैसे निकालने पर रोक लगाई गई थी, उनकी जांच के दौरान सीबीआई के अधिकारियों को एक अकाउंट में 164 करोड़ रुपए के फर्जी ट्रांजेक्शन का पता चला। एजेंसी को अभी इन ट्रांजेक्शन की पूरी जानकारी नहीं मिल पाई है।

**Name Change**

I, Lakshmi Roy, daughter of Kanhai Gupta, residing at 9/2, Ashu Bose Lane, Howrah-711101, do hereby solemnly affirm and declare that my actual name is Lakshmi Roy and Lakshmi Roy and Lakshmi Roy Gupta is the same and one identical person via affidavit in the Court of Ld 1st Class Executive Magistrate at Howrah dated 14th July 2026.

**DUM DUM MUNICIPALITY**

HAS published E-tender in the Govt website: "**wbtenders.gov.in.**" related to Management Contract of Dum Dum Municipal Specialised Hospital & Cancer Research center (Expansion Project), for running this Expansion Project in the greater interest of the public at large for a period of 10 Years vide memo no **233/DDM/GEN/27-28, Dtd 05/06/2026.** Published on **08/06/2026**. Due to change in liabilities amount, the dates of the e-tender are hereby extended, The Last date for dropping Bids is now **25/07/2026.** Technical Bids opening is on **27/07/2026.**

**Sd/- Executive Officer**
**Dum Dum Municipality**

**हावड़ा मंडल के तहत नॉन-इंटरलॉकिंग कार्य के लिए ट्रेनों की नियंत्रण व्यवस्था**

**शुद्धिपत्र**

हावड़ा मंडल के तहत हावड़ा लिंक केबिन में **दिनांक 24.07.2026 को 17.00 बजे से 27.07.2026 को 05.00 बजे तक 60 घंटे** के लिए नॉन-इंटरलॉकिंग कार्य के लिए ट्रेनों की नियंत्रण व्यवस्था के संबंध में पूर्व प्रकाशित ऊपर शीर्षांकित अधिसूचना के संदर्भ में, यह उल्लेख किया जाता है कि (यात्रा आरम्भ होने की तारीख) 24.07.2026 के स्थान पर **12809 छत्रपति शिवाजी महाराज टर्मिनस-हावड़ा मेल (यात्रा आरम्भ होने की तारीख) 23.07.2026** को संतरागाछी स्टेशन में संक्षिप्त यात्रा समाप्त करेगी। अन्य सभी निर्देशावलियां अपरिवर्तित रहेंगी।

मंडल रेल प्रबंधक, हावड़ा

**पूर्व रेलवे**

हमें अनुसरण करें @EasternRailway @easternrailwayheadquarter

**हावड़ा मंडल में ट्रैक रखरखाव कार्य के लिए ट्रेनों की नियंत्रण व्यवस्था**

हावड़ा मंडल के बैण्डेल-कटवा खंड में गुप्तिपाड़ा और जिरट स्टेशनों के बीच डाउन लाइन पर, ट्रैक रखरखाव कार्य के लिए, **दिनांक 20/07, 21/07, 22/07, 24/07, 25/07 और 27/07/26 को 3 घंटे (13.00 बजे से 16.00 बजे तक) के लिए ट्रैफिक ब्लॉक** आवश्यक होगा। इसके फलस्वरूप, निम्नलिखित ट्रेनों को निम्नानुसार नियंत्रित किया जाएगा: ● **ट्रेनों का निरस्तीकरण (दिनांक 20/07, 21/07, 22/07, 24/07, 25/07 और 27/07/26 को) : 37748 कटवा-बैण्डेल लोकल और 37749 बैण्डेल-कटवा लोकल** ● **ट्रेनों का नियंत्रण (दिनांक 20/07, 21/07, 22/07, 24/07, 25/07 और 27/07/26 को) : 37924 कटवा-हावड़ा लोकल** को मार्ग में 20 मिनट के लिए नियंत्रित किया जाएगा। **ब्लॉक से पहले अंतिम ट्रेन: 37746 कटवा-बैण्डेल लोकल। ब्लॉक के बाद पहली ट्रेन: 37924 कटवा-हावड़ा लोकल।**

**विशेष टिप्पणी:** ब्लॉक अवधि के दौरान स्पेशल या विलंब से चलने वाली ट्रेनें और कोई भी नई शुरू की गई ट्रेन/पार्सल ट्रेन/टीओडी, यदि कोई हो, मार्ग में सुविधानुसार नियंत्रित की जाएंगी/परिवर्तित मार्ग पर चलाई जाएंगी। यात्रियों से अनुरोध है कि वे स्टेशनों की जनसंबोधन प्रणाली का पालन करें। असुविधा के लिए खेद है।

मंडल रेल प्रबंधक, हावड़ा

**पूर्व रेलवे**

हमें यहाँ देखें : @EasternRailway @easternrailwayheadquarter

**स्पेशल ट्रेनें**

**कानपुर सेंट्रल और कोलकाता तथा आगरा कैंट. और कोलकाता के बीच**

यात्रियों की अतिरिक्त भीड़ को संभालने के लिए, **कानपुर सेंट्रल** और **कोलकाता** तथा **आगरा कैंट.** और **कोलकाता** के बीच स्पेशल ट्रेनें निम्नलिखित संक्षिप्त समयसूची, आवागमन की तिथियों, ठहराव और गठन के अनुसार चलाई जाएंगी:-

**04157/04158 कानपुर सेंट्रल – कोलकाता – कानपुर सेंट्रल स्पेशल**

| कानपुर सेंट्रल – कोलकाता स्पेशल | | | (04157) (04158) | कोलकाता – कानपुर सेंट्रल स्पेशल | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| दिन | आ. | प्र. | स्टेशन | आ. | प्र. | दिन |
| मंगल | – | 08.00 | ↓ कानपुर सेंट्रल | 01.25 | – | बृहस्पति |
| | 17.30 | 17.35 | गया | 15.45 | 15.50 | बुध |
| | 20.40 | 20.45 | धनबाद | 12.45 | 12.50 | |
| | 22.10 | 22.15 | आसनसोल | 11.20 | 11.25 | |
| बुध | 00.58 | 01.00 | बर्द्धमान | 09.48 | 09.50 | |
| | 04.05 | – | कोलकाता ↑ | – | 07.25 | |

उपर्युक्त स्पेशल ट्रेनें दोनों दिशाओं में मार्ग में फतेहपुर, सूबेदारगंज, मिर्जापुर, पंडित दीन दयाल उपाध्याय जंक्शन, सासाराम, कोडरमा, पारसनाथ, नेताजी सुभाष चंद्र बोस गोमो, दुर्गापुर, बैण्डेल और नैहाटी जंक्शन स्टेशनों पर भी रुकेंगी। **आवागमन के दिन/तिथियाँ: कानपुर सेंट्रल से – 04157** दिनांक 21/07, 28/07, 04/08, 11/08, 18/08, 25/08, 01/09, 08/09, 15/09, 22/09 और 29/09/2026 (मंगलवार) को = 11 ट्रिप और **कोलकाता से – 04158** दिनांक 22/07, 29/07, 05/08, 12/08, 19/08, 26/08, 02/09, 09/09, 16/09, 23/09 और 30/09/2026 (बुधवार) को = 11 ट्रिप। **गठन:** एसी-2 टियर - 01, एसी-3 टियर - 04, शयनयान श्रेणी - 09, साधारण द्वितीय श्रेणी (जीएस) - 08 और एसएलआरडी- 02 = 24 कोच। **कैटेगरी:** मेल/एक्सप्रेस।

**01911 / 01912 आगरा कैंट.– कोलकाता – आगरा कैंट. स्पेशल**

| आगरा कैंट.– कोलकाता स्पेशल | | | (01911) (01912) | कोलकाता – आगरा कैंट. स्पेशल | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| दिन | आ. | प्र. | स्टेशन | आ. | प्र. | दिन |
| बृहस्पति | – | 03.40 | ↓ आगरा कैंट. | 08.00 | – | शनि |
| | 17.30 | 17.35 | गया | 15.45 | 15.50 | शुक्र |
| | 20.40 | 20.45 | धनबाद | 12.45 | 12.50 | |
| | 22.10 | 22.15 | आसनसोल | 11.20 | 11.25 | |
| शुक्र | 00.58 | 01.00 | बर्द्धमान | 09.48 | 09.50 | |
| | 04.05 | – | कोलकाता ↑ | – | 07.25 | |

उपर्युक्त स्पेशल ट्रेनें दोनों दिशाओं में मार्ग में टूण्डला, इटावा, कानपुर सेंट्रल, फतेहपुर, सूबेदारगंज, मिर्जापुर, पंडित दीन दयाल उपाध्याय जंक्शन, सासाराम, कोडरमा, पारसनाथ, नेताजी सुभाष चंद्र बोस गोमो, दुर्गापुर, बैण्डेल और नैहाटी जंक्शन स्टेशनों पर भी रुकेंगी। **आवागमन के दिन/तिथियाँ: आगरा कैंट से – 01911** दिनांक 23/07, 30/07, 06/08, 13/08, 20/08, 27/08, 03/09, 10/09, 17/09 और 24/09/2026 (बृहस्पतिवार) को = 10 ट्रिप और **कोलकाता से – 01912** दिनांक 24/07, 31/07, 07/08, 14/08, 21/08, 28/08, 04/09, 11/09, 18/09 और 25/09/2026 (शुक्रवार) को = 10 ट्रिप। **गठन:** एसी-2 टियर - 01, एसी-3 टियर - 02, शयनयान श्रेणी - 10, साधारण द्वितीय श्रेणी (जीएस) - 04 और एसएलआरडी- 02 = 19 कोच। **कैटेगरी:** मेल/एक्सप्रेस।

मुख्य यात्री परिवहन प्रबंधक

**पूर्व रेलवे**

हमें यहाँ देखें : @EasternRailway @easternrailwayheadquarter

# आज गृह मत्री शाह विश्व के सबसे बड़े दही उत्पादन संयंत्र का रखेंगे नींव

❑ कोलकाता में बहुभाषी संग्रहालय 'शब्दलोक' का करेंगे उद्घाटन



**कोलकाता, समाज्ञा :** केन्द्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह आज कोलकाता के न्यू टाउन कन्वेंशन सेंटर में अमूल बंगाल डेयरी परियोजना के अंतर्गत विश्व के सबसे बड़े दही उत्पादन संयंत्र का भूमि पूजन करेंगे। इस अवसर पर मुख्यमंत्री शुभेंदु अधिकारी सहित अनेक गणमान्य व्यक्ति और सहकारी क्षेत्र के प्रतिनिधि उपस्थित रहेंगे। कार्यक्रम के दौरान पश्चिम बंगाल में मोबिलिटी सेवाओं के संचालन और विस्तार के लिए भारत टैक्सी और पश्चिम बंगाल सरकार के सूचना प्रौद्योगिकी एवं इलेक्ट्रॉनिक्स विभाग के बीच एक समझौता ज्ञापन का आदान-प्रदान भी किया जाएगा। केन्द्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह श्वेत क्रांति 2.0 के अंतर्गत राज्य में नवगठित 200 से अधिक डेयरी सहकारी समितियों में से एक समिति को पंजीकरण प्रमाण-पत्र प्रदान करेंगे। इसके साथ ही राज्य में नवपंजीकृत 11 बहुउद्देशीय ग्रामीण सहकारी समितियों में से एक समिति को भी प्रतिनिधि रूप में पंजीकरण प्रमाण-पत्र प्रदान किया जाएगा। अमित शाह राज्य में सहकारी समितियों के रजिस्ट्रार कार्यालय के कम्प्यूटरीकरण की परियोजना के अंतर्गत विकसित ई-आरसीएस पोर्टल का शुभारंभ भी करेंगे। कार्यक्रम में अमित शाह 10 जिलों में कुल 1,400 मीट्रिक टन भंडारण क्षमता वाले 14 भंडारण गोदामों का शिलान्यास करेंगे। इन गोदामों का निर्माण लगभग 5.98 करोड़ रुपये की लागत से किया जाएगा। इसके अतिरिक्त, वे दक्षिण 24-परगना और कूचबिहार में कुल 73.61 लाख रुपये की लागत से निर्मित 100-100 मीट्रिक टन क्षमता वाले दो गोदामों का उद्घाटन भी करेंगे। भारत की बहुभाषी विरासत को समर्पित देश का पहला अनूठा संग्रहालय 'म्यूजियम ऑफ वर्ड' यानी 'शब्दलोक' आम लोगों के लिए खुलने जा रहा है। इस संग्रहालय में भारतीय भाषाओं के उद्भव, विकास और उनके सभ्यतागत प्रभाव वैज्ञानिक ढंग से प्रदर्शित होंगे। गृह मंत्री अमित शाह इस संग्रहालय का उद्घाटन करेंगे।

### सोनम वांगचुक की सेहत को लेकर ममता ने जताई चिंता, बोलीं

## 'लोकतंत्र में शांतिपूर्ण विरोध का सम्मान होना चाहिए

**कोलकाता, समाज्ञा :** पूर्व मुख्यमंत्री और तृणमूल कांग्रेस प्रमुख ममता बनर्जी ने शनिवार को जलवायु कार्यकर्ता और शिक्षाविद सोनम वांगचुक की बिगड़ती सेहत पर गहरी चिंता जताई। उन्होंने कहा कि वांगचुक ने केवल संवाद की मांग की थी, लेकिन उनकी अपील को कई सप्ताह तक नजरअंदाज किया गया।

ममता ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर लिखा कि सोनम वांगचुक की सेहत और कुशलक्षेम को लेकर मैं बेहद चिंतित हूं। उन्होंने केवल बातचीत की मांग की, लेकिन उनकी अपील का जवाब लंबे समय तक खामोशी से दिया गया। लोकतंत्र में शांतिपूर्ण असहमति का सम्मान होना चाहिए, उसे अनदेखा नहीं किया जाना चाहिए। उनकी आवाज भी वैसे ही अनसुनी कर दी गई, जैसे देश के अनेक युवाओं की आवाजों को नजरअंदाज किया जा रहा है। ममता ने कहा कि सोनम वांगचुक को किसी निजी अस्पताल में भर्ती होने की अनुमति दी जानी चाहिए। उन्होंने कहा कि जरूरत पड़ने पर उपचार का खर्च नागरिक स्वयं वहन करने के लिए भी तैयार हैं। जनता का विश्वास पारदर्शिता, जवाबदेही और लोकतांत्रिक अधिकारों के सम्मान से हासिल होता है, न कि शांतिपूर्ण आंदोलनों को दबाने या संवाद से बचने से। जो सरकार असहमति को लोकतांत्रिक जिम्मेदारी के बजाय खतरे के रूप में देखती है, वह जवाबदेही से बचते हुए जनता का विश्वास नहीं मांग सकती।

### राज्यपाल के नाम पर फोन किए जाने के मामले में लोक भवन ने दर्ज कराई शिकायत

कोलकाता, समाज्ञा

लोक भवन ने राज्यपाल बनकर कथित तौर पर गणमान्य व्यक्तियों और वरिष्ठ सरकारी अधिकारियों को फोन करने वाले एक अज्ञात व्यक्ति के खिलाफ कोलकाता पुलिस के साइबर अपराध प्रकोष्ठ में एक शिकायत दर्ज करायी है। एक अधिकारी ने शनिवार को यह जानकारी दी। राज्यपाल कार्यालय द्वारा जारी एक बयान में कहा गया कि कोई व्यक्ति एक मोबाइल नंबर से खुद को राज्यपाल या लोक भवन का अधिकारी बताकर फोन कर रहा है। लोक भवन के एक वरिष्ठ अधिकारी ने कहा कि इस मामले को गंभीरता से लिया गया है और उचित कानूनी कार्रवाई शुरू कर दी गई है। मामले की जांच की जा रही है। हम लोगों से अनुरोध करते हैं कि ऐसे किसी भी फोन या संदेश पर प्रतिक्रिया देने या कोई कदम उठाने से पहले उसकी प्रामाणिकता की पुष्टि कर लें। उन्होंने कहा कि लोक भवन ने सरकारी अधिकारियों और आम लोगों को सतर्क रहने तथा राज्यपाल या लोक भवन के किसी अधिकारी के नाम पर आने वाली किसी भी अवांछित कॉल या संदेश पर कदम नहीं उठाने की सलाह दी है। कोलकाता पुलिस के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि साइबर अपराध संबंधी शिकायत दर्ज कर ली गई है और मामले की आगे की जांच जारी है।

### बारहवीं मंजिल से कूदा युवक, नौवीं मंजिल की बालकनी में गिरा, हालत गंभीर

**कोलकाता :** उल्टाडांगा स्थित मर्लिन आवासीय परिसर में शनिवार तड़के एक 19 वर्षीय युवक ने बहुमंजिला इमारत की बारहवीं मंजिल के गलियारे की खिड़की से छलांग लगा दी। युवक की पहचान सप्तर्षि भट्टाचार्य के रूप में हुई है। वह डॉ. श्यामल भट्टाचार्य का पुत्र है और मर्लिन उल्टाडांगा के ब्लॉक-3 के फ्लैट जे/12 का निवासी है। घटना रात करीब 12:24 बजे मानिकतल्ला थाना क्षेत्र के 104, बिधाननगर रोड स्थित 13 मंजिला आवासीय भवन में हुई। छलांग लगाने के बाद युवक नौवीं मंजिल की बालकनी में गिरा। गंभीर रूप से घायल अवस्था में उसे तत्काल अपोलो ग्लेनीगल्स अस्पताल ले जाया गया, जहां आपातकालीन वार्ड में भर्ती कराया गया है। पुलिस घटना के कारणों की जांच कर रही है।

# राजारहाट में बिना लाइसेंस गो-वध और अवैध मांस बिक्री मामले में छह गिरफ्तार

### भाजपा विधायक ने पुलिस कार्रवाई को बताया 'जीरो टॉलरेंस'



**कोलकाता, समाज्ञा :** उत्तर 24 परगना जिले के राजारहाट थाना अंतर्गत रायगाछी इलाके में पुलिस ने कार्रवाई करते हुए अवैध रूप से बिना लाइसेंस के गो-वध करने और खुलेआम मांस बेचने के आरोप में छह लोगों को गिरफ्तार किया है। पुलिस को काफी समय से शिकायतें मिल रही थीं कि राजारहाट के कुछ संवेदनशील रिहायशी इलाकों में बिना किसी वैध दस्तावेज और नियमों को ताक पर रखकर सार्वजनिक रूप से गो वध कर मांस बेचा जा रहा है। इस सूचना के बाद राजारहाट थाना पुलिस ने छापेमारी कर छह लोगों दबोच लिया। शनिवार को सभी आरोपितों को बारसात न्यायालय में पेश किया गया, जहां से उन्हें न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया। इस घटना के सामने आने के बाद राजनीतिक बयानबाजी भी तेज हो गई है। राजारहाट न्यूटाउन के भाजपा विधायक पीयूष कनोरिया ने पुलिस कार्रवाई की सराहना करते हुए कहा कि मुख्यमंत्री शुभेंदु अधिकारी ने राज्य की कमान संभालते ही स्पष्ट कर दिया था कि बंगाल में सिर्फ और सिर्फ कानून का शासन चलेगा। उन्होंने कड़ी चेतावनी देते हुए कहा कि जो लोग छिपकर या आम जनता को डरा-धमकाकर इस तरह के अवैध धंधे संचालित करना चाहते हैं, उन्हें किसी भी कीमत पर बख्शा नहीं जाएगा। पिछली सरकारों के दौर में शासकों का अपना अलग कानून चलता था, लेकिन मौजूदा भाजपा सरकार ने अवैध गतिविधियों के खिलाफ 'जीरो टालरेंस' (शून्य सहनशीलता) की नीति अपनाई है। इस व्यवस्था में किसी भी प्रकार का अवैध कार्य बर्दाश्त नहीं होगा।

# टीएमसी के बागी सांसद सुदीप बंद्योपाध्याय ने पीएम मोदी से की मुलाकात



❑ बागी तृणमूल सांसदो को अलग बैठने की मंजूरी, सर्वदलीय बैठक का न्योता

**नयी दिल्ली/कोलकाता :** तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) के अलग हुए गुट के नेता सुदीप बंद्योपाध्याय ने शनिवार को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से मुलाकात की। आधिकारिक सूत्रों ने बताया कि लोकसभा के वरिष्ठ सांसद सुदीप बंद्योपाध्याय ने प्रधानमंत्री से मुलाकात की। लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने शनिवार को ही उनके गुट को मूल पार्टी से अलग बैठने की मंजूरी दी। अधिकारियों ने बताया कि बागी तृणमूल सांसदों को एनसीपीआई के हिस्से के रूप में मान्यता देने की मांग पर अभी कोई अंतिम फैसला नहीं लिया गया है और मामला अभी विचाराधीन है। संसदीय कार्य मंत्री किरेन रीजीजू ने बंद्योपाध्याय को संसद के मॉनसून सत्र से पहले रविवार को होने वाली सर्वदलीय बैठक में शामिल होने के लिए भी आमंत्रित किया।

# राज्य 15 अगस्त को पेश करेगा नई औद्योगिक नीति : वित्त मंत्री स्वपन दासगुप्ता

## भूमि अधिग्रहण नीति में बदलाव के संकेत



**कोलकाता, समाज्ञा :** राज्य के वित्त मंत्री स्वपन दासगुप्ता ने शनिवार को कहा कि राज्य सरकार स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर नई औद्योगिक नीति की घोषणा करेगी। उन्होंने बताया कि यह नीति निवेश आकर्षित करने, विनिर्माण क्षेत्र को बढ़ावा देने और रोजगार सृजन पर विशेष जोर देगी। इस दिन, उद्योग मंडल भारतीय उद्योग परिसंघ (सीआईआई) के पूर्वी क्षेत्र द्वारा आयोजित पूंजी बाजार सम्मेलन को संबोधित करते हुए दासगुप्ता ने कहा कि राज्य को व्यापक भूमि नीति की आवश्यकता है। उन्होंने बंद पड़ी औद्योगिक इकाइयों की भूमि के पुन: उपयोग और उद्योगों को वित्तीय प्रोत्साहन देने पर जोर दिया।

सीआईआई के ही एक अन्य कार्यक्रम 'मैन्युफैक्चरिंग कॉन्क्लेव ईस्ट' में राज्य के उद्योग मंत्री तापस रॉय ने कहा कि सरकार राज्य के औद्योगिक विकास के लिए एक व्यापक कार्ययोजना तैयार कर रही है। इसका उद्देश्य वर्ष 2027 तक पश्चिम बंगाल को देश के प्रमुख औद्योगिक गंतव्यों में शामिल करना है। उन्होंने कहा कि नई औद्योगिक नीति में आसान एकल खिड़की मंजूरी व्यवस्था, विभिन्न स्तरों पर समयबद्ध स्वीकृति, भौगोलिक सूचना प्रणाली (जीआईएस) आधारित भूमि बैंक, स्पष्ट प्रोत्साहन ढांचा, क्षेत्र आधारित औद्योगिक विकास, मजबूत लॉजिस्टिक ढांचा और मंजूरी प्रक्रियाओं को सरल बनाने जैसे प्रावधान शामिल होंगे। रॉय ने कहा कि पारदर्शी औद्योगिक नीति तैयार कर ली गई है और सरकार अगस्त तक औद्योगिक विकास की अगली योजना की घोषणा करने की उम्मीद कर रही है। उन्होंने कहा कि नियमों के अनुपालन को आसान बनाने और कारोबार सुगमता बढ़ाने के लिए विशेषज्ञ समिति गठित की जा रही है।



# 'मेरे नाम पर वसूली बर्दाश्त नहीं', मंत्री अग्निमित्रा पॉल की सख्त चेतावनी

**पश्चिम बर्दवान :** राज्य की नगर विकास एवं नगर उन्नयन मंत्री तथा आसनसोल दक्षिण की विधायक अग्निमित्रा पॉल ने उनके नाम पर कथित रूप से की जा रही वसूली, कटमनी, सिंडिकेट और एक्सटॉर्शन के मामलों को लेकर कड़ा रुख अपनाया है। उन्होंने एक वीडियो संदेश जारी कर आम जनता से अपील की कि यदि कोई व्यक्ति उनके, मुख्यमंत्री या सरकार के किसी मंत्री के नाम पर पैसे मांगता है तो उसकी तत्काल शिकायत करें।

अग्निमित्रा पॉल ने कहा कि पिछले कुछ दिनों से उनके पास लगातार शिकायतें पहुंच रही हैं कि कुछ लोग



उनके नाम का इस्तेमाल कर बाजारों और व्यापारियों से पैसे वसूलने की कोशिश कर रहे हैं। उन्होंने स्पष्ट शब्दों में कहा कि इस तरह की गतिविधियों को किसी भी कीमत पर बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री पहले ही स्पष्ट निर्देश दे चुके हैं कि कटमनी, गुंडा टैक्स, सिंडिकेट और जबरन वसूली करने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। यदि आवश्यकता पड़ी तो वह स्वयं भी ऐसे लोगों के खिलाफ कठोर कदम उठाएंगी।

मंत्री ने लोगों से अपील की कि किसी भी शिकायत के साथ ठोस सबूत जरूर रखें। उन्होंने कहा कि कई बार कुछ लोग किसी को बदनाम करने के लिए भी उनका नाम इस्तेमाल करते हैं, इसलिए बिना प्रमाण के किसी भी आरोप पर कार्रवाई करना संभव नहीं है। अग्निमित्रा पॉल ने लोगों को सतर्क करते हुए कहा कि केवल किसी व्यक्ति के साथ उनकी तस्वीर देखकर उस पर विश्वास न करें। उन्होंने कहा कि हजारों लोगों के साथ उनकी तस्वीरें हैं, इसलिए कोई भी व्यक्ति फोटो दिखाकर यह दावा करे कि उसे उनकी ओर से भेजा गया है, तो ऐसे दावों पर भरोसा न करें।

## पश्चिम बंगाल के चार प्रमुख उद्योगों के 1.5 लाख श्रमिकों के वेतन में होगी बढ़ोतरी

**कोलकाता, समाज्ञा :** पश्चिम बंगाल के स्पंज आयरन, फेरो एलॉय, इंडक्शन फर्नेस और रोलिंग मिल उद्योगों के श्रमिकों के लिए शनिवार को उद्योगव्यापी वेतन समझौते पर हस्ताक्षर किए गए। इस समझौते से राज्य के करीब 1.5 लाख श्रमिकों को लाभ मिलेगा। समझौते के तहत श्रमिकों के वेतन में लगभग 2,000 रुपये प्रतिमाह की वृद्धि की गई है। समझौते पर राज्य के श्रम मंत्री अर्जुन सिंह, श्रम विभाग की सचिव रचना भगत, विशेष श्रम आयुक्त आशीष सरकार, अतिरिक्त श्रम आयुक्त किंगशुक सिन्हा, ईपीएफ, ईएसआई, फैक्टरी और प्रदूषण नियंत्रण विभाग के अधिकारियों के साथ प्रबंधन एवं श्रमिक संगठनों के प्रतिनिधियों की उपस्थिति में हस्ताक्षर किए गए। इस



उद्योगव्यापी समझौते की विशेषता यह है कि पहली बार इसमें ईपीएफ, ईएसआई, ग्रेच्युटी और प्रदूषण संबंधी प्रावधानों को केंद्र और राज्य सरकार के संबंधित विभागों के माध्यम से प्रभावी ढंग से लागू करने की व्यवस्था की गई है। साथ ही, पश्चिम बंगाल में जल्द लागू होने वाली वेतन संहिता (वेज कोड) के तहत फ्लोर वेज लागू होने पर वेतन संशोधन का भी प्रावधान किया गया है।

## राज्य मंत्री पूर्णिमा चक्रवर्ती ने किया ऐतिहासिक कर्णगढ़ का दौरा



**मेदिनीपुर :** राज्य मंत्री पूर्णिमा चक्रवर्ती ने शनिवार को सरकारी कार्यक्रम के तहत ऐतिहासिक कर्णगढ़ का दौरा किया। इस दौरान उन्होंने वीरांगना रानी शिरोमणि के संघर्ष, साहस और बलिदान से जुड़ी इस ऐतिहासिक धरोहर को पश्चिम बंगाल के गौरव का प्रतीक बताया। राज्य मंत्री ने कहा कि राज्य सरकार का उद्देश्य पश्चिम बंगाल की समृद्ध ऐतिहासिक, सांस्कृतिक और विरासत स्थलों को पर्यटन से और अधिक प्रभावी ढंग से जोड़ना है, ताकि देश-विदेश के अधिक से अधिक पर्यटक बंगाल की समृद्ध विरासत से परिचित हो सकें। उन्होंने कहा कि ऐतिहासिक धरोहरों के संरक्षण और हेरिटेज पर्यटन के विकास से स्थानीय अर्थव्यवस्था को मजबूती मिलेगी, रोजगार के नए अवसर सृजित होंगे और राज्य की सांस्कृतिक पहचान को भी नई पहचान मिलेगी।

## इस्कॉन रथयात्रा में सीकर नागरिक परिषद ने लगाया सेवा शिविर

**कोलकाता, समाज्ञा :** इस्कॉन द्वारा आयोजित भव्य रथयात्रा में लाखों श्रद्धालुओं की सहभागिता के बीच सीकर नागरिक परिषद ने हाजरा मोड़ स्थित एचडीएफसी बैंक क्रॉसिंग के सामने सेवा शिविर लगाकर श्रद्धालुओं की सेवा की। रथयात्रा मिंटो पार्क से प्रारंभ होकर विभिन्न मार्गों से होते हुए पार्क स्ट्रीट पहुंची। परिषद की ओर से करीब 10 हजार श्रद्धालुओं एवं राहगीरों को खिचड़ी महाप्रसाद, शीतल शरबत, चना और बताशा प्रसाद वितरित किया गया। सेवा शिविर में परिषद के लगभग 300 कार्यकर्ताओं और स्वयंसेवकों ने श्रद्धाभाव से सेवाएं दीं। सभी स्वयंसेवकों को भगवान श्री जगन्नाथ की तस्वीर अंकित टी-शर्ट प्रदान की गई। रथ के आगमन से पूर्व परिषद के कार्यकर्ताओं ने सड़क पर झाड़ू लगाकर सफाई भी की। परिषद के अध्यक्ष एमेरिटस घनश्याम प्रसाद सोभासरिया ने कहा कि धार्मिक



आयोजनों में सेवा का विशेष महत्व होता है और ऐसे कार्य समाज में करुणा, सहयोग तथा समर्पण की भावना को सुदृढ़ करते हैं। अध्यक्ष ब्रह्मानंद अग्रवाल ने कहा कि रथयात्रा सामाजिक एकता और सांस्कृतिक चेतना का भी प्रतीक है तथा इस तरह के सेवा कार्य मानवता और भाईचारे को बढ़ावा देते हैं।

परिषद के सचिव रवि शंकर सीकरिया ने सभी सदस्यों एवं स्वयंसेवकों का आभार व्यक्त करते हुए बताया कि परिषद पिछले पांच वर्षों से लगातार इस्कॉन रथयात्रा के दौरान सेवा कार्य कर रही है और आगे भी यह अभियान जारी रहेगा। सेवा कार्य में सीमा अग्रवाल, रेणु पोद्दार, रतन कुमार सीकरिया, गोपाल सीकरिया, राजेश साव, मनोज यादव, समीर बनर्जी, दिलीप सहा, राखाल राय सहित अनेक स्वयंसेवकों ने सक्रिय योगदान दिया।

## जामुड़िया के स्पंज आयरन कारखाने में भीषण विस्फोट, पांच लोग झुलसे

**पश्चिम बर्दवान**

जिले में स्थित एक स्पंज आयरन कारखाने की भट्ठी में विस्फोट होने के बाद भीषण आग लग गई, जिसमें कम-से-कम पांच मजदूर गंभीर रूप से झुलस गए। पुलिस ने शनिवार को यह जानकारी दी। यह हादसा शुक्रवार की देर रात जामुड़िया इलाके में हुआ। विस्फोट इतना शक्तिशाली था कि इसकी आवाज करीब एक किलोमीटर दूर तक सुनाई दी। एक वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने बताया कि विस्फोट के बाद कारखाने में आग लग गई, जिसके बाद पुलिस और दमकल विभाग ने बड़े पैमाने पर राहत एवं बचाव अभियान शुरू किया। जामुड़िया पुलिस थाना प्रभारी सौमेंद्र सिंह ठाकुर ने कहा कि अब तक पांच मजदूरों को बाहर निकालकर विभिन्न अस्पतालों में भर्ती कराया गया है। उनकी हालत गंभीर बनी हुई है।

फिलहाल, यह स्पष्ट नहीं है कि विस्फोट के समय भट्ठी के पास कोई अन्य कर्मचारी मौजूद था या नहीं। उन्होंने बताया कि जब तक भट्ठी का तापमान सामान्य नहीं हो जाता और क्षेत्र को पूरी तरह सुरक्षित घोषित नहीं किया जाता, तब तक कारखाने के भीतर तलाशी और बचाव अभियान शुरू नहीं किया जा सकता। स्थानीय लोगों का दावा है कि आठ से दस मजदूर अब भी लापता हैं और उनके कारखाने के अंदर फंसे होने की आशंका है। उनका यह भी कहना है कि विस्फोट के प्रभाव से कारखाने के आसपास स्थित कई मकानों में दरारें पड़ गई हैं।

### टाटा मोटर्स के 'कौशल्य' कार्यक्रम से 23,000+ युवाओं को कौशल, 5,000+ को मिला रोजगा

**कोलकाता :** विश्व युवा कौशल दिवस से पहले टाटा मोटर्स ने अपने प्रमुख 'कौशल्य' कार्यक्रम की उपलब्धियां साझा करते हुए बताया कि इसके तहत अब तक 23,000 से अधिक युवाओं को कौशल प्रशिक्षण दिया गया है, जबकि 5,000 से अधिक युवाओं को रोजगार मिल चुका है। कंपनी के अनुसार कार्यक्रम में 100 प्रतिशत प्लेसमेंट दर्ज किया गया है और 50 से अधिक प्रशिक्षुओं को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भी रोजगार मिला है। 'अर्न एंड लर्न' मॉडल पर आधारित इस पहल के तहत मैकाट्रॉनिक्स सहित ऑटोमोबाइल मैन्युफैक्चरिंग, ऑटोमेशन, आईओटी और इंडस्ट्री 4.0 जैसे क्षेत्रों में प्रशिक्षण दिया जाता है। टाटा मोटर्स के मुख्य मानव संसाधन अधिकारी सीताराम कांडी ने कहा कि यह कार्यक्रम उद्योग की जरूरतों के अनुरूप कुशल कार्यबल तैयार कर युवाओं को बेहतर करियर के अवसर उपलब्ध करा रहा है।

## विश्व भारती में एसएफआई और एबीवीपी कार्यकर्ताओं के बीच हिंसक झड़प, पुलिस बल तैनात

**बीरभूम :** विश्व भारती विश्वविद्यालय परिसर में शनिवार को उस समय तनाव फैल गया, जब सोनम वांगचुक के आंदोलन के समर्थन में आयोजित एक अनशन के दौरान स्टूडेंट्स फेडरेशन ऑफ इंडिया (एसएफआई) और अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद (एबीवीपी) के कार्यकर्ता आपस में भिड़ गये। दोनों पक्षों के बीच हुआ विवाद देखते ही देखते हिंसक झड़प में तब्दील हो गया, जिसमें कई छात्र घायल हो गये। घटना विश्वविद्यालय परिसर के हिंदी भवन के समक्ष हुई, जहां छात्रों का एक गुट 24 घंटे के शांतिपूर्ण अनशन पर बैठा था। प्रत्यक्षदर्शियों और अनशन पर बैठे एसएफआई



समर्थकों का आरोप है कि उनका शांतिपूर्ण प्रदर्शन चल रहा था, तभी एबीवीपी के कुछ सदस्य वहां पहुंचे और अचानक 'भारत माता की जय' के नारे लगाने लगे। नारे लगते ही दोनों पक्षों में तीखी नोकझोंक शुरू हो गयी। कुछ ही मिनटों में धक्का-मुक्की और मारपीट शुरू हो गयी। इस अप्रत्याशित घटना से पूरे परिसर में अफरा-तफरी मच गयी। हंगामे और मारपीट की सूचना मिलते ही विश्वविद्यालय के कई प्रोफेसर और प्रशासनिक अधिकारी मौके पर पहुंचे। विश्व भारती के निजी सुरक्षा कर्मियों ने भी घटनास्थल पर पहुंचकर दोनों गुटों को अलग किया और हालात को नियंत्रित करने का प्रयास किया। घटना की गंभीरता को देखते हुए स्थानीय पुलिस भी मौके पर पहुंची। फिलहाल, किसी भी अप्रिय घटना को रोकने के लिए परिसर में सुरक्षा व्यवस्था कड़ी कर दी गयी है। पुलिस ने इस पूरे मामले की जांच शुरू कर दी है। सीसीटीवी फुटेज व प्रत्यक्षदर्शियों के बयान दर्ज किये जा रहे हैं।

## हावड़ा मंडल में ट्रैक मेंटेनेंस के चलते कई ट्रेनों का परिचालन प्रभावित

**कोलकाता, समाज्ञा :** दक्षिण पूर्व रेलवे के हावड़ा मंडल के अंतर्गत बंडेल-कटवा सेक्शन में गुप्तीपाड़ा और जीराट स्टेशनों के बीच डाउन लाइन पर ट्रैक मेंटेनेंस कार्य के लिए 20, 21, 22, 24, 25 एवं 27 जुलाई 2026 को ट्रैफिक एवं पावर ब्लॉक लिया जाएगा। इस दौरान प्रतिदिन दोपहर 1 बजे से शाम 4 बजे तक (180 मिनट) ब्लॉक रहने के कारण कुछ ट्रेनों के परिचालन में बदलाव किया गया है। इस ब्लॉक अवधि के दौरान कटवा से चलने वाली ट्रेन संख्या 37748 तथा बंडेल से चलने वाली ट्रेन संख्या 37749 को 20, 21, 22, 24, 25 एवं 27 जुलाई को रद्द रखा जाएगा। इसके अलावा, ट्रेन संख्या



37924 का परिचालन इन सभी ब्लॉक वाले दिनों में 20 मिनट तक रेगुलेट किया जाएगा, जिससे उसके निर्धारित समय में आंशिक विलंब हो सकता है। रेलवे ने यह भी स्पष्ट किया है कि ब्लॉक शुरू होने से पहले ट्रेन संख्या 37746 इस मार्ग से गुजरने वाली अंतिम ट्रेन होगी, जबकि ब्लॉक समाप्त होने के बाद ट्रेन संख्या 37924 इस सेक्शन से गुजरने वाली पहली ट्रेन रहेगी।

## आद्रा मंडल में रोलिंग ब्लॉक के चलते कई मेमू ट्रेनों का परिचालन रहेगा प्रभावित

**कोलकाता, समाज्ञा**

दक्षिण पूर्व रेलवे के आद्रा मंडल में 20 से 26 जुलाई 2026 तक प्रस्तावित संयुक्त रोलिंग ब्लॉक कार्यक्रम के कारण कई मेमू यात्री ट्रेनों के परिचालन में अस्थायी बदलाव किया गया है। जानकारी के अनुसार, 68046/68045 आसनसोल-आद्रा-आसनसोल मेमू पैसेंजर 20, 21, 22, 23, 24 और 26 जुलाई को रद्द रहेगी। 63594/63593 आसनसोल-पुरुलिया-आसनसोल मेमू पैसेंजर 20, 21 और 23 जुलाई को रद्द रहेगी, जबकि 68056 टाटानगर-आसनसोल मेमू पैसेंजर 24 और 25 जुलाई को निरस्त रहेगी।

इसके अलावा, कई ट्रेनों का आंशिक संचालन किया जाएगा। 68056/68060 टाटानगर-आसनसोल-बाराभूम मेमू 26 जुलाई को आद्रा में शॉर्ट टर्मिनेट तथा आद्रा से ही शॉर्ट ओरिजिनेट होगी। इस दौरान आद्रा-आसनसोल खंड में सेवा रद्द रहेगी। 63594/63593 आसनसोल-पुरुलिया-आसनसोल मेमू 22 और 25 जुलाई को आद्रा में शॉर्ट टर्मिनेट तथा आद्रा से शॉर्ट ओरिजिनेट होगी और आद्रा-पुरुलिया खंड में सेवा नहीं चलेगी।

इसी प्रकार, 68055/68056 आसनसोल-टाटानगर-आसनसोल मेमू 21 और 23 जुलाई को पुरुलिया में शॉर्ट टर्मिनेट तथा शॉर्ट ओरिजिनेट होगी, जिससे टाटानगर-पुरुलिया खंड में सेवा रद्द रहेगी। वहीं, यही ट्रेन 22 और 23 जुलाई को आद्रा में शॉर्ट टर्मिनेट तथा शॉर्ट ओरिजिनेट होगी और आद्रा-टाटानगर खंड में सेवा नहीं चलेगी। इसके अतिरिक्त, 68060 आसनसोल-बाराभूम मेमू 24 और 25 जुलाई को आद्रा से ही शॉर्ट ओरिजिनेट होगी तथा 68055 आसनसोल-टाटानगर मेमू इन्हीं तिथियों में आद्रा में शॉर्ट टर्मिनेट होगी। इन दोनों ट्रेनों के आद्रा-आसनसोल तथा आद्रा-टाटानगर खंड में सेवाएं रद्द रहेंगी।

### रॉयल स्टैग 2025 में दुनिया का सबसे अधिक बिकने वाला व्हिस्की ब्रांड बना

**कोलकाता, समाज्ञा :** पर्नोड रिकार्ड इंडिया ने घोषणा की है कि आईडबल्यूएसआर वॉल्यूम 2025 की नवीनतम रैंकिंग के अनुसार रॉयल स्टैग वर्ष 2025 में दुनिया का सबसे अधिक बिकने वाला व्हिस्की ब्रांड बन गया है। वर्ष 2025 में इस ब्रांड की 3.26 करोड़ (32.6 मिलियन) केस बिक्री दर्ज की गई। पर्नोड रिकार्ड इंडिया के मुख्य कार्यकारी अधिकारी जीन टुबूल ने कहा कि यह उपलब्धि पिछले तीन दशकों से उपभोक्ताओं के भरोसे और ब्रांड की गुणवत्ता के प्रति प्रतिबद्धता का परिणाम है। उन्होंने कहा कि बदलती उपभोक्ता पसंद के अनुरूप लगातार नवाचार और सांस्कृतिक जुड़ाव ने रॉयल स्टैग को वैश्विक स्तर पर अग्रणी बनाया है। पर्नोड रिकार्ड इंडिया की मुख्य विपणन अधिकारी देबाश्री दासगुप्ता ने कहा कि यह उपलब्धि केवल बिक्री का रिकॉर्ड नहीं, बल्कि उपभोक्ताओं के विश्वास, निरंतर नवाचार और क्रिकेट, संगीत तथा युवा संस्कृति से जुड़े अभियानों की सफलता का भी प्रमाण है।

## दक्षिण पूर्व रेलवे के नए अपर महाप्रबंधक बने मनीष जैन

**कोलकाता, समाज्ञा :** दक्षिण पूर्व रेलवे के नए अपर महाप्रबंधक के रूप में मनीष जैन ने शुक्रवार को पदभार ग्रहण किया। भारतीय रेल यांत्रिक अभियंता सेवा (आईआरएसएमई) के 1990 बैच के वरिष्ठ अधिकारी श्री जैन इससे पहले मेट्रो रेलवे, कोलकाता में प्रधान मुख्य संरक्षा अधिकारी के पद पर कार्यरत थे। रेलवे में तीन दशक से अधिक के अपने कार्यकाल के दौरान श्री जैन ने कई महत्वपूर्ण जिम्मेदारियां निभाई हैं। वह पूर्व रेलवे में मुख्य रोलिंग स्टॉक इंजीनियर (कोचिंग) और हावड़ा मंडल के मंडल रेल प्रबंधक रह चुके हैं। इसके अलावा रेलवे बोर्ड में कार्यकारी निदेशक (यांत्रिक अभियांत्रिकी-माल) एवं कार्यकारी निदेशक (यांत्रिक अभियांत्रिकी-ट्रैक्शन), इरकॉन में मुख्य महाप्रबंधक, कॉनकॉर में ग्रुप



जनरल मैनेजर (तकनीकी) तथा राष्ट्रीय रेल संग्रहालय, नई दिल्ली के निदेशक सहित भारतीय रेल के कई महत्वपूर्ण पदों पर अपनी सेवाएं दे चुके हैं। रेल अभियांत्रिकी एवं रेल परिचालन के क्षेत्र में श्री जैन को व्यापक अनुभव प्राप्त है। उन्होंने भारत के अलावा अमेरिका और कनाडा सहित कई देशों में प्रशिक्षण कार्यक्रमों में भाग लिया है। खेल, चलचित्र और संगीत में उनकी विशेष रुचि है।

## डिप्लोमेसिया- 2026 के जरिए एसपीके जैन फ्यूचरिस्टिक अकादमी ने विद्यार्थियों को वैश्विक नेतृत्व का मंच दिया

**कोलकाता, समाज्ञा :** एसपीके जैन फ्यूचरिस्टिक अकादमी में आयोजित 'डिप्लोमेसिया 2026 - डायलॉग बियॉन्ड बॉर्डर्स' में 300 से अधिक युवा प्रतिनिधियों ने कूटनीति, सुशासन, विधि और वैश्विक मुद्दों पर आधारित शैक्षणिक गतिविधियों में भाग लिया। सम्मेलन में मॉडल यूनाइटेड नेशंस (एमयूएन), यूथ पार्लियामेंट, मूट कोर्ट और इंटरनेशनल प्रेस सिमुलेशन का आयोजन किया गया, जिसके माध्यम से विद्यार्थियों को वैश्विक चुनौतियों पर संवाद, नीति-निर्माण और नेतृत्व कौशल विकसित करने का अवसर मिला। कार्यक्रम में डॉ. राहुल वर्मा (सचिव जनरल, वेस्ट बंगाल फेडरेशन ऑफ यूनाइटेड नेशंस एसोसिएशन), जेसिका गोम्स सुराना (प्राचार्या, बिरला हाई स्कूल, मुकुंदपुर), रीमा चौधुरी (उप-प्राचार्या, एपीजे स्कूल, पार्क स्ट्रीट) तथा सिद्धार्थ घोष (संस्थापक,



कॉन्टूर्स एंड पाथवेज प्राइवेट लिमिटेड एवं होस्ट, एक्सप्रेशन विद सिद्धार्थ) विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित रहे।

एसपीके जैन फ्यूचरिस्टिक अकादमी की प्राचार्या डॉ. जयिता गांगुली ने कहा कि 'डिप्लोमेसिया 2026' केवल एक शैक्षणिक गतिविधि नहीं, बल्कि ऐसा परिवर्तनकारी शिक्षण अनुभव है, जिसने विद्यार्थियों को स्वतंत्र सोच, आत्मविश्वास के साथ अपने विचार रखने और वैश्विक दृष्टिकोण अपनाने के लिए प्रेरित किया। वहीं, अकादमी के सचिव जयदीप पटवा ने कहा कि संस्थान का उद्देश्य विद्यार्थियों को जिम्मेदार वैश्विक नागरिक और विचारशील नेतृत्वकर्ता बनाना है तथा यह सम्मेलन उसी दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल साबित हुआ। सम्मेलन के दौरान प्रतिभागियों ने नीतिगत चर्चाओं, विधिक बहसों और मीडिया सिमुलेशन में सक्रिय भागीदारी कर समालोचनात्मक सोच, प्रभावी संवाद, सहयोग और नेतृत्व कौशल का प्रदर्शन किया।

### शहर में आज

- **बाबा रामदेव जी की अमृतमयी कथा 'जुम्मा'**, पं.लक्ष्मीकांत व्यास (मुन्नाजी) के द्वारा, दोपहर 1 बजे से, स्थान- माहेश्वरी भवन, अमृत हॉल, 5 तल्ला, 4 शोभाराम बैशाख स्ट्रीट, बड़ाबाजार, कोलकाता।
- **गंगा सेवा समिति :** मां गंगा जी की आरती, सायं 6.30 से बजे, स्थान- मल्लिक घाट पम्पिंग स्टेशन, फूलकटरा, बड़ाबाजार, कोलकाता।
- **बाबा रामदेव भक्त मण्डल (मगरा क्षेत्र) :** संगीतमय भजन कीर्तन, सायं 4 बजे से, स्थान- सरला लोहिया, संघ श्री जमुना भवन, 217 रवीन्द्र सारणी, मारवाड़ी रिलीफ सोसाइटी हॉस्पिटल के बगल में, बड़ाबाजार, कोलकाता।
- **श्री सीताराम सत्संग समिति (कोलकाता) :** विशेष सार्वजनिक संगीतमय सामूहिक सुन्दरकाण्ड पाठ, सुबह 10:30 बजे से, स्थान- विधान गार्डेन,बैंक्वेट-1, 11 कैनल सर्कुलर रोड, ई. एम. बाईपास, गौतम कैफ के सामने, उल्टाडांगा, कोलकाता।
- **श्री मानस गीता प्रचार परिषद :** संगीतमय भजन कीर्तन, दोपहर 3 बजे से, स्थान- गोपाल बेरीवाल, ड्रीम लैण्ड बिल्डिंग, ब्लॉक-बी, 4 तल्ला, 83/84/85 सलकिया स्कूल रोड, आवास के सामने, बांधाघाट, हावड़ा।
- **श्री राम भक्त मंडल (हावड़ा) :** संगीतमय सामूहिक सुन्दरकाण्ड पाठ, दोपहर 3.30 बजे से, स्थान- गणेश मल लाढ़ानी, विवेक विहार, फेज-5, ब्लॉक-21, 5 तल्ला, फ्लैट-5सी, नेक्सा शैरूम के पास, फोरशोर रोड, हावड़ा।
- **भगवान श्री लक्ष्मीनारायण धाम :** साप्ताहिक बीजमंत्र एवं गणेश स्रोत का पाठ, सुबह 11 बजे से, स्थान- माहेश्वरी भवन सभागार, 4 शोभाराम बैशाख स्ट्रीट, बड़ाबाजार, कोलकाता।

## कोलकाता से कानपुर सेंट्रल और आगरा कैंट के लिए स्पेशल ट्रेनें चलेंगी

**कोलकाता, समाज्ञा :** रेलवे ने यात्रियों की बढ़ती भीड़ को देखते हुए कोलकाता से कानपुर सेंट्रल और आगरा कैंट के लिए स्पेशल ट्रेनों के संचालन का निर्णय लिया है। इन ट्रेनों का परिचालन जुलाई से सितंबर 2026 के बीच निर्धारित तिथियों पर किया जाएगा। 04157 कानपुर सेंट्रल-कोलकाता स्पेशल प्रत्येक मंगलवार 21 जुलाई से 29 सितंबर 2026 तक कुल 13 फेरों में चलेगी। यह ट्रेन सुबह 8 बजे कानपुर सेंट्रल से रवाना होकर अगले दिन सुबह 4:05 बजे कोलकाता पहुंचेगी। वहीं, 04158 कोलकाता-कानपुर सेंट्रल स्पेशल प्रत्येक बुधवार 22 जुलाई से 30 सितंबर 2026 तक कुल 11 फेरों में संचालित होगी। यह ट्रेन सुबह 7:25 बजे कोलकाता से प्रस्थान कर अगले दिन 1:25 बजे कानपुर सेंट्रल पहुंचेगी।

इसी प्रकार, 01911 आगरा कैंट-कोलकाता स्पेशल प्रत्येक गुरुवार 23 जुलाई से 24 सितंबर 2026 तक कुल 10 फेरों में संचालित होगी। यह ट्रेन सुबह 3:40 बजे आगरा कैंट से रवाना होकर अगले दिन सुबह 4:05 बजे कोलकाता पहुंचेगी। जबकि 01912 कोलकाता-आगरा कैंट स्पेशल प्रत्येक शुक्रवार 24 जुलाई से 25 सितंबर 2026 तक कुल 10 फेरों में चलेगी और सुबह 7:25 बजे कोलकाता से रवाना होकर अगले दिन सुबह 8 बजे आगरा कैंट पहुंचेगी। दोनों स्पेशल ट्रेनें मार्ग में नैहाटी, बंडेल, वर्दवान, दुर्गापुर और आसनसोल स्टेशनों पर दोनों दिशाओं में ठहरेंगी।

## नीट-यूजी 2026: एलन कोलकाता के 3 छात्रों ने टॉप-1000 में बनाई जगह, 5 छात्र टॉप-1600 में शामिल

**कोलकाता, समाज्ञा :** नेशनल टेस्टिंग एजेंसी (एनटीए) द्वारा घोषित नीट-यूजी 2026 के परिणामों में एलन कोलकाता के विद्यार्थियों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए संस्थान का गौरव बढ़ाया है। एलन कोलकाता के 3 छात्रों ने ऑल इंडिया रैंक (एआईआर) की टॉप-1000 सूची में स्थान बनाया, जबकि 5 छात्रों ने टॉप-1600 में जगह बनाई। सफल विद्यार्थियों में अरित्रा कुमार चक्रवर्ती ने 680 अंक के साथ एआईआर-284, राजन्या दिंदा ने 659 अंक के साथ एआईआर-940, संपूर्णा घोष ने 658 अंक के साथ एआईआर-981, अनिर्बान दत्ता ने 650 अंक के साथ एआईआर-1404 तथा नंदिनी मल ने 649 अंक के साथ एआईआर-1532 प्राप्त की। एलन कोलकाता के सेंटर हेड देबाशीष सान्याल ने कहा कि उत्कृष्ट परिणाम



विद्यार्थियों और अभिभावकों के संस्थान पर विश्वास का प्रमाण हैं तथा एलन इसी भरो से के साथ आगे बढ़ रहा है। राष्ट्रीय स्तर पर भी एलन करियर इंस्टीट्यूट ने शानदार सफलता हासिल की है। नीट-यूजी 2026 में एलन के 5 छात्रों ने टॉप-10 में स्थान बनाया। आर्यन गुप्ता ने एआईआर-1, पांशुल बंसल ने एआईआर-2, आयुष भालोटिया ने एआईआर-4, आर्यन दुबे ने एआईआर-7 तथा गौरव सिंह ने एआईआर-9 प्राप्त की। अब तक के विश्लेषण के अनुसार एलन के 43 छात्र टॉप-100 में शामिल हैं। वहीं, एनटीए के अनुसार 690 या उससे अधिक अंक प्राप्त करने वाले शीर्ष 138 विद्यार्थियों में 60 छात्र एलन से हैं, जो संस्थान की उत्कृष्ट शैक्षणिक गुणवत्ता का प्रमाण है।



# आर.जी. कर अस्पताल का औचक निरीक्षण करने पहुंचे स्वास्थ्य मंत्री, सफाई और अव्यवस्था पर जताई नाराजगी

**कोलकाता :** बारासात मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल के औचक निरीक्षण के बाद शनिवार को राज्य के स्वास्थ्य मंत्री शारदुत मुखोपाध्याय ने अचानक आर.जी. कर मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल का निरीक्षण किया। दोपहर करीब साढ़े 12 बजे बिना पूर्व सूचना के अस्पताल पहुंचे मंत्री ने विभिन्न वार्डों, आपातकालीन भवन तथा छात्रावास का दौरा कर स्वास्थ्य सेवाओं का जायजा लिया। निरीक्षण के बाद उन्होंने अस्पताल में साफ-सफाई की स्थिति, प्रशासनिक अव्यवस्था तथा कथित दलाल तंत्र को लेकर कड़ी नाराजगी जताई। उन्होंने स्पष्ट किया कि राज्य के सभी सरकारी अस्पतालों में इसी तरह औचक निरीक्षण जारी रहेगा और अधिकारियों को हर समय सतर्क रहना होगा।



स्वास्थ्य मंत्री ने अस्पताल के आपातकालीन विभाग, महिला वार्ड, शिशु वार्ड सहित विभिन्न विभागों का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने मरीजों, उनके परिजनों तथा ड्यूटी पर तैनात स्वास्थ्यकर्मियों से बातचीत कर चिकित्सा व्यवस्था की जानकारी ली। बाद में मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल के वरिष्ठ अधिकारियों के साथ बैठक कर विभिन्न प्रशासनिक मुद्दों पर चर्चा की। इसके अलावा उन्होंने डॉक्टरों और मेडिकल छात्रों के छात्रावास का भी निरीक्षण किया तथा वहां उपलब्ध सुविधाओं और व्यवस्थाओं की समीक्षा की।

निरीक्षण के दौरान स्वास्थ्य मंत्री ने अस्पताल की स्वच्छता व्यवस्था पर गंभीर सवाल उठाए। उन्होंने कहा कि कई स्थानों पर साफ-सफाई अपेक्षित स्तर की नहीं मिली और कुछ मामलों में प्रशासन की उदासीनता भी सामने आई। उन्होंने अस्पताल प्रबंधन को निर्देश दिया कि मरीजों को बेहतर और सम्मानजनक स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराने के लिए सभी कमियों को तत्काल दूर किया जाए।

स्वास्थ्य मंत्री शारदुत मुखोपाध्याय ने कहा, राज्य सरकार के मंत्री इसी तरह बिना पूर्व सूचना के अस्पतालों का औचक निरीक्षण करेंगे। सभी अधिकारियों और कर्मचारियों को हर समय तैयार रहना होगा। अस्पताल में भर्ती होते ही मरीजों के परिजनों को आया रखने के लिए बाध्य करने की प्रवृत्ति समाप्त होनी चाहिए। हमने लोगों से भी जागरूक रहने की अपील की है। यदि कोई दलाल किसी प्रकार की राशि की मांग करता है तो इसकी सूचना तत्काल एमएसवीपी, प्राचार्य अथवा सीधे मुझे दी जाए। यदि दवाओं की उपलब्धता को लेकर कोई समस्या हो, तब भी इसकी जानकारी तुरंत प्रशासन को दें।

उन्होंने कहा कि सरकार का उद्देश्य सरकारी अस्पतालों में पारदर्शी, जवाबदेह और मरीज-केंद्रित स्वास्थ्य व्यवस्था सुनिश्चित करना है। इसके लिए निरीक्षण अभियान आगे भी लगातार जारी रहेगा, ताकि अस्पतालों में अनुशासन, स्वच्छता और गुणवत्ता-पूर्ण चिकित्सा सेवाएं सुनिश्चित की जा सकें।

## 'केस छोड़ो वरना अंजाम भुगतो!' महिला वकील पर चाकू से हमले का आरोप

❑ **पूर्व पार्षद बाप्पादित्य दासगुप्ता और उसके करीबी के खिलाफ वकील ने दर्ज कराई शिकायत**

**कोलकाता, समाज्ञा :** दक्षिण कोलकाता के पाटुली इलाके में एक वकील को धमकी देने का मामला सामने आया है। वसूली और जबरन उगाही के आरोप में जेल में बंद पूर्व तृणमूल पार्षद बाप्पादित्य दासगुप्ता और उसके करीबी युवा नेता सौरव घोष के खिलाफ एक महिला वकील ने जानलेवा हमले की साजिश रचने की लिखित शिकायत दर्ज कराई है। पीड़िता का आरोप है कि जब वह शुक्रवार की रात को पाटुली थाने में अपने खिलाफ मिल रही धमकियों की शिकायत दर्ज कराने जा रही थीं, तभी दो बदमाशों ने उनकी गाड़ी रुकते ही उन पर चाकू से हमला कर दिया। इस हमले में महिला वकील के हाथ में चोट आई है।

पीड़िता ने पुलिस को बताया कि वे अदालत में बाप्पादित्य और सौरव घोष से जुड़े मुकदमों की पैरवी कर रही हैं। पिछले कई दिनों से उन पर इस केस से हटने का दबाव बनाया जा रहा था। वारदात को अंजाम देने के बाद हमलावरों ने उन्हें खुलेआम धमकी दी और कहा कि यह सिर्फ एक ट्रेलर था। बाप्पादित्य और सौरव के मामलों से दूर हो जाओ, नहीं तो अगली बार जान से मार देंगे। फिलहाल, इस हमले के बाद इलाके के अधिवक्ताओं में भारी आक्रोश है। पुलिस ने पीड़िता की शिकायत के आधार पर मामले की जांच शुरू कर दी है, लेकिन अब तक कोई औपचारिक एफआईआर दर्ज नहीं की गई है।

## श्रावणी मेले को लेकर ट्रैफिक एडवाइजरी जारी, 23 अगस्त तक रहेगी विशेष यातायात व्यवस्था

**हुगली :** श्रावणी मेला-2026 के मद्देनजर चंदननगर पुलिस कमिश्नरेट ने 14 जुलाई से 23 अगस्त तक अपने अधिकार क्षेत्र में विशेष यातायात व्यवस्था लागू की है। इस दौरान श्रद्धालुओं की सुरक्षा और सुचारु आवागमन सुनिश्चित करने के लिए कई मार्गों पर अस्थायी ट्रैफिक प्रतिबंध लगाए गए हैं।

पुलिस के अनुसार, श्रावणी मेले के दौरान बड़ी संख्या में शिवभक्त सेवड़ाफुली के निमाई तीर्थ घाट समेत कमिश्नरेट क्षेत्र के विभिन्न घाटों से गंगाजल लेकर बैद्यबाटी-तारकेश्वर रोड (रूट संख्या-12) से पैदल बाबा तारकनाथ और लोकनाथ मंदिर के लिए रवाना होंगे। श्रद्धालुओं की भीड़ को देखते हुए यातायात व्यवस्था में बदलाव किया गया है।

निर्धारित समय के दौरान अधिसूचित मार्गों पर मालवाहक वाहनों के आवागमन पर रोक रहेगी। हालांकि निजी कार, मोटरसाइकिल, ऑटो-रिक्शा और अन्य अनुमत वाहनों के लिए वैकल्पिक मार्ग तय किए गए हैं, ताकि आम लोगों को अनावश्यक परेशानी का सामना न करना पड़े।

चंदननगर पुलिस कमिश्नरेट ने लोगों से अपील की है कि यात्रा से पहले ट्रैफिक डायवर्जन की जानकारी प्राप्त करें, निर्धारित वैकल्पिक मार्गों का उपयोग करें और ड्यूटी पर तैनात पुलिसकर्मियों के निर्देशों का पालन करें। पुलिस का कहना है कि नागरिकों के सहयोग से श्रद्धालुओं की सुरक्षित आवाजाही सुनिश्चित की जा सकेगी और यातायात व्यवस्था सुचारु बनी रहेगी।

## जेआईएस एजुकेशन एक्सपो 2026 सिलिगुड़ी संस्करण में ज्ञान, नवाचार और करियर मार्गदर्शन का संगम

**सिलिगुड़ी :** जेआईएस ग्रुप एजुकेशनल इनिशिएटिव्स द्वारा आयोजित जेआईएस एजुकेशन एक्सपो 2026 - सिलिगुड़ी संस्करण का सफल समापन हुआ। पूर्व भारत के प्रमुख शिक्षा एक्सपो में शामिल इस आयोजन में छात्रों, अभिभावकों, शिक्षकों और शिक्षा विशेषज्ञों ने भाग लिया। इस कार्यक्रम का उद्घाटन पश्चिम बंगाल सरकार के संसदीय कार्य एवं पर्यटन मंत्री डॉ. शंकर घोष, जेआईएस ग्रुप के निदेशक सरदार सिमरप्रीत सिंह और बिजनेस डेवलपमेंट के उप निदेशक बिद्युत मजूमदार सहित अन्य वरिष्ठ अधिकारियों की मौजूदगी में हुआ।

एक्सपो में उत्तर बंगाल, सिलिगुड़ी और आसपास के क्षेत्रों के 65 स्कूलों के 1,200 से अधिक छात्रों ने हिस्सा लिया। यहां छात्रों को उच्च



शिक्षा के विकल्पों, करियर योजना और भविष्य की संभावनाओं को समझने का अवसर मिला। इस आयोजन में जेआईएस ग्रुप के 39 संस्थानों, 185 शैक्षणिक कार्यक्रमों और 45 हजार से अधिक छात्रों वाले शैक्षणिक नेटवर्क को प्रदर्शित किया गया। एक्सपो में उत्तर बंगाल, सिलिगुड़ी और आसपास के क्षेत्रों के कक्षा 10वीं और 12वीं के 1,200 से अधिक मेधावी छात्रों को सम्मानित भी किया गया। इस अवसर पर जेआईएस ग्रुप के निदेशक सरदार सिमरप्रीत सिंह ने कहा कि संस्थान का उद्देश्य छात्रों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा, सही मार्गदर्शन और बेहतर भविष्य के अवसर उपलब्ध कराना है।

## 'उनमें अहंकार की कोई कमी नहीं', अभिषेक के बयान पर ऋतब्रत बनर्जी का पलटवार

**कोलकाता, समाज्ञा :** तृणमूल कांग्रेस के बागी नेताओ को अभिषेक बनर्जी ने घर वापसी के लिए बड़ा ऑफर दिया था। इसके बाद, ऋतब्रत बनर्जी ने पलटवार किया है। विपक्ष नेता ऋतब्रत बनर्जी ने कहा कि उन्होंने आज यह बात कही। कल उन्होंने क्या कहा था? उन्होंने कहा था कि 'लूटने वाले' ईडी और सीबीआईख के डर से भाग गए, और अगले ही दिन वह उन्हीं लूटने वालों को वापस आने के लिए कह रहे हैं। यह विरोधाभास है, उन्हें 4 मई को ही चुनाव नतीजों की जिम्मेदारी लेते हुए इस्तीफा दे देना चाहिए था। वह अंडा फेंके जाने के डर से अपना वॉइस सैंपल देने भी नहीं जा पाए। इतने बड़े नेता हैं, फिर भी उनके अहंकार की कोई सीमा नहीं है। उन्हें पार्टी की लीडरशिप से इस्तीफा देना चाहिए और फिर ऐसी बातें करनी चाहिए। उन्होंने आगे कहा कि 2031



अभी बहुत दूर है। पहले 2029 आएगा, तब उन्हें लोकसभा चुनाव लड़ना होगा, और जनता असलियत देख चुकी है। जीतने की बात करने से पहले, उन्हें चुनाव लड़ना चाहिए और अपनी जमानत राशि बचानी चाहिए। पहले उन्हें अपनी जमानत तो बचाने दें, फिर हम 2031 के बारे में सोच सकते हैं। उनमें अहंकार की कोई कमी नहीं है। अगर कोई कानूनी शिकायत है, तो कोर्ट जाएं। अगर कोई अथॉरिटी आपकी किसी चीज को यह कहकर गिरा रही है कि वह गैर-कानूनी है, जबकि असल में ऐसा नहीं है, तो आगे बढ़ें और कोर्ट में न्याय मांगें।

### कारगिल विजय दिवस 2026: रक्षा मंत्री ने 'शौर्य विजय यात्रा' को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया

**कोलकाता :** कारगिल विजय दिवस 2026 के देशव्यापी उत्सव के अवसर पर, रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने राष्ट्रीय युद्ध स्मारक, नई दिल्ली से 'शौर्य विजय यात्रा' को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस 13 दिवसीय अभियान में राइडर्स जावा और येज़्दी मोटरसाइकिलों पर अपनी यात्रा पूरी करेंगे। 'वन राइड, वन नेशन, वन सैल्यूट' के आदर्श वाक्य के साथ, 1,900 किलोमीटर लंबे इस अभियान में सेवारत और सेवानिवृत्त रक्षा कर्मियों और निडर शहीदों के निकटतम परिजनों सहित 28 राइडर्स शामिल हैं। इस हरी झंडी दिखाने के समारोह में भारत के रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह; चीफ ऑफ डिफेंस स्टाफ जनरल एन. एस. राजा सुब्रमणि; और थल सेनाध्यक्ष जनरल धीरज सेठ के साथ-साथ वरिष्ठ सैन्य अधिकारी, पूर्व सैनिक और आमंत्रित अतिथि उपस्थित थे।

## राज्य में कम्युनिस्टों की वापसी को लेकर तथागत रॉय ने भाजपा को किया आगाह

**कोलकाता, समाज्ञा :** भाजपा के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष और मेघालय के पूर्व राज्यपाल तथागत रॉय ने शनिवार को कहा कि हाल के विधानसभा चुनाव में बड़ी हार के बाद तृणमूल कांग्रेस में अंदरूनी हलचल है। उन्होंने चेतावनी दी कि इस स्थिति का फायदा उठाकर कम्युनिस्ट पार्टियों को राज्य में अपनी पुरानी राजनीतिक ताकत दोबारा हासिल नहीं करने देना चाहिए। रॉय ने सोशल मीडिया पर एक बयान में कहा कि भाजपा को यह पक्का करने के लिए सतर्क रहना होगा कि आज तृणमूल कांग्रेस के बिखरने से बने राजनीतिक खालीपन का फायदा उठाकर सीपीआई(एम) उसमें घुस न जाए। यह सीधी सी बात कि 'कम्युनिस्ट यानी धोखा'



अभी भी हममें से कई लोगों, यानी बंगाली हिंदुओं, की समझ में नहीं आती है। उनके मुताबिक, हिंदू कम्युनिस्ट हमेशा मुस्लिम वोटरों को लुभाने के लिए बहुत उत्सुक रहते हैं। अपनी बात के समर्थन में, उन्होंने राज्य के एक हिंदू सीपीआई(एम) नेता का उदाहरण दिया, जो बीफ खाते थे, जबकि एक बड़े मुस्लिम सीपीआई(एम) नेता को कभी भी पोर्क खाते हुए नहीं देखा गया। रॉय ने राज्य के आखिरी कम्युनिस्ट मुख्यमंत्री, स्व. बुद्धदेव भट्टाचार्य का भी जिक्र किया। उन्होंने याद दिलाया कि 2002 में भट्टाचार्य ने बेबाकी से कहा था कि राज्य के सीमावर्ती इलाकों के कई मदरसों में देश-विरोधी प्रचार किया जा रहा है। रॉय ने कहा कि उनके बयान सभी अखबारों में छपे थे, जिसमें सीपीआई(एम) का पार्टी मुखपत्र 'गणशक्ति' भी शामिल था। अगले ही दिन, सीपीआई(एम) नेतृत्व के दबाव में भट्टाचार्य को अपना बयान वापस लेना पड़ा। उन्होंने दावा किया कि उत्तर प्रदेश पुलिस के एंटी-टेररिस्ट स्क्वाड (एटीएस) ने हाल ही में उत्तर 24 परगना जिले के दो मदरसों में जो छापेमारी की, उससे साबित होता है कि उस समय भट्टाचार्य का बयान कितना सच था।

## रसोई गैस रिसाव मामले में महिला के पक्ष में फैसला, गैस कंपनी और डिस्ट्रीब्यूटर पर 1 लाख मुआवजा

**हुगली :** जिले के उपभोक्ता संरक्षण आयोग ने रसोई गैस रिसाव से एक महिला के गंभीर रूप से झुलसने के मामले में गैस आपूर्ति करने वाली कंपनी और उसके डिस्ट्रीब्यूटर को कुल 1 लाख रुपये मुआवजा देने का आदेश दिया है।

अदालत के अनुसार, यह घटना 11 अगस्त 2023 को हुई थी। उस दिन भद्रेश्वर थाना क्षेत्र के मल्लिककाटी की निवासी सुतपा ढोले अपने रसोईघर में खाना बना रही थीं। तभी अचानक गैस सिलेंडर से रिसाव होने के कारण आग लग गई, जिससे उनके हाथ और पीठ का बड़ा हिस्सा बुरी तरह झुलस गया।

घटना के बाद परिजन उन्हें तुरंत अस्पताल ले गए, जहां लंबे इलाज के बाद वह स्वस्थ हुईं। इसके बाद उन्होंने सभी चिकित्सा दस्तावेजों के साथ उपभोक्ता संरक्षण आयोग में शिकायत दर्ज कराई।

दुर्घटना के तुरंत बाद गैस कंपनी के डिस्ट्रीब्यूटर ने सुतपा के घर पहुंचकर घटनास्थल का निरीक्षण किया। जांच के बाद रिसाव वाले सिलेंडर को बदलकर नया सिलेंडर दिया गया। साथ ही डिलीवरी स्लिप में यह भी दर्ज किया गया कि पहले दिया गया सिलेंडर लीकेज वाला था। यही दस्तावेज शिकायतकर्ता के पक्ष में महत्वपूर्ण साक्ष्य साबित हुआ।

अदालत ने बताया कि गैस कंपनी और डिस्ट्रीब्यूटर को नोटिस भेजे जाने के बावजूद उनका कोई प्रतिनिधि सुनवाई में उपस्थित नहीं हुआ। इसलिए आयोग ने एकतरफा फैसला सुनाते हुए महिला के पक्ष में निर्णय दिया और दोनों पक्षों को मिलकर 1 लाख रुपये का मुआवजा देने का आदेश दिया।

## लापता राइफल शूटर दमयंती सेन सकुशल बरामद, तनाव के चलते घर छोड़ने की बात कही

**हावड़ा, समाज्ञा :** हावड़ा से लापता हुई 15 वर्षीय राष्ट्रीय स्तर की राइफल निशानेबाज दमयंती सेन शनिवार के तड़के सकुशल बरामद कर ली गई हैं। हावड़ा सिटी पुलिस ने बताया कि दमयंती को हावड़ा के रामकृष्णपुर घाट इलाके से खोज निकाला गया। फिलहाल, वह हावड़ा थाने की देखरेख में हैं और मामले में आगे की कानूनी प्रक्रिया पूरी की जा रही है। बता दें कि दमयंती सेन हावड़ा के उमाचरण भट्टाचार्य लेन की निवासी हैं। वह दो दिन पहले गुरुवार की सुबह करीब 9 बजे अपने घर से दूध खरीदने निकली थी। उस समय उसने नाइट ड्रेस पहन रखी थी। वह अपना मोबाइल फोन लेकर नहीं निकली थी। रोज की तरह सुबह 10 बजे उसे अपने पिता के साथ शूटिंग अभ्यास के लिए जाना था। घर नहीं लौटने पर परिवार ने उसकी तलाश शुरू की। काफी खोजबीन के बाद भी पता नहीं चलने पर हावड़ा थाने में गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज कराई गई। शुरुआती जांच में सीसीटीवी फुटेज में उन्हें हावड़ा रेलवे स्टेशन पर देखा गया था, जिसके बाद पुलिस ने कई टीमों का गठन कर उनकी तलाश शुरू की थी। इस दिन, रामकृष्णपुर फेरी जेटी के पास सुबह टहलने वाले कुछ लोगों ने दमयंती को बिना किसी स्पष्ट उद्देश्य के घूमते हुए देखा। लोगों ने उन्हें पहचान लिया और तुरंत उनके परिवार को सूचना दी। इसके बाद, उनके पिता ध्रुवज्योति सेन मौके पर पहुंचे और बेटी को सुरक्षित घर ले आए। हावड़ा सिटी पुलिस की ओर से जारी आधिकारिक बयान के अनुसार, दमयंती ने प्रारंभिक पूछताछ में बताया है कि खेल और पढ़ाई के बीच संतुलन बनाए रखने के कारण वह अत्यधिक मानसिक तनाव में थीं। इसी वजह से उन्होंने घर छोड़ दिया और इस दौरान विभिन्न स्थानों पर घूमती रहीं। बाद में, वह अपने गृह नगर हावड़ा लौट आईं, जहां रामकृष्णपुर घाट क्षेत्र से उन्हें बरामद किया गया। पुलिस ने स्पष्ट किया है कि दमयंती द्वारा दिए गए बयान का अभी सत्यापन किया जाना बाकी है। इसलिए जांच जारी रहेगी और सभी तथ्यों की पुष्टि के बाद ही मामले पर अंतिम निष्कर्ष निकाला जाएगा।

### पश्चिम बंगाल ने मनाया अब तक का सबसे बड़ा और सबसे तेज़ अमेज़न प्राइम डे

**कोलकाता :** प्राइम डे 2026 विक्रेता भागीदारों के लिए अमेज़न इंडिया का अब तक का सबसे बड़ा प्राइम डे रहा, जिसमें छोटे और मध्यम व्यवसायों की अब तक की सबसे अधिक भागीदारी देखी गई। इसमें रिकॉर्ड संख्या में विक्रेताओं ने 10 लाख रुपये से अधिक की बिक्री का आंकड़ा पार किया और भाग लेने वाले दो-तिहाई से अधिक एसएमबी टियर 2 और 3 शहरों से आए। अमेज़न के भारत और उभरते देशों के वाइस प्रेसिडेंट (प्राइम एंड कस्टमर फुलफिलमेंट एक्सपीरियंस) अक्षय साही ने कहा, हमें पश्चिम बंगाल में अपने ग्राहकों को बड़ी बचत करने में मदद करना पसंद है, और प्राइम डे वैल्यू, तेज़ डिलीवरी, बेहतरीन डील्स, नए लॉन्च और ब्लॉकबस्टर मनोरंजन का एक बड़ा उत्सव है जो प्राइम मेंबरशिप प्रदान करती है।

### शिव शक्ति समिति के राम कथा के अष्टम दिवस लगा रहा भक्तों का तांता



**कोलकाता, समाज्ञा :** शिव शक्ति समिति द्वारा आयोजित राम कथा के अष्टम दिवस भक्तों का तांता लगा रहा। इस दिन, कथा के मुख्य यजमान रिंकू सिंह, माया सिंह रहे। अयोध्या धाम से पधारे कथा वाचक बलराम दास ने कथा प्रसंग में सुर्पनखा का लक्ष्मण द्वारा नाक कान काटना, सीता माता का रावण द्वारा अपहरण, रावण और जटायु की लड़ाई, श्री राम और लक्ष्मण द्वारा जटायु का अंतिम संस्कार और श्री राम लक्ष्मण का सबरी माता का आश्रम में आगमन और नवधा भक्ति का उपदेश दिया। कार्यक्रम में राज किशोर तिवारी, मनोज आदर्श, डबलू सिंह, अरविंद सिंह, रघुनाथ अग्रवाल, आकाश पांडे, राकेश सिंह राणा, बबीता पाठक, सुजाता पांडे, राजकुमार पांडे, शिव शक्ति समिति के अध्यक्ष दारा सिंह, संयोजक पार्षद कामाख्या नारायण सिंह, भरत शाह, विनोद दुबे, किसन शाह व अन्य गणमान्य उपस्थित रहे।

## श्रीरामपुर में तृणमूल पार्षदों के घरों के बाहर भाजपा का प्रदर्शन, इस्तीफे की मांग

**हुगली :** जिले के श्रीरामपुर नगर पालिका क्षेत्र में शनिवार को भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ताओं ने स्थानीय लोगों के साथ मिलकर तृणमूल कांग्रेस के पार्षदों के घरों के बाहर विरोध प्रदर्शन किया। प्रदर्शनकारियों ने संबंधित पार्षदों से इस्तीफा देने की मांग करते हुए चेतावनी दी कि यदि निर्धारित समय शाम पांच बजे तक इस्तीफा नहीं दिया गया तो उनके घरों के बाहर धरने पर बैठा जाएगा। भाजपा कार्यकर्ताओं ने श्रीरामपुर नगर पालिका के वार्ड संख्या 15 की पार्षद झूमा शील, वार्ड संख्या 17 के पार्षद मिलन मुखर्जी, वार्ड संख्या 10 की पार्षद बेबी घोष तथा वार्ड संख्या 22 की पार्षद तियाशा मुखर्जी के आवास के बाहर प्रदर्शन किया। प्रदर्शन के दौरान पार्षदों के खिलाफ



नारेबाजी की गई और उनसे तत्काल पद छोड़ने की मांग की गई।

भाजपा समर्थकों का आरोप है कि नगर पालिका में व्याप्त विभिन्न अनियमितताओं और हालिया घटनाक्रम के मद्देनज़र संबंधित पार्षदों को नैतिक आधार पर अपने पद से इस्तीफा देना चाहिए।

उल्लेखनीय है कि 29 वार्डों वाली श्रीरामपुर नगर पालिका में नई सरकार के सत्ता में आने के बाद चेयरमैन और वाइस चेयरमैन सहित अब तक नौ तृणमूल पार्षद अपने पद से इस्तीफा दे चुके हैं। ऐसे में शेष पार्षदों पर भी इस्तीफे का दबाव बढ़ता दिखाई दे रहा है।

## डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी की जयंती पर शरबत वितरित



**कोलकाता :** महान राष्ट्रभक्त और जनसंघ के संस्थापक डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी की जयंती के अवसर पर सोमवार को बीबीडी बाग डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी सेवा समिति द्वारा राहगीरों के लिए शीतल शरबत वितरण और जन्मोत्सव कार्यक्रम का आयोजन किया गया। मौके पर संस्था के अध्यक्ष राजेश जैन ने मूर्ति पर माल्यार्पण किया। कार्यक्रम को सफल बनाने में गणेश सिंह, कपिल जयसवाल, कुशल पांडे, कमलजीत पांडे, रोहित पाठक, संतोष सिंह, विनय सिंह, अनुज कोचर, गोपाल सुथार, मनोज गौर, अभिनय सिंह, किटू सिंह, राघव सिंह, परमा सोनकर एवं विभिन्न लोगों का पूर्ण योगदान रहा। समिति के महामंत्री हरिकेश सिंह (गुड्डन) ने सभी का आभार व्यक्त किया।

## कोलकाता मे फिर कोरोना की दस्तक, 10 साल का बच्चा संक्रमित

### मां को आइसोलेशन में रखा गया

**कोलकाता, समाज्ञा**

राज्य में कोविड-19 ने फिर से दस्तक दे दी है। गरिया निवासी 10 साल के एक बच्चे के वायरस से संक्रमित होने के खबर ने चिंता बढ़ा दी है। पता चला है कि गरिया निवासी यह बच्चा कई दिनों से बुखार और सांस लेने में तकलीफ से जूझ रहा था। डॉक्टरों की सलाह पर परिवार ने उसे अस्पताल में भर्ती कराया। बाद में, हुई जांच में पुष्टि हुई कि वह कोविड-19 से संक्रमित है। उसे शनिवार की सुबह कोलकाता के एक निजी अस्पताल लाया गया। शुरू में परिवार को लगा कि उसे हल्का बुखार, सर्दी और सांस लेने में दिक्कत है, लेकिन



डॉक्टरों को शक हुआ और उन्होंने स्वैब टेस्ट कराने को कहा, जिसकी रिपोर्ट पॉजिटिव आई। उसे तुरंत अस्पताल में भर्ती कर लिया गया। अस्पताल के सूत्रों के मुताबिक, उसकी हालत अभी गंभीर है और उसका आईसीयू में इलाज चल रहा है। इस बीच, लड़के की मां को भी आइसोलेशन में रखा गया है।

### राज्य में जाइंट स्क्रीन पर विश्व कप फाइनल की लाइव स्क्रीनिंग

**कोलकाता :** पश्चिम बंगाल सरकार फीफा विश्व कप फाइनल की लाइव स्क्रीनिंग यहां नंदन पर विशाल स्क्रीन पर करेगी जिससे फुटबॉलप्रेमियों को अर्जेंटीना और स्पेन के बीच यह मुकाबला देखने का मौका मिलेगा। अधिकारियों ने बताया कि अन्य जिलों में भी इस तरह विशाल स्क्रीन पर लाइव स्क्रीनिंग के इंतजाम किये जा रहे हैं। युवा सेवा और खेल विभाग दूसरे विभागों से बातचीत करके यह इंतजाम कर रहा है। इसके लिये हर जिला प्रशासन को एक लाख रूपये दिये गए हैं। मुख्य स्थल कोलकाता में नंदन, रबींद्र सदन और अकादमी परिसर होंगे जहां दर्शकों के लिये स्टेडियम जैसा माहौल बनाया जा रहा है। पूर्व खिलाड़ियों और जानी मानी हस्तियों को भी आमंत्रित किया जा रहा है।

## श्रावणी मेले के सफल आयोजन के लिए हरिपाल में हुई प्रशासनिक बैठक



**कोलकाता :** हरिपाल डेवलपमेंट ब्लॉक में शनिवार को श्रावणी मेले की तैयारियों की समीक्षा को लेकर एक महत्वपूर्ण प्रशासनिक बैठक आयोजित की गई। बैठक में विभिन्न विभागों के अधिकारियों के साथ विधायक दिलीप सिंह ने भी भाग लिया और मेले के सफल आयोजन को लेकर आवश्यक सुझाव दिए। बैठक में सुरक्षा व्यवस्था, यातायात प्रबंधन, स्वच्छता, श्रद्धालुओं की सुविधाओं तथा अन्य आवश्यक तैयारियों पर विस्तार से चर्चा की गई। विधायक दिलीप सिंह ने कहा कि मेले के दौरान सभी विभाग आपसी समन्वय के साथ कार्य करें, ताकि श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की असुविधा न हो। बैठक में सभी तैयारियां समय पर पूरी करने और श्रद्धालुओं की सुविधा सुनिश्चित करने पर विशेष जोर दिया गया।

## पूर्वांचल कोलकाता महिला मंडल का श्री उत्सव बना आकर्षण का केंद्र, 2,950 से अधिक आगंतुकों ने की सहभागिता

**कोलकाता :** अखिल भारतीय तेरापंथ महिला मंडल (एबीटीएमएम) के निर्देशन में पूर्वांचल कोलकाता महिला मंडल द्वारा आयोजित दो दिवसीय प्रदर्शनी श्री उत्सव - एक कदम स्वावलम्बन की ओर का 15 एवं 16 जुलाई को दिविनिटी पैविलियन, कोलकाता में भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ आचार्य श्री तुलसी के मंगल पाठ के साथ हुआ। प्रदर्शनी का उद्घाटन जेवीबी के संयुक्त सचिव नवीन बेंगानी, राष्ट्रीय संयोजिका एवं बंगाल प्रभारी सुषमा बेंगानी तथा पद्मश्री सम्मानित मानसी चक्रवर्ती ने किया।

पूर्वांचल कोलकाता महिला मंडल की अध्यक्षा बबीता तातेड़ ने अतिथियों का स्वागत करते हुए कहा कि श्री उत्सव का उद्देश्य महिलाओं को स्वरोजगार, आत्मनिर्भरता और उद्यमिता के लिए प्रेरित करना है। मंडल की मंत्री नीता बोथरा ने बताया कि समाज एवं व्यापार जगत के सहयोग से यह आयोजन सफल रहा। प्रदर्शनी में 160 स्टॉल लगाए गए, जिनमें 5 स्टॉल स्वयंसेवी संस्थाओं (एनजीओ) के थे। महिला उद्यमियों ने हस्तशिल्प, परिधान, आभूषण, गृह सज्जा और अन्य उत्पादों का प्रदर्शन किया। बच्चों के लिए ड्रॉइंग एवं स्टोरी टेलिंग प्रतियोगिता, रील प्रतियोगिता तथा प्रत्येक दो घंटे में लकी ड्रॉ का आयोजन भी किया गया,



जिसने आगंतुकों का विशेष आकर्षण प्राप्त किया।

दो दिनों में 2,950 से अधिक लोगों ने प्रदर्शनी का अवलोकन किया। कार्यक्रम में एबीटीएमएम के ट्रस्टीगण, वर्किंग कमेटी सदस्य, विभिन्न सामाजिक एवं धार्मिक संस्थाओं के प्रतिनिधि, सोशल मीडिया इन्फ्लुएंसर्स तथा अनेक गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। शिक्षा मंत्री जया बोथरा ने एबीटीएमएम की विभिन्न योजनाओं की जानकारी दी। कार्यक्रम का संचालन नीता बोथरा ने किया, जबकि सह मंत्री सुनीता नाहर ने आभार ज्ञापन प्रस्तुत किया। आयोजन संयोजिकाओं एवं पूर्वांचल कोलकाता महिला मंडल की पूरी टीम के समर्पित प्रयासों से श्री उत्सव महिला सशक्तिकरण और स्वावलम्बन की दिशा में एक प्रेरणादायी पहल के रूप में सफल रहा।

# नरवर का किला, शिवपुरी, मध्यप्रदेश

## हमारी अनजानी धरोहर 102



डॉ। एस। के। सैनी

नरवर का किला मध्य प्रदेश में शिवपुरी जिले में है और काली सिंध नदी के किनारे पर 500 फीट की ऊंचाई पर बना हुआ एक विशाल किला है जो लगभग 1100 वर्ष पुराना है हालांकि किवदनतियों के अनुसार इसकी स्थापना महाभारत कालीन महाराजा नल ने की थी जो नल और दमयंती की कथा के रूप में अत्यंत प्रसिद्ध थे।

यह एक विशाल किला है जिसमें कई बड़े-बड़े टांके हैं और 16 बड़ी बावड़िया हैं जो इस किले की पानी की जरूरत की निर्बाध आपूर्ति करते थे।

इस किले पर अलग-अलग समय पर अलग-अलग शासको का राज्य रहा है और अंत में यह सिंधिया वंश की संपत्ति बन कर रहा है हाल ही में यह 17 जुलाई 2026 को अचानक चर्चा का विषय बन गया था क्योंकि चोरों ने यहां पर 3500 किलो की 16वीं शताब्दी की एक लोहे की बनी हुई पड़ी प्राचीन धरोहर महत्व की तोप को चुरा लिया। अंतरराष्ट्रीय बाजार में इसकी कीमत लगभग 5 करोड़ के लगभग है अभी तक पुलिस चोरों का पता नहीं लगा पाई है अचानक से नरवर का किला भारत की खबरों का विषय बन गया है।

नरवर के किले को कच्छवाहा वंश के राजा नल के द्वारा निर्मित किया गया था बाद में 10 वीं शताब्दी में यहां पर कच्छावा वंश का शासन रहा फिर तोमर वंश का शासन रहा। मुगल काल में कुछ समय के लिए यह किला मुगलों के अधीन भी रहा। इसके लिए की सबसे बड़ी विशेषता है इसकी अभेदता।



काली सिंध नदी के किनारे होने से इसके लिए पर दुश्मनों का अचानक आक्रमण करना संभव था इसकी ऊंचाई अपने आप में आधा किलोमीटर से कहीं ज्यादा है और यह संपूर्ण किला छत्तीस वर्ग किलोमीटर के क्षेत्र में फैला हुआ है सभी ओर से यानी चहुं दिशाओं से नीचे से आने वाले किसी भी दुश्मन की गतिविधियों पर यहां से सटीकता पूर्वक निगरानी रखी जा सकती है।

इस्केले के अंदर कई सुरंगे हैं राजा, रानियां के महल हैं और हर जगह बुर्ज पर निगरानी स्थल है जहां से कई मीलों तक निगरानी रखी जा सकती है। वर्तमान में इसके लिए पर संपूर्ण पर्यवेक्षक भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण विभाग का है ऐसे सुरक्षित स्थल से ऐतिहासिक धरोहर महत्व की तोप का चोरी हो जाना बहुत ही खेद जनक है।

# धूप का चश्मा खरीदने से पहले

पूनम दिनकर



तपती धूप में नंगी आंखों से बाहर घूमने का दुष्परिणाम बहुतों को भुगतना पड़ता है। आंखें लाल-लाल हो जाती हैं और दुखने लग जाती हैं। यह इसलिए होता है कि आंखें गर्मी की तपिश को बर्दाश्त नहीं कर पाती।

इससे बचने के लिए सबसे ज्यादा जरूरी है कि तेज धूप में बाहर निकलने से पहले धूप का रंगीन चश्मा अवश्य पहन लिया जाये। चश्मा नहीं पहनने से कड़ी धूप में सूरज की किरणों से जो रेडियेशन होता है, उससे आंखों की पुतलियां झुलस भी सकती हैं जिसके कारण नजरें कमजोर हो जाती हैं।

धूप का चश्मा सूरज की किरणों की तीव्रता कम कर देता है। यही नहीं, तेज धूप में चश्मा नहीं पहनने से आंखों को सिकोड़कर देखने की आदत-सी पड़ जाती है जिसके कारण आंखों के आसपास धारियां जैसी पड़ जाती हैं जो खूबसूरत चेहरे पर बदनुमा धब्बा बनाकर सुन्दरता को हर लेती हैं।

चश्मा खरीदते समय इसकी क्वालिटी पर भी ध्यान देना होता है जिसे प्रायः लोग नजरअंदाज कर देते हैं। चश्मा पहनते समय इसकी क्वालिटी की भी जांच नहीं करते। स्वस्थ आंखों के लिए ऐसा शौक उचित नहीं है। आप चश्मा अवश्य खरीदिए मगर आंखों की सुरक्षा को ध्यान में रखकर न कि केवल शौक के लिए।

चश्मा खरीदते समय हमेशा विश्वस्त दुकान पर जाकर अच्छी कंपनी द्वारा निर्मित चश्मा ही खरीदें। फुटपाथों पर बिक रहे चश्मे आपके स्वास्थ्य के लिए अच्छे नहीं हो सकते। फुटपाथी चश्मों के लैंस सामान्य होते हैं जो धूप में अत्यधिक गर्म होकर आंखों की सुरक्षा के बजाय उन्हें और भी गर्म कर डालते हैं। ये चश्मे स्वास्थ्य को अन्य प्रकार से भी हानि पहुंचाते हैं।

चश्मे में प्रयुक्त होने वाले लेंस की जांच स्वयं भी की जा सकती है। चश्मे को एक हाथ से पकड़कर सामने की वस्तु को देखें। अब लेंस को कभी तिरछा व कभी सीधा करें। दाएं-बाएं करते हुए लेंस में से झांकिए। ऐसा करने से अगर सामने वाली वस्तु आड़ी तिरछी दिखे तो समझ लीजिए कि वह चश्मा आपके योग्य नहीं है।

चश्मे के रंगों का जहां तक सवाल है तो स्लेटी अथवा भूरे रंग का लैंस ही लें क्योंकि ये रंग आंखों को शीतलता का अहसास कराते हैं। इनसे आंखों पर कोई प्रतिकूल असर नहीं पड़ता। वैसे फैशन की दृष्टि से बाजार में लाल, पीला, हरा, नीला आदि कई रंगों में लेंस उपलब्ध होते हैं परन्तु ये रंग फैशन की भूख को तो शांत कर देते हैं लेकिन आंखों के साथ-साथ अन्य शारीरिक व मानसिक हानि भी पहुंचा सकते हैं।

फ्रेम चश्मे का उतना ही महत्वपूर्ण हिस्सा होता है जितना कि लैंस। फ्रेम अगर ठीक ढंग से नहीं बैठता तो असमय ही सिर में दर्द उत्पन्न हो सकता है। इस समय बाजारों में काफी छोटे-छोटे चश्मे मिलते हैं जो आंखों को पूरी तरह ढक नहीं सकते।

चश्मे का आकर्षक फ्रेम व्यक्तित्व में चार-चांद लगा देता है। जो व्यक्ति नजर का चश्मा भी पहनते हैं, उन्हें 'क्लिप आन' चश्मा पहनना चाहिए जिससे आप धूप व नजर के चश्मे एक साथ पहन सकें। यह आपकी दोनों आवश्यकताओं को पूरा करता है। (उर्वशी)

# जिम और व्यायाम के बाद जरूरी है त्वचा की देखभाल



सुनीता गाबा

अक्सर महिलाएं सुंदरता के प्रति जागरूक रहती हैं क्योंकि उन्हें सुंदर लगना अच्छा लगता है। बहुत सी महिलाएं जो नियमित व्यायाम करती हैं और त्वचा की भी नियमित देखभाल करती हैं लेकिन जिम जाते समय और उसके बाद त्वचा को किन चीजों की जरूरत होती है इस पर ध्यान नहीं देतीं। आइए आपको बताएं कि हमें जिम जाने के बाद कैसे अपनी त्वचा का ध्यान रखना है।

### न करें मेकअपः-

व्यायाम करते समय या जिम जाते समय मेकअप का प्रयोग न करें। वहां आप सुंदर दिखने के लिए नहीं, फिट बने रहने के लिए जा रही हैं। व्यायाम करते समय शरीर से पसीना निकलता है। अगर आपने मेकअप किया होगा तो मेकअप चेहरे के रोमछिद्रों से अंदर चला जाएगा। इससे हमारे रोमछिद्र बंद हो जाएंगे तो व्यायाम करते समय हमारी त्वचा सांस नहीं ले पाएगी।

### गर्म पानी का न करें प्रयोगः-

एक्सरसाइज करने के बाद नहाने का मन करता है क्योंकि शरीर से पसीना निकलता है। अगर आपको नहाना भी है तो साधारण तापमान वाले पानी से आधे घंटे बाद नहाएं। गर्म पानी से आपकी त्वचा के जरूरी ऑयल्स खत्म हो जाएंगे और त्वचा शुष्क होगी। शुष्क त्वचा पर खुजली हो सकती है जो कि त्वचा को नुकसान पहुंचाएगी। आधे घंटे बाद साधारण पानी से स्नान करें।

### त्वचा को रखें नमः-

एक्सरसाइज करने के बाद जब आप आधे घंटे के अंतराल में स्नान करते हैं तो शरीर को अच्छी तरह सुखाकर पूरे शरीर पर बॉडी लोशन लगाएं ताकि त्वचा साफ्ट बनी रहे। जिन लोगों को गुनगुने पानी से नहाने की आदत होती है, उन्हें अधिक माश्चराइजर का प्रयोग करना चाहिए।

### न करें स्क्रब का प्रयोगः-

कुछ महिलाएं सोचती हैं कि व्यायाम के बाद शरीर में पसीना तो आया हुआ है, क्यों न स्क्रब कर त्वचा को साफ कर लिया जाए। यह सोच गलत है। इससे त्वचा और खराब होगी। बेहतर है त्वचा को बॉडी वाश से साफ कर बॉडी लोशन लगाया जाए। इससे पसीने भरी त्वचा साफ भी होगी और त्वचा में नमी भी बनी रहेगी। (उर्वशी)

# चाहिए एक रोमांटिक पति

आरती रानी

एक जमाना था जब पत्नी अपने पति को देवता मानकर उसकी इच्छानुसार ही स्वयं को भी ढालने का प्रयास करती थी। इसी कारण सीता को अपने पति के इच्छानुसार 'अग्निपरीक्षा' देनी पड़ी थी और अहिल्या को पति की इच्छा से पत्थर की मूर्ति बनना पड़ा था किन्तु आज की पत्नियां ऐसे ही जीवनसाथी को अपना हमसफर मानती हैं जो रोमांटिक हो। आज की पत्नी के लिए पति देवता नहीं बल्कि जीवनसाथी है। इस संबंध में आज की नव-यौवनाओं के विचार क्या हैं, इसे देखते हैं-

स्नातक तृतीय वर्ष की छात्रा पद्मा का इस संबंध में कहना है कि सामान्यतः हमारे भारतीय समाज में पत्नी को हमेशा दोयम दर्जे का प्राणी समझा जाता है। ऐसे में पति कोई भी निर्णय खुद अकेले ही लेता है किन्तु आज यह धारणा पूरी तरह से बदलने लगी है, क्योंकि लड़कियां भी अब शिक्षित होकर अपना भलाबुरा सोचने की क्षमता रखती हैं।

ऐसे में एक पत्नी को अपने पति से अपेक्षाएं भी बदली हैं। वह भी चाहती है कि उसका पति उसे सम्मान दे। अपने हर निर्णय में उसकी भागीदारी सुनिश्चित करे। पद्मा का मानना है कि वक्त के साथ-साथ प्यार और रोमांस में भी कई चीजें शामिल हो चुकी हैं। ऐसे समय में रोमांटिक पति वही होता है जो पत्नी की पसंद और नापसन्द को समझे तथा उसके आत्मसम्मान की रक्षा करे।

बी.एस.सी की छात्रा ज्योति का कहना है कि सामान्य तौर पर रोमांटिक का मतलब दिलफेंक आशिकनुमा पति से लगाया जाता है किन्तु समय की साथ-साथ इसकी परिभाषा भी बदली है। आज के व्यस्ततम रूटीन में पति-पत्नी के पास एक दूसरे के लिए समय ही नितांत कमी दिखाई देती है। दिन भर ऑफिस में काम करने के बाद थके हारे जब वे घर पहुंचते हैं तो सारा समय घर एवं बच्चों में ही व्यतीत हो जाता है। फिर आपसी प्यार और रोमांस के लिए समय निकलता ही नहीं है। ऐसे में एक-दूसरे को समझना, एक-दूसरे के कामों की प्रशंसा ही आपसी संबंधों को बढ़ाता है। आज के समय में पत्नी की भावनाओं को समझने वाला पति ही सच्चा जीवनसाथी कहला सकता है।



संगीत पंचम वर्ष की छात्रा नेहा का इस संबंध में कहना है कि पति का व्यक्तित्व आकर्षक एवं रौबदार होना चाहिए। छोटी-छोटी बातों को लेकर पत्नी को उलाहना देने वाला पति उसे कतई पसन्द नहीं है। जीवन में पतिपत्नी का गहरा रिश्ता होता है जो विश्वास की नींव पर टिका होता है। शंकालु एवं हर बात पर टेंशन उत्पन्न करने वाले पति से वह दूर रहना चाहती है। नेहा के अनुसार जीवन जिन्दादिली का नाम है, अतः एव उसे जीवन साथी के रूप में वैसा ही राजकुमार चाहिए जो जिन्दादिल हो तथा अपनी पत्नी की अपेक्षाओं को समझकर उसके साथ वैसा ही व्यवहार करे।

मेडिकल की छात्रा अनुप्रभा के विचार से वर्तमान में पति-पत्नी के बीच सबसे बड़ी समस्या उनके बीच प्यार, चाहत, अपनेपन की भावना में कमी के रूप में सामने आ रही हैं। पति-पत्नी के पास एक-दूसरे के लिए समय नहीं है। ऐसे में उनके बीच प्यार और रोमांस के लिए समय ही कहां शेष रह जाता है? काम अपनी जगह है और रोमांस अपनी जगह। मैं तो शादी से पहले अपने राजकुमार से स्टाम्प पेपर पर एग्रीमेन्ट कराऊंगी कि उसे प्यार और रोमांस के लिए भी समय निकालना होगा। प्यार और रोमांस के बिना पति-पत्नी का जीवन उसी प्रकार अधूरा रहता है, जिस प्रकार खुशबू बिना फूल।

वास्तव में आज की हर पत्नी की यही इच्छा रहती है कि उसका पति रोमांटिक मूड का हो। रोमांटिक से यह तात्पर्य नहीं है कि वह हर घड़ी पत्नी के इर्द-गिर्द भंवरे की तरह मंडराता रहे और उसकी प्रशंसा करता रहे बल्कि वह पत्नी की भावनाओं को समझे, आपसी विश्वास को बनाये रखे तथा पत्नी के लिए भी कुछ वक्त निकाले। क्या आपको भी ऐसा ही रोमांटिक पति चाहिए? (उर्वशी)

# बच्चे का टिफिन हो पोषक तत्वों से भरपूर

सोनी मल्होत्रा

आज अधिकतर अभिभावक परेशान हैं अपने बच्चों के आहार को लेकर। बच्चे घर से टिफिन लेकर जाना ही नहीं चाहते। उन्हें स्कूल कैंटीन में उपलब्ध नूडल्स, पिज़्ज़ा, बर्गर आदि खाना ही पसंद है। अगर बच्चे घर से टिफिन लेकर जाते भी हैं तो उसमें भी ब्रेड, या उनका मनपसंद भोजन होना चाहिए जिसमें पौष्टिकता का बिलकुल अभाव होता है। अगर बच्चे को भोजन में पोषक तत्व ही नहीं मिलेंगे तो उसके शरीर व मानसिक विकास के बारे में क्या कहा जा सकता है। ऐसे बच्चे एक्टिव और बुद्धिमान कैसे बनेंगे?

बच्चे की वृद्धि और विकास के लिए पोषक तत्वों से युक्त जिस टॉनिक की उन्हें आवश्यकता है, वह उन्हें बिलकुल नहीं मिल रहा है जबकि इस समय उन्हें सबसे अधिक आवश्यकता पोषक तत्वों की होती है। पोषक तत्वों की न्यूनता के कारण ही आज छोटे-छोटे बच्चों को कई स्वास्थ्यगत समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है। इसलिए यह बहुत आवश्यक है कि बच्चे में प्रारंभ से ही खाने की अच्छी आदतों का विकास करें जिससे वे बाहर के खाने के प्रति कम आकर्षित हों और घर में भी ऐसे भोज्य पदार्थों को बनाएं जिसमें पोषक तत्व तो भरपूर मात्रा में हों ही, साथ ही भोजन को आकर्षक ढंग से प्रस्तुत भी करें। आइए जानें कुछ पोषक तत्वों से भरपूर व आकर्षक भोज्य पदार्थों के बारे में:

- ब्रेड बच्चों को अच्छी लगती है पर मैदे से बनी ब्रेड बच्चे के स्वास्थ्य के लिए अच्छी नहीं, इसलिए ब्राउन ब्रेड का प्रयोग करें। ब्रेड में पनीर अंडे या खीरा, टमाटर आदि डालकर सैंडविच टिफिन में दें।
- बच्चे रोटी खाने में बहुत जिद करते हैं इसलिए आप रोटी को थोड़े आकर्षक ढंग से प्रस्तुत करें जैसे रोटी रोल बनाकर। इस रोल में आप पनीर, सब्जी, कीमा आदि भरें और इसे फोल्ड कर तवे पर हल्के से मक्खन में गर्म कर परोसें। हम सब एक ही चीज खाकर बोर हो जाते हैं तो बच्चे भी ऐसा ही महसूस करते हैं। उसी चीज को थोड़ा सा नयापन देकर आप उसके स्वाद में परिवर्तन ला सकते हैं और बच्चे की पसंद बना सकते हैं।
- कभी-कभी बच्चे को आप टिफिन में इडली बना कर दे सकते हैं। इडली के साथ आप सांबर दें जिसे आप बहुत सी सब्जियां डाल कर बना सकती हैं।



- अगर बच्चा नूडल्स पसंद करता है तो उसमें सब्जियों की मात्रा अधिक डाल कर बनाएं ताकि बच्चे को सब्जियों के रूप में पोषक तत्वों की प्राप्ति हो। पास्ता आदि भी बना कर दे सकती हैं।
- बच्चे को टिफिन में स्प्राउटस भी दे सकते हैं। स्प्राउटस में उबले हुए आलू के छोटे-छोटे टुकड़े, शिमला मिर्च, टमाटर, आदि डालकर ऊपर से चाट मसाला डालें। इससे बच्चे को टिफिन चटपटा लगेगा।
- बच्चे विविधता पसंद करते हैं इसलिए टिफिन में विविधता लाने का प्रयास करें। यह नहीं कि बच्चे को एक ही चीज टिफिन में दें। बच्चे पोहा भी पसंद करते है। पोहे में आप मटर, प्याज, टमाटर, उबले आलू डालें। इससे बच्चे को अधिक पोषक तत्वों की प्राप्ति होगी।
- पुलाव भी बच्चे बहुत पसंद करते हैं। पुलाव में सब्जियां भरपूर मात्रा में डालें। ऊपर से पनीर के छोटे-छोटे टुकड़े भी डालें।
- कभी बच्चे को नमकीन दलिया भी टिफिन में दे सकते हैं।

अगर आप कोशिश करेंगे तो आप इस तरह के बहुत से आसान व पौष्टिक टिफिन बच्चे को बना कर दे सकते हैं। इससे बच्चा कैंटीन का खाना नहीं खाएगा और उसका शारीरिक व मानसिक विकास भी सही हो पाएगा। (उर्वशी)

# छूट गया घर

## दो अंको में समाप्य कहानी:





डॉ घनश्याम बादल

स्नेहा को बचपन से ही लगता था कि वह इस घर के लिए नहीं बनी है।

जब भी वह अपने छोटे-से कस्बे की तंग गलियों से गुजरती और शहर की ओर जाती चमचमाती कारों को देखती, उसकी आँखों में एक अलग ही दुनिया बस जाती। उसे लगता-जीवन का अर्थ ही सुख, वैभव और ऐश्वर्य है। गरीबी उसे अभाव ही नहीं, अपमान भी लगती थी।

उसके पिता जीतपाल सिंह एक साधारण सरकारी कर्मचारी थे, ईमानदार थे, इसलिए घर कभी संपन्न नहीं हो पाया। महीने के अंतिम सप्ताह तक आते-आते रसोई के डिब्बे उनकी सीमित तनख्वाह की चुगली करने लगते थे अपने खालीपन के साथ।

तब माँ कस्तूरी हँसकर कहतीं, गरीबी कोई अभिशाप नहीं बेटी, बस मन छोटा नहीं होना चाहिए।

नेहा मन ही मन सोचती-गरीब लोग ऐसी बातें अपने मन को समझाने के लिए कहते हैं। लेकिन मैंने तो सोच लिया है मैं गरीब घर में भले ही पैदा हुई लेकिन गरीबी में मरुंगी नहीं, के लिए चाहे कुछ भी करना पड़े।

घर में सबसे बड़ी संयोगिता थी-शांत, सहनशील और ज़िम्मेदार। दूसरी बहन सुरुचि पढ़ने में तेज थी। भाई प्रकाश था, जिसकी शादी किरण से हुई थी। किरण पूरे परिवार को अपने परिवार की तरह संभालती थी। सबसे छोटी होने से नेहा की हर ज़िद पूरी होती। यही आदत धीरे-धीरे अधिकार में बदल गई।

लेकिन एक दिन समय के एक ही धक्के के साथ फिर एक दिन सब बदल गया। घर के संतोष और सुख की दीवारें जैसे ढह गई और सामने अंधियारा भविष्य खड़ा दिखाई देने लगा।

इस रोज कार्यालय से लौटते समय जीतपाल सिंह को दिल का दौरा पड़ा और अस्पताल पहुँचने से पहले ही जीतपाल मौत से हार गए।

घर जैसे एक ही दिन में बूढ़ा हो गया।माँ कस्तूरी की आँखों की चमक बुझ गई। प्रकाश ने जैसेतैसे छोटी-सी नौकरी के साथ परिवार की जिम्मेदारी उठा ली। किरण ने अपने गहने गिरवी रखकर घर का खर्च चलाया। कुछ महीनों बाद अनुकंपा नियुक्ति पर सुरुचि को पिता की नौकरी मिल गई। सभी ने राहत की साँस ली। अब सुरुचि और उसकी नौकरी सब की आंखों में आशा का तारा बनकर चमकने लगी कुछ दिन तो सुरुचि का व्यवहार अच्छा रहा लेकिन जल्दी ही उसके व्यवहार में बदलाव आने लगा। विवाह हुआ तो उसने मायके से दूरी बना ली।

फोन आता तो कह देती-

दीदी, ऑफिस और ससुराल में बहुत व्यस्त हूँ।

माँ कई-कई दिन उसका इंतज़ार करती रहतीं मगर सुरुचि अब घर कम ही आती थी।

उधर संयोगिता का विवाह भी अधिक दिन नहीं चला। ससुराल वालों की प्रताड़ना से तंग आकर वह एक दिन अपना सामान लेकर मायके लौट आई।अब घर में तीन कमाने वालों की जगह केवल प्रकाश था।बीमार माँ टूटी हुई बहन...

बेरोजगार स्नेहा और संघर्ष करती किरण।।।

लेकिन स्नेहा अब भी अपने ही सपनों में जी रही थी। इन्हीं दिनों उसके जीवन में आर्यन आया। उसकी दूर की बुआ का बेटा । बचपन से घर आना-जाना था। अब उसका बड़ा व्यापार था। शहर में बंगला, कारें और प्रतिष्ठा सब कुछ था आर्यन के पास।

धीरे-धीरे आर्यन नेहा को भाने लगा। एक यौन बीमारी से त्रस्त आर्यन भी उसकी ओर आकर्षित होता चला गया और एक दिन वह आया जब

आर्यन ने एक दिन सहज स्वर में कहा-

स्नेहा... अगर तुम चाहो तो मैं तुम्हें अपनी जीवनसंगिनी बनाना चाहता हूँ।

नेहा की तो बांछे खिल उठी और बीमारी का पता होने के बावजूद उसने केवल एक प्रश्न पूछा-

क्या तुम्हारे घर में मुझे किसी चीज़ की कमी नहीं होगी?

आर्यन मुस्कराया।

जिस चीज़ की कल्पना भी नहीं की होगी वह भी तुम्हें हासिल होगी ।

बस यही तो स्नेहा चाहती थी

उसे न रिश्तेदारी की मर्यादा दिखाई दी, न समाज। उसे केवल अपने सपने और अपना भविष्य दिखाई दिए।

जब उसने घर में विवाह का प्रस्ताव रखा तो जैसे भूचाल आ गया।

प्रकाश ने कठोरता से कहा-

यह रिश्ता समाज कभी स्वीकार नहीं करेगा।

किरण ने समझाया-

रिश्ते केवल धन और मन से नहीं बनते, सामाजिक मर्यादाएँ भी होती हैं।

संयोगिता बोली-

स्नेहा, कुछ फैसले केवल अपने लिए नहीं लिए जाते।

माँ कस्तूरी फूट-फूटकर रोने लगीं।

बेटी, तेरे पिता होते तो यह दिन न देखना पड़ता।

लेकिन स्नेहा का मन अब घर से बहुत दूर जा चुका था।

उसने कहा-

जिस समाज ने हमारे दुःख में एक रोटी तक नहीं दी, उसकी चिंता मैं क्यों करूँ?

प्रकाश का चेहरा लाल हो गया।

समाज की नहीं तो कम से कम इस घर की सोच ले।

नेहा का उत्तर था-

मैं गरीबी में नहीं मर सकती।

यह वाक्य घर की दीवारों से टकराकर जैसे हमेशा के लिए जम गया।

कुछ ही दिनों बाद नेहा घर छोड़कर आर्यन के साथ चली गई।

न कोई विदाई, न कोई आशीर्वाद...

बस पीछे बंद होता हुआ दरवाज़ा जिसकी आवाज उसने सुनकर भी नहीं सुनी और नहीं।

उसके पीछे खड़ी रोती हुई माँ के बारे मेंसोचा।

अगले ही सप्ताह रिश्तेदारों की पंचायत बैठी। परिवार का सामाजिक बहिष्कार कर दिया गया।

लोग रास्ता बदलने लगे। मोहल्ले में कानाफूसी होने लगी। देखा... छोटी लड़की भाग गई...

घर वालों ने संस्कार नहीं दिए होंगे...

ऐसे परिवारों से दूरी ही ठीक है...

प्रकाश जहाँ भी जाता, लोग उसे तिरस्कार और उपहास की निगाहों से देखते।

एक दिन प्रकाश विभाग द्वारा ई समाज समाज सुधार की योजना का प्रारूप तैयार करके अपने बॉस के सामने पहुंचा तो अधिकारी ने भी ताना मार दिया- पहले अपना घर संभालो, फिर समाज सुधारना।

उस दिन पहली बार प्रकाश कार्यालय के शौचालय में छिपकर रोया।

उधर माँ कस्तूरी की बीमारी बढ़ती जा रही थी। रुकने जवाब दे गए थे और उनके लिए चलना फिरना भी दुभर हो गया था

दवाइयों के पैसे नहीं थे।

किरण ने अपने बचे हुए कंगन भी बेच दिए।

संयोगिता सुबह ट्यूशन पढ़ाती, दोपहर में सिलाई करती और रात को माँ के सिरहाने बैठती। उसने कभी शिकायत नहीं की।

एक रात कस्तूरी ने उसका हाथ पकड़कर कहा-बेटी... तूने तो बेटे का धर्म निभा दिया।

संयोगिता मुस्कुरा दी।

माँ... बेटी अगर घर न संभाले तो बेटी कहलाने का अधिकार भी क्या है?

उसी रात प्रकाश बहुत देर तक छत पर बैठा रहा।

उसे पहली बार लगा कि शायद भगवान भी गरीबों की परीक्षा लेने में कभी-कभी निर्दयी हो जाता है।

उसे यह नहीं मालूम था कि अभी उसकी सबसे कठिन परीक्षा बाकी है

(कहानी का अगला भाग अगले अंक में)

# रेसिपी कार्नर: भरवां करेला





### भरवां करेला बनाने के लिए सामग्री

- 6-8 छोटे करेले
- 2 बड़े प्याज (बारीक कटे)
- 2-3 बड़े चम्मच सरसों का तेल
- 1 छोटा चम्मच सौंफ (दरदरी)
- 1 छोटा चम्मच धनिया पाउडर
- आधा छोटा चम्मच हल्दी
- 1 छोटा चम्मच लाल मिर्च पाउडर
- आधा छोटा चम्मच अमचूर पाउडर
- 1-2 छोटा चम्मच कद्दूकस किया हुआ गुड़
- नमक स्वादानुसार
- थोड़ा-सा बेसन (वैकल्पिक, मसाला बांधने के लिए)

### करेले की कड़वाहट कैसे दूर करें?

**स्टेप 1-** करेले को अच्छी तरह धोकर हल्का छील लें।

**स्टेप 2-** बीच में चीरा लगाकर बीज निकाल दें।

**स्टेप 3-** नमक लगाकर 30-40 मिनट के लिए छोड़ दें।

**स्टेप 4-** बाद में धोकर हल्का निचोड़ लें।

टिप- नमक लगाने से करेले की कुछ कड़वाहट कम हो सकती है।

करेला मसाला तैयार करें

**स्टेप 1 -** कड़ाही में सरसों का तेल गर्म करें।

**स्टेप 2-**अब इसमें प्याज डालकर सुनहरा होने तक भूनें।

**स्टेप 3-** फिर सौंफ, धनिया पाउडर, हल्दी, लाल मिर्च और अमचूर मिलाएं।

**स्टेप 4-** जब मसाला अच्छी तरह भुन जाए, तब आखिर में कद्दूकस किया हुआ गुड़ डालें और 1-2 मिनट तक चलाएं।

यही छोटा-सा कदम मसाले का स्वाद संतुलित करता है और भरवां करेले को पारंपरिक स्वाद देता है।

### करेला मसाला तैयार करें

**स्टेप 1 -** कड़ाही में सरसों का तेल गर्म करें।

**स्टेप 2-** अब इसमें प्याज डालकर सुनहरा होने तक भूनें।

**स्टेप 3-** फिर सौंफ, धनिया पाउडर, हल्दी, लाल मिर्च और अमचूर मिलाएं।

**स्टेप 4-** जब मसाला अच्छी तरह भुन जाए, तब आखिर में कद्दूकस किया हुआ गुड़ डालें और 1-2 मिनट तक चलाएं।

यही छोटा-सा कदम मसाले का स्वाद संतुलित करता है और भरवां करेले को पारंपरिक स्वाद देता है।

### भरवां करेला की रेसिपी

**स्टेप 1-** तैयार मसाला करेले के अंदर भर दें।

**स्टेप 2-** जरूरत हो तो धागे से बांध लें। (वैकल्पिक है)

**स्टेप 3-** पैन में थोड़ा तेल डालकर धीमी आंच पर ढककर 20-25 मिनट पकाएं।

**स्टेप 4-** बीच-बीच में पलटते रहें ताकि सभी तरफ से समान रूप से पक जाए।

धीमी आंच पर पकाने से मसाले का स्वाद करेले के अंदर अच्छी तरह समा जाता है।

### स्वाद बढ़ाने के लिए अपनाएं ये किचन टिप्स

सरसों के तेल का इस्तेमाल करें, इससे देसी स्वाद आता है।

थोड़ा-सा भुना बेसन मिलाने से मसाला अच्छी तरह बंधता है।

सौंफ और अमचूर स्वाद को और बेहतर बनाते हैं।

गुड़ की मात्रा बहुत ज्यादा न रखें, केवल स्वाद संतुलित करने जितनी ही डालें।

पराठे, दाल-चावल या दही के साथ परोसें।

## सीबीएसई कक्षा 10वीं की दूसरी परीक्षा का परिणाम घोषित, 59 प्रतिशत विद्यार्थियों के अंकों में सुधार

**नयी दिल्ली :** केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड (सीबीएसई) ने शनिवार को कक्षा 10वीं बोर्ड की दूसरे चरण की परीक्षा के परिणाम घोषित किये। दोनों परीक्षाओं के संयुक्त परिणाम के आधार पर उत्तीर्ण प्रतिशत बढ़कर 96.78 प्रतिशत हो गया है। यह जानकारी अधिकारियों ने दी। अधिकारियों ने बताया कि पहले चरण की परीक्षा में उत्तीर्ण प्रतिशत 93.6 प्रतिशत था। अधिकारियों ने बताया कि 96.78 प्रतिशत दोनों परीक्षाओं के परिणामों को मिलाकर तैयार किया गया अंतिम आंकड़ा है। सीबीएसई के परीक्षा नियंत्रक संयम भारद्वाज ने कहा, ''दूसरे चरण की बोर्ड परीक्षा में 6.63 लाख से अधिक अभ्यर्थी शामिल हुए, जिनमें से 5.13 लाख से अधिक ने अपने अंक सुधारने के लिए परीक्षा दी। मुख्य परीक्षा की तुलना में 59 प्रतिशत से अधिक अभ्यर्थियों के प्रदर्शन में सुधार हुआ।'' उन्होंने बताया कि कम्पार्टमेंट श्रेणी में 1.49 लाख से अधिक अभ्यर्थियों ने परीक्षा दी थी, जिनमें से 52 प्रतिशत से अधिक परीक्षा में सफल रहे। राष्ट्रीय शिक्षा नीति (एनईपी)-2020 की सिफारिशों के अनुरूप, सीबीएसई ने वर्ष 2026 से कक्षा 10 के लिए दो बोर्ड परीक्षाओं की व्यवस्था लागू की है।

## पाकिस्तान ने भारतीय विमानों पर हवाई क्षेत्र प्रतिबंध 24 अगस्त तक बढ़ाया

**कराची :** पाकिस्तान ने शनिवार को भारतीय विमानों के लिए अपने हवाई क्षेत्र को बंद रखने की अवधि 24 अगस्त तक बढ़ा दी। पीएए ने यह जानकारी दी। पाकिस्तान विमानपत्तन प्राधिकरण (पीएए) द्वारा जारी नोटिस के अनुसार, यह प्रतिबंध भारत में पंजीकृत, संचालित, स्वामित्व वाले और पट्टे पर लिए गए सभी विमानों पर लागू होगा। नोटिस में कहा गया है कि पाकिस्तानी हवाई क्षेत्र के इस्तेमाल पर भारतीय सैन्य और यात्री विमानों के लिए लगाया गया प्रतिबंध पहले की तरह जारी रहेगा। पिछले वर्ष हुए पहलगाम आतंकी हमले के बाद पाकिस्तान के खिलाफ उठाए गए कदमों के तहत भारत ने भी पाकिस्तान में पंजीकृत सभी विमानों, एयरलाइन और सैन्य उड़ानों के लिए अपने हवाई क्षेत्र पर प्रतिबंध लागू किया हुआ है।

# राष्ट्रीय फिल्म पुरस्कार : 'आर्टिकल 370' सर्वश्रेष्ठ फिल्म, यामी गौतम सर्वश्रेष्ठ अभिनेत्री घोषित




**नयी दिल्ली :** बॉलीवुड फिल्म 'आर्टिकल 370' को शनिवार को 72वें राष्ट्रीय फिल्म पुरस्कारों में सर्वश्रेष्ठ फीचर फिल्म घोषित किया गया। यह फिल्म 2019 में संविधान के इस अनुच्छेद को हटाए जाने से जुड़ी घटनाओं पर आधारित है। ''आर्टिकल 370'' में अभिनय करने वालीं यामी गौतम धर को मुख्य भूमिका में सर्वश्रेष्ठ अभिनेत्री का पुरस्कार मिला, जबकि मलयालम अभिनेता ममूटी और अभिनेता कार्तिक आर्यन ने क्रमशः ''ब्रह्मयुगम'' (मलयालम) और ''चंदू चैंपियन'' (हिंदी) में अपनी मुख्य भूमिकाओं के लिए सर्वश्रेष्ठ अभिनेता का पुरस्कार साझा किया। जम्मू-कश्मीर राज्य को मिले विशेष दर्जे को खत्म करने के सरकार के फैसले से प्रेरित फिल्म ''आर्टिकल 370'' में यामी गौतम एक खुफिया अधिकारी की भूमिका में हैं। वह एक ऐसे खुफिया ऑपरेशन में शामिल हैं जो इस दर्जे को हटाने से जुड़ी घटनाओं से जुड़ा है। इस फिल्म के निर्देशक आदित्य सुहास जांभले हैं। लोकसभा चुनाव से कुछ महीने पहले, फरवरी 2024 में रिलीज हुई इस फिल्म ने संवैधानिक बदलाव को दिखाए जाने के कारण राजनीतिक ध्यान आकर्षित किया। वर्ष 2024 के लिए पुरस्कारों की घोषणा करते हुए, 11 सदस्यीय केंद्रीय जूरी के अध्यक्ष जयराज ने बताया कि तेलुगु फिल्म 'कल्कि 2898 एडी' ने भरपूर मनोरंजन के लिए सर्वश्रेष्ठ लोकप्रिय फिल्म का पुरस्कार जीता। अभिनेता-फिल्मनिर्माता रणदीप हुड्डा ने ''स्वातंत्र्य वीर सावरकर'' के लिए सर्वश्रेष्ठ नवोदित निर्देशक का पुरस्कार जीता। यह रणदीप के निर्देशन में बनी पहली फिल्म है, जिसमें उन्होंने विनायक दामोदर सावरकर का किरदार भी निभाया है। यह फिल्म सावरकर के जीवन को दिखाती है, जिसमें लंदन में एक क्रांतिकारी के तौर पर बिताया गया उनका समय, अंडमान और निकोबार द्वीप समूह की सेलुलर जेल में उनकी कैद और बाद का उनका राजनीतिक करियर शामिल है। ममूटी को राहुल सदाशिवन के निर्देशन में बनी मलयालम हॉरर फिल्म में उनके अभिनय के लिए सराहना मिली है।

## भारत के लिए आतंकवाद पर 'जीरो टॉलरेंस' सिर्फ बयान नहीं, कार्रवाई की नीति : राजनाथ सिंह



**नयी दिल्ली :** रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने शनिवार को कहा कि देश में ही रक्षा उपकरणों के उत्पादन में आए जबरदस्त उछाल के दम पर, भारत तेजी से एक भरोसेमंद वैश्विक सुरक्षा साझेदार के तौर पर उभर रहा है और हिंद महासागर से लेकर हिंद-प्रशांत तक अपनी रणनीतिक मौजूदगी बढ़ा रहा है। एक कार्यक्रम में पाकिस्तान को कड़ा संदेश देते हुए सिंह ने कहा कि नयी दिल्ली ने आतंकवाद पर अपना नजरिया पूरी दुनिया के सामने साफ तौर पर रखा है और साथ ही कहा कि ''आतंकवाद के प्रति कतई बर्दाश्त नहीं करने का नजरिया हमारे लिए सिर्फ एक बयान नहीं, बल्कि कार्रवाई की एक नीति है।'' उन्होंने कहा, ''हम आतंकवाद के खिलाफ सिर्फ उसकी दहलीज पर ही नहीं, बल्कि उसके घर में घुसकर भी कार्रवाई करेंगे। पूरी दुनिया ने 'ऑपरेशन सिंदूर' के दौरान यह देखा था।'' रक्षा मंत्री ने स्वदेशी रक्षा निर्माण में भारत की सफलता का भी जिक्र किया। उन्होंने कहा कि भारत में बने रक्षा उत्पादों का निर्यात लगभग 100 देशों को किया जा रहा है और देश के रक्षा उत्पादन का कुल मूल्य सालाना लगभग 1.78 लाख करोड़ रुपये के रिकॉर्ड स्तर पर पहुंच गया है। उन्होंने कहा, ''आज भारत न केवल अपने लिए रक्षा उपकरण बना रहा है, बल्कि दुनिया के लिए एक भरोसेमंद सुरक्षा साझेदार भी बन रहा है। हिंद महासागर से लेकर हिंद-प्रशांत तक, भारत की भूमिका लगातार मजबूत हो रही है।'' रक्षा मंत्री ने कहा कि देश 2029 तक 3 लाख करोड़ रुपये के रक्षा उत्पादन के लक्ष्य को हासिल करने के लिये अच्छी स्थिति में है। उन्होंने कहा, ''अगर कोई देश हथियारों, गोला-बारूद, नौवहन प्रणाली, मिसाइलों, रडार और ड्रोन के लिए दूसरे देशों पर निर्भर रहता है, तो उसकी रणनीतिक और सैन्य स्वायत्तता भी सीमित हो जाती है। हम इसे पूरी तरह से बदलने के पक्के इरादे के साथ काम कर रहे हैं।''

**पुरी में उमड़ी श्रद्धालुओं की भीड़**

## भगवान जगन्नाथ, भाई-बहन गुंडिचा मंदिर में करने वाले हैं प्रवेश



**पुरी (ओडिशा) :** पुरी में रथ यात्रा के पहले चरण के समापन के तहत शनिवार को भगवान जगन्नाथ, उनके भाई भगवान बलभद्र और बहन देवी सुभद्रा को गुंडिचा मंदिर में प्रवेश कराया जाना है तथा इस अवसर पर 'अडापा बीजे' अनुष्ठान में शामिल होने के लिए रातभर हुई भारी बारिश की परवाह नहीं करते हुए बड़ी संख्या में श्रद्धालु यहां पहुंचे हैं। रथ यात्रा के एक दिन बाद, शुक्रवार दोपहर तीनों देवी-देवताओं के रथ श्री गुंडिचा मंदिर पहुंच गए थे। परंपरा के अनुसार, उनकी प्रतिमाएं रातभर रथों पर ही विराजमान रहीं। इसके बाद 'अडापा बीजे' अनुष्ठान संपन्न होगा, जिसके तहत भगवान जगन्नाथ, भगवान बलभद्र और देवी सुभद्रा की प्रतिमाओं को भव्य शोभायात्रा के साथ गुंडिचा मंदिर ले जाया जाएगा। इस मंदिर को इन तीनों भाई-बहनों का जन्मस्थान माना जाता है। वापसी की रथ यात्रा, जिसे बहुदा यात्रा कहा जाता है, 24 जुलाई को आयोजित होगी। श्रद्धालुओं की भारी भीड़ के कारण पुरी जाने वाली सड़कों पर लंबा जाम लग गया। वहीं, भारी बारिश के कारण हुए जलभराव ने लोगों की परेशानियां और बढ़ा दीं। जलभराव की समस्या से निपटने के लिए स्थानीय प्रशासन ने उच्च क्षमता वाले पंप की मदद से पानी निकालने का काम शुरू कर दिया है। रथ यात्रा की सुरक्षा व्यवस्था की जिम्मेदारी संभाल रहे अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक (एडीजी) सौमेंद्र प्रियदर्शी ने बताया कि शुक्रवार रात से ही पुलिस पूरी तरह मुस्तैद है।

# पूर्व प्रधानमंत्री एच.डी. देवेगौड़ा की पत्नी चेन्नम्मा का 89 वर्ष की आयु में निधन



### प्रधानमंत्री मोदी ने जताया शोक

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शनिवार को पूर्व प्रधानमंत्री एच.डी. देवेगौड़ा की पत्नी चेन्नम्मा देवेगौड़ा के निधन पर शोक व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि चेन्नम्मा जी को उनके विनम्र स्वभाव और समाज सेवा के प्रति उनके उत्साह के लिए सराहा जाता था। आधिकारिक सूत्रों ने बताया कि प्रधानमंत्री ने देवेगौड़ा से बात की और उनकी पत्नी के निधन पर गहरी संवेदना व्यक्त की। मोदी ने 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा, ''पूर्व प्रधानमंत्री श्री देवेगौड़ा जी की पत्नी श्रीमती चेन्नम्मा जी के निधन से बहुत दुख हुआ है। उन्हें उनके विनम्र स्वभाव और समाज सेवा के प्रति उनके उत्साह के लिए सराहा जाता था। दुख की इस घड़ी में मेरी संवेदनाएं श्री देवेगौड़ा जी और उनके पूरे परिवार के साथ हैं। ओम शांति।''

**बेंगलुरु :** पूर्व प्रधानमंत्री एच. डी. देवेगौड़ा की पत्नी चेन्नम्मा देवेगौड़ा का शनिवार को यहां एक निजी अस्पताल में हृदयाघात के बाद 89 वर्ष की आयु में निधन हो गया। अस्पताल के अधिकारियों के अनुसार, उन्हें बुधवार रात शहर के ओल्ड एयरपोर्ट रोड स्थित मणिपाल अस्पताल में भर्ती कराया गया था, जहां उनका श्वास संबंधी बीमारी का इलाज किया जा रहा था। अस्पताल ने एक बयान में कहा, हमें यह बताते हुए दुख हो रहा है कि आज शाम चार बजे, ठीक होने की संभावना के बावजूद श्रीमती चेन्नम्मा को गंभीर हृदयाघात हुआ। देवेगौड़ा, उनके बेटे और केंद्रीय मंत्री एच. डी. कुमारस्वामी तथा परिवार के अन्य सदस्य अस्पताल में मौजूद थे। पारिवारिक सूत्रों ने बताया कि पार्थिव शरीर को आज रात बेंगलुरु के पद्मनाभनगर स्थित उनके आवास ले जाया जाएगा और रविवार दोपहर तक वहीं रखा जाएगा। अंतिम संस्कार सोमवार को हासन जिले में स्थित उनके पैतृक गांव में किए जाने की संभावना है। चेन्नम्मा फरवरी 2001 में हुए तेजाब हमले से बच गई थीं। बताया गया था कि यह हमला पारिवारिक विवाद से जुड़ा था। उनका विवाह 1954 में देवेगौड़ा से हुआ था। दंपति के चार बेटे और दो बेटियां हैं, जिनमें केंद्रीय मंत्री एच. डी. कुमारस्वामी और विधायक एच. डी. रेवन्ना शामिल हैं। रेवन्ना हासन जिले की होलानरसिपुर विधानसभा सीट से विधायक हैं। प्रमुख सियासी परिवार से होने के बावजूद चेन्नम्मा ज्यादातर सार्वजनिक कार्यक्रमों से दूर रहीं। कर्नाटक के मुख्यमंत्री डी.के. शिवकुमार ने चेन्नम्मा के निधन पर शोक जताते हुए उन्हें मां समान बताया। उन्होंने कहा कि चेन्नम्मा बेहद धार्मिक महिला व समर्पित मां थीं और उन्होंने बड़े परिवार की देखभाल करते हुए सही मार्ग दिखाया।

## वांगचुक को अस्पताल ले गई पुलिस, दीपके ने शुरू किया अनिश्चितकालीन अनशन



**नई दिल्ली :** जंतर-मंतर पर 21 दिनों से भूख हड़ताल पर बैठे सामाजिक कार्यकर्ता सोनम वांगचुक को शनिवार सुबह दिल्ली पुलिस चिकित्सकीय सलाह और दिल्ली उच्च न्यायालय के निर्देशों का हवाला देते हुए सफदरजंग अस्पताल ले गई। इस कार्रवाई के बाद विपक्षी दलों ने सरकार पर असहमति की आवाज दबाने का आरोप लगाते हुए तीखी आलोचना की।पुलिस के अनुसार, वांगचुक की तबीयत बिगड़ने पर उन्हें आवश्यक उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया। अस्पताल प्रशासन ने बताया कि शरीर में पानी की कमी और चयापचय संबंधी समस्याओं के बावजूद वांगचुक ने नसों के माध्यम से तरल पदार्थ और दवा लेने से इनकार कर दिया है। चिकित्सकों की निगरानी में उनका स्वास्थ्य लगातार देखा जा रहा है।इस बीच, राष्ट्रीय पात्रता सह प्रवेश परीक्षा (नीट) के कथित प्रश्नपत्र लीक मामले को लेकर आंदोलन कर रही कॉकरोच जनता पार्टी (कॉजपा) ने अपना विरोध तेज कर दिया। पार्टी संस्थापक अभिजीत दीपके ने पुलिस कार्रवाई के विरोध में अनिश्चितकालीन भूख हड़ताल शुरू करने की घोषणा की। पार्टी ने केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के इस्तीफे की मांग दोहराते हुए 20 जुलाई को संसद मार्च निकालने का ऐलान किया।सुबह जंतर-मंतर पर बड़ी संख्या में पुलिसकर्मी पहुंचे और सुरक्षा घेरे के बीच वांगचुक को एम्बुलेंस से अस्पताल ले जाया गया। इस दौरान प्रदर्शनकारियों और पुलिस के बीच धक्का-मुक्की भी हुई। बाद में जंतर-मंतर पर सुरक्षा बढ़ा दी गई।लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी, आम आदमी पार्टी के संयोजक अरविंद केजरीवाल, शरद पवार, अखिलेश यादव, ममता बनर्जी, कनिमोई और अन्य विपक्षी नेताओं ने पुलिस कार्रवाई की निंदा करते हुए सरकार से प्रदर्शनकारियों के साथ संवाद करने की मांग की। वहीं भाजपा ने कहा कि पुलिस ने उच्च न्यायालय के निर्देशों का पालन करते हुए वांगचुक के जीवन की रक्षा के लिए संवेदनशीलता के साथ कार्रवाई की है।वांगचुक 28 जून से नीट परीक्षा में कथित अनियमितताओं के विरोध में भूख हड़ताल पर हैं। चिकित्सकों के अनुसार, अनशन शुरू होने के बाद से उनका वजन लगभग 9.5 किलोग्राम घट चुका है।

# समाज्ञा स्पोर्ट्स

## पश्चिम बंगाल में में जाइंट स्क्रीन पर विश्व कप फाइनल की लाइव स्क्रीनिंग

**कोलकाता :** पश्चिम बंगाल सरकार फीफा विश्व कप फाइनल की लाइव स्क्रीनिंग यहां नंदन पर विशाल स्क्रीन पर करेगी जिससे फुटबॉलप्रेमियों को अर्जेंटीना और स्पेन के बीच यह मुकाबला देखने का मौका मिलेगा। अधिकारियों ने बताया कि अन्य जिलों में भी इस तरह विशाल स्क्रीन पर लाइव स्क्रीनिंग के इंतजाम किये जा रहे हैं। युवा सेवा और खेल विभाग दूसरे विभागों से बातचीत करके यह इंतजाम कर रहा है। इसके लिये हर जिला प्रशासन को एक लाख रूपये दिये गए हैं। मुख्य स्थल कोलकाता में नंदन, रबींद्र सदन और अकादमी परिसर होंगे जहां दर्शकों के लिये स्टेडियम जैसा माहौल बनाया जा रहा है। पूर्व खिलाड़ियों और जानी मानी हस्तियों को भी आमंत्रित किया जा रहा है।

## ओलंपिक में सिंधू अब भी प्रतिद्वंद्वियों के लिए बड़ी चुनौती: गोपीचंद

**नयी दिल्ली :** भारतीय बैडमिंटन टीम के मुख्य कोच पुलेला गोपीचंद का मानना है कि दो बार की ओलंपिक पदक विजेता पीवी सिंधू ने जापान में शानदार प्रदर्शन कर सकारात्मक संकेत दिए हैं और वह आगामी ओलंपिक में प्रतिद्वंद्वियों के लिए बड़ी चुनौती साबित होंगी। पूर्व विश्व चैंपियन सिंधू ने शनिवार को जापान ओपन के महिला एकल सेमीफाइनल में चीन की तोक्यो ओलंपिक चैंपियन चेन यूफेई के चोटिल होने के कारण मैच छोड़ने के बाद दो साल से अधिक समय में पहली बार किसी फाइनल में जगह बनाई। विश्व बैडमिंटन चैंपियनशिप के शुभंकर और गीत लॉंच कार्यक्रम के दौरान गोपीचंद ने कहा, ''सिंधू निश्चित रूप से मजबूत दावेदार हैं और सभी के लिए बड़ी चुनौती भी।'' उन्होंने कहा, ''यह देखना दिलचस्प होगा कि वह आन से यंग के खिलाफ कैसा खेलती हैं। लेकिन चेन यूफेई, हान यूए और अन्य शीर्ष खिलाड़ियों को हराने की क्षमता उनमें है।''

# फुटबॉल की बादशाहत के लिये मेस्सी की अर्जेंटीना के सामने स्पेन की दीवार




**न्यूयॉर्क :** न्यूयॉर्क, 18 जुलाई। फीफा विश्व कप 2026 के फाइनल में रविवार को मौजूदा चैंपियन अर्जेंटीना और यूरोपीय चैंपियन स्पेन आमने-सामने होंगे। यह मुकाबला केवल दो मजबूत टीमों के बीच नहीं, बल्कि आक्रामक और रक्षात्मक फुटबॉल की दो अलग शैलियों का भी संघर्ष होगा।अर्जेंटीना ने टूर्नामेंट में सात मैचों में सर्वाधिक 19 गोल दागे हैं, जबकि स्पेन ने पूरे अभियान में सिर्फ एक गोल गंवाया है। ऐसे में सभी की नजरें अर्जेंटीना के कप्तान लियोनेल मेस्सी और स्पेन के युवा स्टार लामिन यमाल पर रहेंगी। मेस्सी इस विश्व कप में आठ गोल और चार असिस्ट के साथ शानदार फॉर्म में हैं तथा गोल्डन बूट की दौड़ में सबसे आगे हैं।अर्जेंटीना ने सेमीफाइनल में इंग्लैंड को रोमांचक मुकाबले में हराकर फाइनल में जगह बनाई, जबकि स्पेन ने फ्रांस को 2-0 से हराकर अपनी मजबूत रक्षापंक्ति का परिचय दिया। स्पेन के मिडफील्डर रोड्री और युवा खिलाड़ियों ने पूरे टूर्नामेंट में अनुशासित खेल दिखाया है, वहीं अर्जेंटीना ने दबाव की परिस्थितियों में वापसी कर कई कठिन मुकाबले जीते हैं।फाइनल से पहले मेस्सी और यमाल की वर्षों पुरानी वायरल तस्वीर भी चर्चा का विषय बनी हुई है, जिसमें युवा यमाल को गोद में लिए मेस्सी नजर आते हैं। अब दोनों विश्व फुटबॉल की सबसे बड़ी ट्रॉफी के लिए आमने-सामने होंगे।

### मेस्सी बोले- विश्व कप फाइनल में अपना सब कुछ झोंक देंगे

फीफा विश्व कप फाइनल से पहले अर्जेंटीना के कप्तान लियोनेल मेस्सी ने कहा कि उनकी टीम स्पेन के खिलाफ खिताबी मुकाबले में जीत के लिए अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करेगी। मेस्सी ने कहा, हम अपना सब कुछ झोंक देंगे। उन्होंने भरोसा जताया कि पूरी टीम एकजुट होकर मैदान पर उतरेगी और विश्व कप खिताब बचाने के लिए पूरी ताकत लगा देगी।दबाव से जुड़े सवाल पर मेस्सी ने कहा कि बड़े मुकाबलों में मानसिक मजबूती सबसे अहम होती है। उन्होंने कहा, मैं कई बार कह चुका हूं कि कभी हार नहीं माननी चाहिए और अंत तक लड़ते रहना चाहिए। मेस्सी ने संकेत दिया कि उनकी टीम अंतिम क्षण तक संघर्ष करने में विश्वास रखती है।फाइनल से पहले आयोजित कार्यक्रम में मेस्सी ने प्रशंसकों का मुस्कुराकर अभिवादन किया। अब उनकी पूरी एकाग्रता स्पेन के खिलाफ होने वाले विश्व कप फाइनल पर है, जहां वह अर्जेंटीना को लगातार दूसरी बार विश्व चैंपियन बनाने के इरादे से मैदान में उतरेंगे।

# निर्णायक वनडे में रोहित पर रहेंगी निगाहें, लॉर्ड्स में भारत-इंग्लैंड की कड़ी टक्कर आज



### टीम में चोटिल सुंदर की जगह हर्ष दुबे शामिल

**लंदन :** भारत और इंग्लैंड के बीच तीन मैचों की एकदिवसीय श्रृंखला का निर्णायक मुकाबला रविवार को ऐतिहासिक लॉर्ड्स मैदान पर खेला जाएगा। सीरीज 1-1 की बराबरी पर होने के कारण दोनों टीमें जीत के इरादे से मैदान में उतरेंगी। इस मुकाबले में सबसे अधिक निगाहें भारतीय सलामी बल्लेबाज रोहित शर्मा पर रहेंगी, जिनके भविष्य को लेकर लगातार चर्चाएं हो रही हैं।हालांकि बीसीसीआई ने स्पष्ट किया है कि यह रोहित का आखिरी अंतरराष्ट्रीय मैच नहीं है, लेकिन पहले दो वनडे में बड़ी पारी नहीं खेलने के कारण वह आलोचकों को जवाब देने के लिए उत्सुक होंगे। बल्लेबाजों के अनुकूल मानी जाने वाली लॉर्ड्स की पिच पर उनसे तेज शुरुआत की उम्मीद रहेगी। शुरुआती ओवरों में उन्हें इंग्लैंड के तेज गेंदबाज जोफ्रा आर्चर की चुनौती का सामना करना होगा।कप्तान शुभमन गिल भी बड़ी पारी खेलना चाहेंगे, जबकि विराट कोहली शानदार फॉर्म में हैं। दूसरे वनडे में कोहली शतक की ओर बढ़ रहे थे, लेकिन आर्चर ने उन्हें आउट कर भारत की उम्मीदों को झटका दिया था। मध्यक्रम में श्रेयस अय्यर से एक बार फिर अहम भूमिका निभाने की उम्मीद होगी। गेंदबाजी में वॉशिंगटन सुंदर की चोट के कारण कुलदीप यादव को अंतिम एकादश में जगह मिल सकती है। वहीं अक्षर पटेल से हरफनमौला प्रदर्शन की उम्मीद रहेगी।इंग्लैंड की बल्लेबाजी की सबसे बड़ी ताकत जो रूट हैं, जो लगातार रन बना रहे हैं। उनके अलावा जोफ्रा आर्चर की तेज गेंदबाजी भारतीय बल्लेबाजों के लिए बड़ी चुनौती होगी। भारतीय गेंदबाजों को रूट पर अंकुश लगाना होगा, तभी टीम सीरीज अपने नाम करने में सफल हो सकेगी। मुकाबला भारतीय समयानुसार दोपहर 3:30 बजे शुरू होगा।

## रतनवेल भारत के 99वें ग्रैंडमास्टर बनें



**नयी दिल्ली :** कोयंबटूर के वी एस रतनवेल ने गुवाहाटी स्मार्ट सिटी इंटरनेशनल ओपन 2026 में 2500 ईएलओ रेटिंग का आंकड़ा पार कर देश के 99वें ग्रैंडमास्टर बनने का गौरव हासिल किया जिससे भारत शतरंज में अपने 100वें ग्रैंडमास्टर के ऐतिहासिक मुकाम से अब सिर्फ एक कदम दूर है। पच्चीस वर्षीय रतनवेल ने 2022 में ही ग्रैंडमास्टर बनने के लिए जरूरी तीनों नॉर्म पूरे कर लिए थे, लेकिन आवश्यक 2500 ईएलओ रेटिंग हासिल नहीं कर पाने के कारण उन्हें लगभग पांच साल तक इंतजार करना पड़ा। महज छह साल की उम्र से शतरंज खेलना शुरू करने वाले रतनवेल विश्व युवा अंडर-10 कांस्य पदक विजेता और कई वर्षों तक भारत के शीर्ष अंतरराष्ट्रीय मास्टरों में शामिल रहे हैं। रतनवेल ने 'पीटीआई' से कहा, ''मैं कई बार बहुत ग्रैंडमास्टर नॉर्म हासिल करने के करीब पहुंचा, लेकिन हर बार चूक गया। इससे काफी निराशा होती है क्योंकि शतरंज मानसिक खेल है और ऐसे में आप खुद पर ही संदेह करने लगते हैं। इसका प्रदर्शन पर भी असर पड़ता है। आखिरकार 2500 रेटिंग पार करना बेहद संतोषजनक है।''

## सोबर्स में वह सब कुछ था, जैसा हम बनने का सपना देखते थे : गावस्कर

नयी दिल्ली : भारत के पूर्व कप्तान सुनील गावस्कर ने कहा है कि सर गारफील्ड सोबर्स इस धरती पर महानतम क्रिकेटर थे और उनमें वह सब कुछ था जैसा एक बच्चे के रूप में बल्ला या गेंद उठाते हुए हम बनने का सपना देखते थे। क्रिकेट के इतिहास के महानतम हरफनमौला माने जाने वाले सोबर्स का शुक्रवार को बारबाडोस में 89 वर्ष की उम्र में निधन हो गया। वह 11 दिन बाद अपना 90वां जन्मदिन मनाने वाले थे। गावस्कर ने कहा, ''यह क्रिकेट के लिये सबसे दुखद दिन है। इस धरती के सबसे महान क्रिकेटर ने हमसे विदा ली। कोई भी शब्द क्रिकेटर सर गारफील्ड सोबर्स के बारे में बयां करने के लिये काफी नहीं है।''

## विश्व कप में 64 टीमें होने से भारत के लिए मौके बढ़ेंगे, लेकिन क्वालीफिकेशन की गारंटी नहीं: भूटिया



**नयी दिल्ली :** भारतीय फुटबॉल के दिग्गज बाइचुंग भूटिया का मानना है कि फीफा अगर पुरुष फुटबॉल विश्व कप में टीमों की संख्या 48 से बढ़ाकर 64 कर देता है तो भारत के लिए विश्व कप में जगह बनाने की संभावना बढ़ जाएगी। उन्होंने हालांकि इस बात पर चिंता जताई कि इससे टूर्नामेंट की गुणवत्ता और रोमांच प्रभावित हो सकता है। दक्षिण अमेरिकी फुटबॉल महासंघ (कॉनमेबोल) ने अप्रैल 2025 में 2030 विश्व कप में 64 टीमों को शामिल करने का प्रस्ताव रखा था। फीफा अध्यक्ष जियानी इन्फेंटिनो ने कहा है कि मौजूदा विश्व कप के बाद इस प्रस्ताव पर विचार किया जाएगा। रविवार को न्यूयॉर्क में अर्जेंटीना और स्पेन के बीच फाइनल खेला जाएगा। अगले विश्व कप (2030) की मेजबानी मुख्य रूप से स्पेन, पुर्तगाल और मोरक्को करेंगे जबकि टूर्नामेंट के 100 वर्ष पूरे होने के उपलक्ष्य में शुरुआती तीन मुकाबले अर्जेंटीना, उरुग्वे और पराग्वे में खेले जाएंगे। पहला विश्व कप 1930 में उरुग्वे में आयोजित हुआ था। भूटिया ने पीटीआई से विशेष बातचीत में कहा, ''भारतीय फुटबॉल प्रशंसक के नजरिए से देखें तो ज्यादा टीमों का शामिल होना स्वागतयोग्य कदम है। मैं यह नहीं कह रहा कि भारत निश्चित रूप से क्वालिफाई करेगा, लेकिन 48 की जगह 64 टीमें होने पर भारत के पास विश्व कप में जगह बनाने का बेहतर मौका होगा।''

## मीराबाई, लवलीना राष्ट्रमंडल खेलों के उद्घाटन समारोह में भारतीय ध्वजवाहक होंगी

**नयी दिल्ली :** ओलंपिक पदक विजेता मीराबाई चानू और लवलीना बोरगोहेन ग्लासगो में होने वाले राष्ट्रमंडल खेलों के उद्घाटन समारोह में भारत की ध्वज और बैटन वाहक होंगी। भारतीय ओलंपिक संघ (आईओए) ने शनिवार को यह घोषणा की। कम खिलाड़ियों वाले इस बहु-खेल आयोजन का उद्घाटन समारोह 23 जुलाई को आयोजित किया जाएगा। आईओए अध्यक्ष पीटी उषा ने एक बयान में कहा, ''यह गर्व का विषय है कि मीराबाई और लवलीना 'ओव-ीओ हाइड्रो' में यह जिम्मेदारी निभाएंगी। मैं दोनों खिलाड़ियों और पूरे भारतीय दल को शुभकामनाएं देती हूं।'' उन्होंने कहा, ''भारतीय टीम के उद्घाटन समारोह में दो महिला खिलाड़ियों को यह सम्मान मिलना गर्व की बात है। इससे खेलों के माहौल और दिशा की शुरुआत होगी। दोनों खिलाड़ियों ने अंतरराष्ट्रीय स्तर पर कई बार भारत का मान बढ़ाया है। वे इस समय ब्रिटेन में खेलों की तैयारी में पूरी मेहनत कर रही हैं।'' बत्तीस साल की होने जा रहीं मीराबाई चानू पिछले करीब एक दशक से भारत की प्रमुख भारोत्तोलक रही हैं। उन्होंने 2021 तोक्यो ओलंपिक में महिलाओं की 49 किलोग्राम भार वर्ग में रजत पदक जीता था। इसके बाद 2022 बर्मिंघम राष्ट्रमंडल खेलों में स्वर्ण पदक हासिल किया। पेरिस ओलंपिक (2024) में वह अपने पिछले प्रदर्शन को दोहरा नहीं सकीं, लेकिन ग्लासगो राष्ट्रमंडल खेलों में वह अब भी भारत के लिए पदक की सबसे बड़ी दावेदारी में शामिल हैं।

Affiliated to University of Calcutta

SAC

# SHREE AGRASAIN COLLEGE

*Student Friendly College*



COURSES OFFERED Four-Year / Three-Year Degree Courses ( Under CCF ) ( Self-Financed )

MORNING SHIFT (GIRLS ONLY)

**B.Com.**
- Four-year Honours Accounting & Finance

**B.A.**
- Four-year Honours
✓English ✓History✓Hindi
(Three-Year Course)

DAY SHIFT (CO-EDUCATION)

**B.Com.**
- Four-year Honours Accounting & Finance
- Three-Year Course

**B.Sc.**
- Computer Science
- Computer Application

**B.B.A.** (AICTE Approved)
- Four-year Honours

WHY CHOOSE US ? Fully Air-Conditioned Classrooms | Scholarships for Meritorious & Needy Students | Career-Oriented Add-On Courses | Placement Assistance | Modern Library & Auditorium

OUTDOOR SPORTS Cricket Football Badminton Volleyball Pickleball

5/2A Height Road, Liluah, Howrah - 711204
(Near Liluah Railway Station)

**DIRECT ADMISSION FOR 2026-27 IS GOING ON**

9804774641, 9830307369
033-26554916/17

*Visit Official Website*

www.shreeagrasaincollege.net

राम ✥ राम ✥ राम ✥ राम ✥ राम ✥ राम ✥ राम ✥ राम ✥ राम ✥ राम ✥ राम

CHALTABAGAN PUJO

84वां वर्ष

# मानिकतल्ला चलता बगान लोहापट्टी दुर्गा पूजा

## भूमि एवं ठाकुर काटामो पूजा



प्रतिमा-2025









दुर्गा पूजा स्थल पर आयोजित भूमि एवं ठाकुर काटामो पूजा के अवसर पर उपस्थित
जोड़ासांको विधायक श्री विजय ओझा, पूर्व डिप्टी मेयर एवं पार्षद श्रीमती मीना देवी पुरोहित, पार्षद श्री संतोष पाठक,
पूजा कमिटी अध्यक्ष श्री अशोक जायसवाल, उप सभापति श्री राजेश बिहानी एवं सचिव श्री राजेश जायसवाल



संदीप भूतोड़िया
चेयरमैन



शिशिर बाजोरिया
अध्यक्ष, उद्घाटन समारोह समिति

राम ✥ राम ✥ राम ✥ राम ✥ राम ✥ राम ✥ राम ✥ राम ✥ राम ✥ राम ✥ राम

वर्ष 11, पूर्णांक 3657 अंक 123 RNI No WBHIN/2016/66788, सर्वांग प्रकाशन के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक सरोज राय द्वारा रजि. 17, बालमुकुन्द मक्कर रोड, 2सरा तल्ला, कोलकाता-700 007 से प्रकाशित। एल. एस. पब्लिकेशन्स प्रा. लि. 4, कैनल वेस्ट रोड, कोलकाता-700 015 से मुद्रित।
सम्पादक- अनिल कुमार राय (पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए उत्तरदायी), कॉर्पोरेट आफिस : 230, चित्तरंजन एवेन्यू, कोलकाता-700 006, विज्ञापन एवं प्रसार-9874555256/7044444522, ई-मेल news@samagya.in